राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एवं अयोध्या, प्रयागराज, मिर्जापुर, गोरखपुर, बरेली, बुंदेलखंड, उत्तराखंड, देहरादून

लखनऊ, शनिवार, 19 जुलाई 2025
वर्ष 06, अंक 285, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, झारखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश, असम, तेलंगाना आदि जनपदों में प्रसारित

सद्साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है- उमानंद शर्मा...03

तस्करीः नेपाल बॉर्डर से आई अफीम, चरस की भी खेप पकडी...12

## गरीब दुकानदारो की गुहार रोजी ना छीनो सरकार...

● अतिक्रमण के नाम पर पुलिस ने हटाये फलो व खमोचे के ठेले, गरीब दुकानदारो में आक्रोश

**मोहनलालगंज कस्बे में बीते एक दशक से फलो का ठेला लगा रहे तीन दर्जन दुकानदारो के आगे आया रोटी का सकंट, फल लगाकर उससे होने वाली कमाई से परिवार के लिये दो जून की रोटी का इन्तजाम**

**दुकानदारो ने कहा सीएम समेत शासन प्रशासन के उच्चाधिकारियो को पत्र लिखकर ठेले लगवाये जाने की लगायेगे गुहार**



राहुल तिवारी

**लखनऊ।** मोहनलालगंज कस्बे के गोसाईगंज मार्ग की दोनो पटरियो से अतिक्रमण हटाने के नाम पर पुलिस ने शुक्रवार तीन दर्जन के करीब फल व खमोचे के ठेले हटवा दिये।जिससे गरीब दुकानदारो के आगे रोटी का सकंट आ गया।जिसके बाद दर्जनो की संख्या में गरीब दुकानदारो ने एसीपी व इंस्पेक्टर से मिलकर परिवार के लिये दो जून की रोटी जुटाने के लिये ठेले लगवाये जाने के लिये वैकल्पिक जगह की व्यवस्था किये जाने की मांग की।एसीपी ने दुकानदारो को नगर पंचायत के अधिकारियो से वार्ता कर ठेले लगवाये जाने के लिये जगह चिन्हित कराये जाने की बात कही। मोहनलालगंज निवासी श्रवणकुमार, सलमान, आसिफ, आजम, राकेश रवि, दीपक, बेचालाल, अमित, लल्लन, विनोद, सनी, एजाज, ओम प्रकाश, श्रवण कुमार, संजू, नीरज, इरफान ने बताया बीते एक दशक से अधिक समय से अपने परिवारो के जीवन यापन के लिये मोहनलालगंज कस्बे में पहले हाइवे के किनारे पटरी पर फलो व खमोचे के ठेले लगाते थे लेकिन कुछ साल पहले पुलिस ने उनके ठेले गोसाईगंज मार्ग के किनारे खाली पड़ी पटरियो पर लगवा दिये थे।तव से उक्त जगहो पर ठेले लगा रहे थे.शुक्रवार की सुबह फलो व खमोचे के ठेले लगाये थे तभी स्थानीय चौकी पुलिस ने अतिक्रमण हटाने की बात कहते हुये ठेले लगाये जाने के लिये बिना कोई वैकल्पिक जगह की व्यवस्था किये बिना फलो से भरे ठेले हटवा दिये??।जिसको लेकर गरीब दुकानदारो ने आक्रोश जताते हुये एसीपी रजनीश वर्मा व इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह से मिलकर ठेले लगवाये जाने के लिये वैकल्पिक जगह की व्यवस्था किये जाने की मांग की तो अधिकारियो ने नगर पंचायत अधिकारियो से वार्ता कर ठेले लगवाये जाने के लिये वैकल्पिक जगह की व्यवस्था किये जाने की बात कहकर चलता कर दिया।

**रोजी ना छीनो सरकार....कैसे चलेगा परिवार..**

बीते एक दशक से फलो व खमोचे के ठेले लगाकर परिवार के लिये दो जून की रोटी जुटाने वाले गरीब दुकानदारो के ठेले पुलिस ने हटाये तो सभी भावुक हो गये ओर बोले रोजी ना छिनो सरकार.....कैसे चलेगा परिवार लेकिन पुलिस को गरीब दुकानदारो पर दया नही आयी ओर ठेले हटवाकर दोबारा ना लगाने की हिदायत भी दी।गरीब दुकानदारो ने सीएम समेत डीएम व पुलिस अधिकारियो को पत्र लिखकर रोजी के लिये दोबारा से ठेले लगवाये जाने की गुहार लगायेगे।

**ठेले हटे लेकिन अवैध वाहनो की पार्किंग से नही मिली निजात..**

गरीब दुकानदारो ने आरोप लगाते हुये पुलिस ने भले गोसाईगंज मार्ग पर जाम लगने की बात कहते हुये उनके फलो व खमोचे के ठेले हटवा दिये लेकिन कुछ देर बाद ही उक्त जगहो पर अवैध रूप से कार व बाइके पार्क हो गयी।यही नही कुछ रसूखदारो ने सड़क पर ही अपनी कारे खड़ी कर तहसील व रजिस्ट्री आफिस चले गये।उन्हे हटाने की जहमत पुलिस नही उठा पाई।

वर्जन....रजनीश वर्मा एसीपी, मोहनलालगंज- मोहनलालगंज कस्बे को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिये गोसाईगंज मार्ग के किनारे लगने वाले फलो व खमोचे के ठेले हटवाये गये है नगर पंचायत की ईओ व चेयरमैन से वार्ता कर ठेले लगवाये जाने के लिये जगह चिन्हित करायी जायेगी।

## पहलगाम हमले की जिम्मेदारी लेने वाले पाकिस्तान समर्थित TRF पर एक्शन

● अमेरिका ने घोषित किया आतंकवादी संगठन।

**प्रयागराज।** पाकिस्तान समर्थित 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (TRF) को अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। यह फैसला अमेरिका की ओर से उस समय आया है जब भारत जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले की पीड़ा से उबर रहा है। इस हमले में 26 निर्दोष नागरिक मारे गए थे और इसकी जिम्मेदारी खुले तौर पर टीआरएफ ने ली थी।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एक एक बयान में कहा, "टीआरएफ लश्कर-ए-तैयबा का ही एक नया चेहरा है। यह संगठन भारत में नागरिकों को निशाना बनाकर भय का वातावरण फैलाने का प्रयास कर रहा है। इसे विदेशी आतंकवादी संगठन (FTO) और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी (SDGT) की सूची में शामिल किया गया है।"

बयान में आगे कहा गया, "22 अप्रैल, 2025 को हुआ पहलगाम हमला 2008 के मुंबई हमले के बाद भारत में लश्कर का सबसे बड़ा और घातक हमला था। यह फैसला अमेरिका की ओर से पीड़ितों के लिए न्याय और आतंक के खिलाफ वैश्विक एकजुटता का प्रतीक है।" इस फैसले को भारत के लिए एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक जीत के तौर पर देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने वाशिंगटन में हुई क्वाड बैठक के दौरान यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। इसके साथ ही



कांग्रेस नेता शशि थरूर के नेतृत्व में एक सर्वदलीय भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिकी सांसदों से मुलाकात कर टीआरएफ की गतिविधियों और उसके खतरनाक नेटवर्क पर जानकारी साझा की थी। टीआरएफ एक गुप्त आतंकी संगठन है जो जम्मू-कश्मीर में हाइब्रिड आतंकवाद की नई रणनीति पर काम करता है। यह ऐसे स्थानीय युवाओं की भर्ती करता है जो सामान्य नागरिकों की तरह दिखते हैं, लेकिन अंदर ही अंदर आतंकी मिशनों में शामिल होते हैं। भारत सरकार पहले ही 5 जनवरी, 2023 को टीआरएफ को गैरकानूनी संगठन घोषित कर चुकी है।

## सर्जरी के बाद 22 साल की युवती की मौत, वजह बताई कोविड, पोस्टमार्टम में गायब मिली किडनी

● हाई कोर्ट ने दिया जांच का आदेश।

पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने लुधियाना के एचएमसी अस्पताल में एक युवती की संदिग्ध मौत और उसके शरीर से बाई किडनी गायब होने के मामले में लुधियाना के पुलिस कमिश्नर को जांच के आदेश दिए हैं। यह मामला 22 वर्षीय तान्या शर्मा की मौत से जुड़ा है। तान्या को 1 जून 2021 को सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान हालत बिगड़ती गई और 16 जून 2021 को उनकी मौत हो गई। हालांकि, मेडिकल रिपोर्ट में मौत का कारण कोविड संक्रमण के चलते कार्डियक अरेस्ट बताया गया। तान्या की मौत के बाद उनके परिजनों को शक हुआ। तान्या के पिता मंगत राम शर्मा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद तान्या के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। पोस्टमार्टम के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि तान्या की बाई किडनी गायब है।

इस मामले की सुनवाई के दौरान पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति कुलदीप तिवारी ने कहा कि कि प्रथम दृष्ट्या कोर्ट का मानना है कि मेडिकल रिपोर्ट मृतका की गायब किडनी जैसे महत्वपूर्ण पहलू पर पूरी तरह चुप है। साथ ही कोई ऐसा दस्तावेज भी नहीं है जिससे यह लगे कि इस गंभीर मुद्दे पर किसी विशेषज्ञ की राय ली गई हो। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि गायब किडनी का रहस्य अब भी अनसुलझा है। इस मामले में किसी आपराधिक षड्यंत्र की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने लुधियाना के अस्पताल में युवती की मौत के मामले में जांच के आदेश दिए हैं। युवती का नाम तान्या शर्मा था। इलाज के दौरान उसकी हालत बिगड़ी और मौत हो गई। पोस्टमार्टम में पता चला कि उसकी एक किडनी गायब है। कोर्ट ने पुलिस कमिश्नर को स्वतंत्र जांच करने के लिए कहा है।

तान्या शर्मा का इलाज डॉ. व्योम भार्गव (स्पाइन और ब्रेन सर्जन) और अन्य डॉक्टरों की टीम ने किया था। उन्हें दो बार ऑपरेशन किया गया, लेकिन हालत सुधरने की बजाय बिगड़ती रही। कोर्ट ने निर्देश दिए हैं




कि लुधियाना पुलिस कमिश्नर इस पूरे मामले की स्वतंत्र जांच करें और आवश्यकता पड़ने पर विशेष जांच टीम (SIT) गठित करें और विषय विशेषज्ञों की मदद लें। मामले की अगली सुनवाई 30 सितंबर को होगी। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि डॉक्टरों की लापरवाही साबित होती है, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### महिला ने ससुर को पीटने का लगाया आरोप

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे तिवारी मजरे ऐहार की रहने वाली माधुरी ने गांव की ही एक व्यक्ति पर उसके ससुर के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आरोपी आए दिन दारू के नशे में गाली गलौज करता है। बृहस्पतिवार की दोपहर को आरोपी उसके ससुर शंकर को गाली दे रहा था। महिला ने मना किया तो आरोपी ने उसके ससुर की जमकर पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी के परिवार की एक महिला उसके पति को किसी केस में फंसा देने की धमकी देती है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। तहरीर मिलेगी तो जरूर कार्रवाई होगी।

### डाक कावड़ लेने शिव भक्त हरिद्वार को हुए रवाना



**बरेली/**विकासखंड भदपुरा की ग्राम पंचायत नवादा इमामाबाद से शिव भक्तों का एक दल गांव से हरिद्वार के लिए रवाना हुआ इसमें 31 लोग सम्मिलित हुए यह दल हरिद्वार से गंगाजल आकर 21 जुलाई को गांव के शिव मंदिर पर जल अभिषेक करेंगे इन शिव भक्तों को समाज सेवइयां ने अंग वस्त्र भेंट कर रवाना किया इसमें छविराम गंगवार नरेंद्र कश्यप निखिल गौतम भूपेंद्र राठौर लालता प्रसाद कश्यप निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष बरेली पुष्पाल कश्यप जिला सचिव शाहिद अली जिला सचिव बरेली मुकेश कश्यप सूरत से निषाद पार्टी आदि के कार्यकर्ता उपस्थित हुए इन सभी ने कावड़ यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं को अंग वस्त्र भेंट कर विदा किया शिव भक्त डाक कावड़ लेने के लिए गांव से हरिद्वार गए हैं सोमवार को लौटकर शिव मंदिर में जल अभिषेक करेंगे।

## मोहनलालगंज में अवैध प्लॉटिंग पर प्रशासन का बुलडोजर

● ......40 लाख की सरकारी जमीन पर चला अभियान, भूमाफियाओं के खिलाफ सख्त संदेश।









**लखनऊ** लखनऊ के मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के मऊ गांव में सरकारी जमीन पर अवैध रूप से की जा रही प्लॉटिंग के विरुद्ध प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए कार्रवाई की। नायब तहसीलदार शैलजा मिश्रा की मौजूदगी में गठित राजस्व टीम एवं नगर पंचायत मोहनलालगंज की संयुक्त टीम द्वारा इस अभियान को अंजाम दिया गया। गाटा संख्या 1595 ऊसर भूमि रकबा 0.031 हेक्टेयर एवं गाटा संख्या 672 तालाब की भूमि के आंशिक भाग 0.126 हेक्टेयर पर कुछ भूमाफियाओं द्वारा अवैध रूप से प्लॉटिंग की जा रही थी। इस बात की सूचना मिलते ही प्रशासन सक्रिय हुआ और जेसीबी मशीन की मदद से मौके पर की गई प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया गया।

इस दौरान लेखपाल सुशील गुप्ता, अन्य सहयोगी लेखपाल तथा राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही। कार्यवाही के बाद संबंधित भूमि पर प्रशासन द्वारा "रकारी भूमि अतिक्रमण निषेध" के बोर्ड लगवाकर जमीन को चिह्नित कर दिया गया। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, जिस भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है, उसका बाजारू मूल्य लगभग 40 लाख रुपये आंका गया है। यह कार्रवाई न केवल भूमाफियाओं के खिलाफ सख्त संदेश है, बल्कि आने वाले समय में ऐसी अन्य अवैध गतिविधियों पर भी लगाम कसने का संकेत देती है।

इस पूरी कार्यवाही के दौरान नगर पंचायत अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, कानूनगो तथा स्थानीय पुलिस बल भी सक्रिय रूप से मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी संपत्तियों पर कब्जा करने या अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्यवाही जारी रहेगी। इस प्रभावशाली कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है, वहीं स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की तत्परता की सराहना की है।

## 7 करोड़ के घोटाले में असिस्टेंट इंजीनियर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात




**प्रयागराज ।** आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने राजकीय निर्माण निगम के असिस्टेंट इंजीनियर को 7 करोड़ रुपये गबन के आरोप में गिरफ्तार किया है. टीम ने उन्हें लखनऊ कार्यालय से गिरफ्तार किया है.उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के अवर अभियन्ता सिविल जितेन्द्र सिंह को लखनऊ के निशातगंज स्थित कार्यालय से आर्थिक अपराध शाखा (EOW) की टीम ने गिरफ्तार किया है. साथ ही उनके खिलाप कार्रवाई शुरू कर दी है. उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के अवर अभियन्ता सिविल जितेन्द्र सिंह को लखनऊ के निशातगंज स्थित कार्यालय से आर्थिक अपराध शाखा (EOW) की टीम ने गिरफ्तार किया है. साथ ही उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है. पर्यटन विकास की योजनाओं के नाम पर हुए करीब 7 करोड़ के शासकीय घोटाले में राजकीय निर्माण निगम के उप अभियंता वांछित था।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2012-13 में गाजीपुर ज़िलें के भदौरा ब्लाक स्थित 5 स्थलों परेमन शाह का तालाब, सेवराई चीरा का पोखरा, मॉ कामाख्याधाम गहमर, देवकली स्थल एवं कीनाराम स्थल, देवल, शामिल है, उनका पर्यटन विकास और सौन्दर्यीकरण योजनाओं हेतु चयन किया गया था

शासन द्वारा उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम यूनिट वाराणसी इकाई को कार्यदायी संस्था नियुक्त किया गया था. कार्यदायी संस्था के अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेकेदारों के द्वारा इन स्थलों का कार्य अपूर्ण रखा गया और मानक के अनुरूप कार्य नहीं किया गया. जानकारी के अनुसार इससे सरकार को लगभग 07 करोड़ की शासकीय धन की क्षति हुई।

मामले में जॉइंट डायरेक्टर पर्यटन वाराणसी अविनाश चंद्र मिश्रा द्वारा गाजीपुर जिले के थाना गहमर पर कार्यदायी संस्था एवं ठेकेदारों के विरूद्ध शासकीय धन गबन किये जाने का अभियोग पंजीकृत कराया गया था. कुल 26 अभियुक्तों इसमें शामिल थे जिसमें जितेंद्र सिंह अभियुक्त भी वांछित था।अभियुक्त के द्वारा कुल 32 अग्रिम भुगतान विभिन्न फर्मो को विभिन्न तिथियों में कुल धनराशि 2,41,07,499 रूपए (02 करोड़ 41 लाख 07 हजार, 499 रूपए) का किया गया है. इस प्रकरण में अब तक 14 अभियुक्तों के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया जा चुका है।

## मुख्य विकास अधिकारी ने "जल सुरक्षित तो कल सुरक्षितः पर प्रभातफेरी को किया रवाना

स्वतंत्र प्रभात




**प्रयागराज।** भूगर्भ जल के महत्व के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से दिनांक 16 जुलाई से 22 जुलाई-2025 के मध्य भूजल सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 16-07-2025 को भूजल सप्ताह के शुभारंभ पर श्जल सुरक्षित तो कल सुरक्षितश् विषय बिन्दु पर केन्द्रित प्रभात-फेरी भूगर्भ जल विभाग एवं लघु सिंचाई विभाग के तत्वाधान में चन्द्रशेखर आज़ाद पार्क (कम्पनी बाग) से मुख्य विकास अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना की गयी जो हिन्दु हास्टल, मनमोहन पार्क, लक्ष्मी चौराहा होते हुए विकास भवन में समाप्त हुयी जिसमें भूगर्भ जल विभाग, लघु सिंचाई विभाग के कार्मिकों के अतिरिक्त राजकीय इण्टर कालेज के अध्यापक एवं छात्र तथा विभिन्न विभाग के कार्मिकों एवं स्वयं सेवी संगठनों ने प्रतिभाग किया। भूजल संरक्षण को प्रोत्साहन प्रदान करने हेतु भूगर्भ जल विभाग द्वारा विकास भवन में स्थापित करायी गयी सेल्फी प्वांइट पर प्रतिभागियों द्वारा सेल्फी ली गयी तथा हस्ताक्षर बोर्ड पर हस्ताक्षर किये गये।

भूजल संरक्षण हेतु रविशंकर पटेल, हाइड्रोलाजिस्ट, कुमार गौरव, सहायक अभियन्ता एवं अविरल सिंह, हाइड्रोलाजिस्ट द्वारा शपथ दिलायी गयी। सार्वजनिक स्थलों पर भूजल संरक्षण हेतु जनमानस में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जल संरक्षण एवं संचयन से सम्बन्धित जानकारी दी गयी तथा पम्फ्लेट, इत्यादि का वितरण किया गया। भूजल सप्ताह 16 से 22 जुलाई तक विभिन्न विभागों/संस्थानों द्वारा जल संरक्षण हेतु विशेष प्रयास एवं जनमानस के जल संरक्षण हेतु जागरूक करने पर बल दिया जायेगा।

## कोटेदारों अपनी समस्याओं को लेकर लखनऊ में घेराव कर किया प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर!** आल इण्डियन फेयर प्राइज़ शॉप डीलर्स एशोसिएशन के बैनर तले उत्तर प्रदेश के 80000 (अस्सी हजार) कोटेदारों के समस्याओं व मांगों के संदर्भ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से संगठन के प्रतिनिधि मण्डल को निराकरण हेतु समय दिलाये जाने के सम्बन्ध में प्रदेश के उचित दर राशन कोटेदारों के संगठन ऑल इण्डिया फेसर प्राइस शॉप डीलर फेडरेशन उ0प्र0 इकाई प्रदेश महासचिव अशोक कुमार सिंह,गिरीश तिवारी कार्यकारी अध्यक्ष, राजेश तिवारी प्रदेश अध्यक्ष के नृतत्व में लखनऊ में कोटेदारों की समस्याओं के निराकरण हेतु मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराना चाहता है। संगठन सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना चाहता है। प्रदेश के समस्त 80000 कोटेदार परिवार पूर्व के चुनाव की भांति इस बार 2027 के चुनाव में भी तन-मन से आपका सहयोग करेंगे।आशा ही नहीं वरन पूर्ण विश्वास है कि आप द्वारा प्रदेश के 80000 कोटेदारों के संगठन के प्रतिनिधि मण्डल से मिलने का



समय प्रदान करवाने की कृपा करेंगे एवं हमें पत्र अथवा दूरभाष के माध्यम से अवगत कराने की कृपा करें। उ0प्र0 के कोटेदारों की निम्न समस्यायें है।1. वर्तमान में फोन से फीडबैक लिया जा रहा है जिसमें कोटेदारों के विरोधियों के पास फोन जाने पर उल्टा-सीधा जवाब दिया जा रहा है व ऐसा व्यक्ति फोन उठाता है जो राशन लेने गया ही नहीं था, जिसमें उसको पूर्ण जानकारी नहीं रहती है। वह भी ठीक जवाब नहीं दे पाता है, जिसके आधार पर अनायास जांच होती है, जिससे शोषण बढ़ता है।

सरकार किसी भी एक विभाग से जांच कराये। कई विभाग से जांच कराने पर शोषण बढ़ता है।2. उ0प्र0 के कोटेदारों का लाभांश खाद्यान्न पर 90/- रुपये कुन्तल व चीनी पर 70/- रुपये कुन्तल, ही मिलता है, जबकि अन्य प्रदेशों में जैसे हरियाणा, 200/- रुपये कुन्तल, गोवा में 200/- रुपये कुन्तल, दिल्ली में 200/- रुपये कुन्तल, गुजरात में 20000/- रुपये मिनिमम गास्टी दिया जा रहा है।

उ0प्र0 के कोटेदारों को अन्य प्रदेश की भांति दिया जाये।शासनादेशानुसार डोर स्टेप डिलीवरी गुणवत्तायुक्त खाद्यान्न कोटे के दुकान पर पहुंचाकर दिया जाये। 3.पूर्व का सभी बकाया भुगतान किया जाये।5. कोटेदारों द्वारा वितरण ऑन लाइन किया जा रहा है, जबकि सत्यापन अधिकारी, वितरण अधिकारी व वितरण प्रमाण-पत्र व स्टॉक रजिस्टर बंद किया जाय राज्य सरकार द्वारा पेपर लेस का आदेश दिया जाये।6. स्वयं सहायता समूह के दुकान संचालन के सभी जिम्मेदारी होती है, संचालक द्वारा भाड़ा, बिजली बिल, मजदूरी भी दी जाती है। कमीशन का पैसा संचालक के खाते में दिया जाये। 7.एम0डी0एम0 और आई0सी0डी0एस0 के खाद्यान्न पर भी एन0एफ0एस0ए0 खाद्यान्न की भांति कमीशन प्रदान करे।शासन से निवेदन है कि समस्त उचित बिन्दुओं पर विचार करते हुये निस्तारण करने की कृपा करें। अन्यथा की स्थिति में अगस्त माह का वितरण प्रथम तीन दिन रोक दिया जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन/प्रशासन की होगी।इस मौके पर प्रदेश महासचिव अशोक कुमार सिंह सीतापुर,

राजेश तिवारी जौनपुर,गिरीश तिवारी बनारस,राघवेंद्र मणि गोरखपुर,संतोष सिंह अमेठी सहित तमाम कोटेदार बंधु उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला कारागार में विधिक साक्षरता शिविर एवं निरीक्षण सम्पन्न



**अम्बेडकरनगर** - उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बेडकरनगर द्वारा शुक्रवार को जिला कारागार में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के आदेशानुसार अपर जिला जज/सचिव भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता ने कारागार का निरीक्षण कर बन्दियों से मुलाकात की और उन्हें नये कानूनों के बारे में जानकारी दी।श्री गुप्ता ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जेल प्रशासन को बीएनएस की धारा 479 के अंतर्गत विचाराधीन बन्दियों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि जमानतदार के अभाव में जेल में बंद कैदियों की रिहाई में मदद की जा सके। निरीक्षण में जेलर आलोक सिंह, डिप्टी जेलर सूर्यभान सरोज, तेजवीर सिंह समेत जेलकर्मी और पीएलवी मौजूद रहे।अपर जिला जज ने बन्दियों को राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान (01 जुलाई से 30 सितम्बर) और आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत (13 सितम्बर) की जानकारी भी दी और कहा कि कोई भी बन्दी निःशुल्क विधिक सहायता हेतु प्रार्थना पत्र भेज सकता है। उन्होंने भोजन, स्वास्थ्य और जेल परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

### घर में घुसकर सामूहिक बलात्कार करने वाले 02 युवकों को न्यायालय ने 20-20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई



**बलरामपुर** – तहरीरी सूचना के आधार पर दीपू उर्फ दीपक मौर्या पुत्र शिव प्रसाद मौर्या व विशाल उर्फ साजन पुत्र मंशाराम निवासी लालाजोत विशुनपुर खैरहनिया थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर द्वारा वादिनी के साथ दुष्कर्म करने व धमकी देने की घटना कारित करने के सम्बन्ध में थाना तुलसीपुर पर पॉक्सो एक्ट अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया। अभियोग की विवेचना क्षेत्राधिकारी शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी द्वारा की गयी व आरोप पत्र मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया। मा0 न्यायालय में दौराने विचारण थाना तुलसीपुर पुलिस के द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणाम स्वरूप मा0 न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट बलरामपुर द्वारा अभियुक्त दीपू उर्फ दीपक उपरोक्त को धारा 376 d, 452 भा0द0वि0 के अपराध में 20 वर्ष के सश्रम कारावास व 12000 रु0 अर्थदण्ड की सजा व अभियुक्त विशाल उर्फ साजन उपरोक्त को धारा 376 स्र भा0द0वि0 अपराध में 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 10,000रु का अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

### डीएम ने निर्माण सामग्री एवं कास्टिंग क्यूब की क्षमता का लैब में परीक्षण करा परखी गुणवत्ता



**डीएम ने निर्माणधीन परियोजना पर श्रमिकों के पास सेफ्टी शूज , हेलमेट आदि न होने पर जताई नाराजगी , सभी को सेफ्टी सामग्री प्रदान किए जाने के दिए निर्देश**

**बलरामपुर**- डीएम पवन अग्रवाल द्वारा निर्माणाधीन मा0 पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने एकेडमिक ब्लॉक एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बॉयज हॉस्टल आदि ब्लॉक का जायजा लिया एवं निर्माण सामग्री सरिया, सीमेंट आदि की गुणवत्ता परखी। उन्होंने ब्लॉक के छत की कास्टिंग कार्य का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि कार्य में तेजी लाए एवं सभी ब्लॉक में अलग अलग टीम लगाकर कार्य तीव्र गति से पूर्ण किया जाए। उन्होंने साइट पर कार्य कर रहे श्रमिकों के बिना हेलमेट, सेफ्टी शूज के पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की एवं साइट इंजीनियर सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी भवन खंड को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि साइट पर सभी निर्माण श्रमिकों को सेफ्टी सामग्री प्रदान किए जाए। इस दौरान उन्होंने लैब में कास्टिंग क्यूब का क्षमता का परीक्षण कराया। उन्होंने कहा कि मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय सरकार की विशेष प्राथमिकता में शामिल है , समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण किया जाए।इस दौरान अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी भवन खंड , जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी व अन्य संबंधित /अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## अन्तरर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंगदल ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा पर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा चलाने की मांग

**●अन्तरर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंगदल ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापनजलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा पर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा चलाने की मांग**



**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिले के विश्व हिंदू परिषद द्वारा जिलाधिकारी को राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन दिया अन्तरर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद और राष्ट्रीय बजरंगदल द्वारा अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष स्नेह पाण्डेय, राष्ट्रीय बजरंगदल जिलाध्यक्ष मनमोहन त्रिपाठी, जिला संरक्षक प्रमोद पाण्डेय के नेतृत्व में जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भेजा गया। मांग किया कि बलरामपुर के अन्तरर्राष्ट्रीय मास्टर माइंड जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उनकी सहायिका नसरीन को कठोर फांसी के स्तर तक सजा दिलायी जाय। ज्ञापन देने के बाद अन्तरर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद और राष्ट्रीय बजरंगदल के पदाधिकारियों ने कहा कि हिन्दू की बहन बेटियों के धर्मांतरण सहित विभिन्न राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में सम्मिलित मुख्य आरोपी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा ने हिंदू जनमानस की आस्था के साथ खिलवाड़ किया।

हिंदू सम्प्रदाय की बहन बेटियों के साथ अत्याचार तथा उनका शारीरिक शोषण किया गया है। ऐसे देश विरोधी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा का नेटवर्क भारत के अलावा अन्य कई देशों में भी है जो हिंदू परिवार की बहन बेटियों के धर्मांतरण का कार्य करने में लिप्त हैं। इन लोगों ने लवजिहाद की बिग्रेड तैयार कर उसमें मुस्लिम युवकों को शामिल करके हिंदू लड़कियों को टारगेट बनाया जा रहा है ऐसे देशद्रोही अपराधी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उनकी सहायिका नसरीन एवं उसके सभी गुर्गों पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कराया जाय। इसके साथ ही सभी प्रकरणों की एसआईटी से जांच कराया जाय। ज्ञापन देने वालों में रवीन्द्र कश्यप, वशिष्ठ मुनि, अजय मिश्रा, अनिल प्रजापति, धर्मेन्द्र कन्नौजिया, विनोद निषाद, राष्ट्रीय महिला परिषद की वंदना, गीता देवी, प्रभावती देवी, मालती देवी, चंद्रावती देवी, फूलमती, अनामिका, रीना देवी, गीता रानी के साथ ही अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

## बाबा भयहरण नाथ धाम में घुघुरी लोक उत्सव का भव्य आयोजन 29 जुलाई को

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरण नाथ धाम में सावन मेला का भव्य आयोजन जिला प्रशासन व पुलिस विभाग के मार्गदर्शन में नगर पंचायत, थाना जेठवारा व प्रबन्ध समिति के संयुक्त प्रयास से सुव्यवस्था के साथ सभी परम्परा गत गतिविधियां जारी है। गत वर्षों की भांति नागपंचमी के अवसर पर घुघुरी लोक उत्सव का भव्य आयोजन 29 जुलाई दिन मंगलवार को होगा। भयहरण नाथ धाम के महासचिव समाज शेखर के संयोजन में सावन के परम्परागत स्थानीय व राष्ट्रीय आयोजन होंगे। शासन की जनोपयोगी नीतियों के प्रति जन जागरूकता पैदा की जायेगी। साथ ही दो किमी दौड़ प्रतियोगिता, गुड्डा-गुड़िया तथा फुल झड़ी प्रतियोगिता का आयोजन गत वर्षों की भांति होगा। इस अवसर पर नामी लोक कलाकार, कवि व गायको को आयोजन समिति द्वारा आमंत्रित किया जा रहा है।

## शिक्षकों पर दर्ज मुकदमा वापस करने की मांग: डीएम, एसपी को सौंपा ज्ञापन


**●छात्र की मौत के बाद दर्ज हुआ था मुकदमा वापस से लेने का विज्ञापन दिया**



**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिले में शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल और बनकटी ब्लाक अध्यक्ष अभय सिंह यादव के नेतृत्व में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सौंपा। मांग किया कि बनकटी विकास खण्ड के संविलियन विद्यालय बोदवल के प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश विश्वकर्मा सहित सभी शिक्षकों, शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों के विरूद्ध दर्ज कराये गये मुकदमें को वापस लिया जाय। डीएम को ज्ञापन देने के बाद संघ अध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने बताया कि गत 14 जुलाई को बोदवल विद्यालय के कक्षा 8 के छात्र अमित कुमार प्रजापति की मौत हो गई। इस मामले में शिक्षक और विद्यालय परिवार के लोग पूरी तरह से निर्दोष है। मांग किया कि अमित कुमार के परिजनों को 50 लाख रूपये का मुआवजा दिलाया जाय। बताया कि अमित कुमार प्रजापति की मां माया देवी स्वयं बोदवल विद्यालय में रसोइयां है और उस समय मौजूद भी थी। डीएम और एसपी ने शिक्षकों के प्रतिनिधि मण्डल को निष्पक्ष जांच और सहयोग का आश्वासन दिया है। यह जानकारी देते हुये संघ के जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ल ने बताया कि ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से मारूफ खान, मंजेश राजभर, नवीन चौधरी, रवि प्रताप सिंह, चन्द्रशेखर शर्मा आदि शामिल रहे।

### सीएमओ की गिरफ्तारी के लिए न्यायालय ने जारी किया वारंट



**अम्बेडकरनगर**- जनपद अम्बेडकरनगर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO) के खिलाफ बड़ी कार्रवाई का आदेश सामने आया है। लीलावती बनाम सीएमओ वाद संख्या 4/23 धारा 72 में सीएमओ के बार-बार तलब करने के बावजूद न्यायालय में उपस्थित न होने पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट (HJS) ने गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है।अकबरपुर कोतवाली पुलिस को निर्देशित किया गया है कि वह सीएमओ को गिरफ्तार कर नियमानुसार न्यायालय में पेश करें। न्यायालय ने साफ निर्देश दिया है कि वारंट का पालन सुनिश्चित करते हुए सीएमओ को अविलंब न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाए।इस आदेश के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

## बस्ती में दलित छात्र और परिवार पर हमला के मामले में तीन दबंग गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात**



**बस्ती।** बस्ती जिले के कलवारी थाना क्षेत्र के ग्राम दुबौली रामचरणपुर में एक दलित छात्र और उसके परिवार पर दबंगों के हमले की दिल दहलाने वाली घटना ने कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्कूल ड्रेस में घर लौट रहे नाबालिग दलित छात्र को 10-15 दबंगों ने घेरकर बेरहमी से पीटा, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। रात में दबंगों ने पीड़ित के घर पर धावा बोलकर परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। इस घटना ने स्थानीय लोगों और सोशल मीडिया पर भारी आक्रोश पैदा किया, जहां पुलिस पर दबंगों को संरक्षण देने का लोगो ने आरोप लगाया। सूत्रों की माने तो पीड़ित परिवार ने डायल 112 पर मदद मांगी, लेकिन पुलिस ने शुरुआत में मामले को गंभीरता से लेने के बजाय शांति भंग के आरोप में चालान कर दिया। सोशल मीडिया वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें दबंगों द्वारा जातिसूचक गालियों और जान से मारने की धमकी दिया गया है। आखिरकार, 17 जुलाई 2025 को कलवारी पुलिस ने तीन आरोपियों नीरज यादव, जाहिद, और आलोक यादव को गिरफ्तार कर लिया। इनके खिलाफ मुकदमा संख्या 126/25 के तहत धारा 191(2), 115(2), 352, 351(3) और SC/ST एक्ट की धारा 3(1)द,ध व 3(2)5(ए) के तहत मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह के आदेश, अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह के निर्देशन, और क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह की टीम द्वारा की गई।

## सड़क पर जलजमाव से नाराज ग्रामीणों ने की धान की रोपाई दिया शिकायती पत्र

**●ग्रामीणों ने चेतावनी दी एक हफ्ते के अंदर जल भराव समाप्त नहीं होगा तो ग्रामीण सहित डीएम कार्यालय पर धरना देंगे**



**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिले में शुक्रवार को बस्ती सदर विकास खण्ड के चमरौहा सियरापार के नागरिकों ने जर्जर हो चुकी सड़क पर धान रोपकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीण का कहना है की समस्या का एक हफ्ते में निदान न हुआ तो गांव के पुरुष और महिला सहित डीएम कार्यालय पर धरना देंगे दिए गए पत्र में कहा कि सड़क पर जल भरा होने से ग्रामीणों को आने-जाने में समस्या हो रही है छात्रों को स्कूल जाने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है ऐसी समस्याएं सरकार को और जिला प्रशासन को ध्यान देना चाहिए लालमुनि चौधरी, सर्वेश चौधरी ने कहा कि हर्दिया, वाल्टरगंज जोडने वाली सड़क जो कई गांवों को जोड़ती है उस सम्पर्क मार्ग की स्थिति दयनीय है। यहां आये दिन राहगीर गिरते रहते हैं।जन प्रतिनिधियों से कई बार कहा गया कि सड़क की मरम्मत हो जाय किन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने सम्बंधित अधिकारियों से माग किया कि सड़क का तत्काल मरम्मत कराया जाय। ग्राम प्रधान भी चुप हैं। छात्रों को स्कूल आने जाने में असुविधा हो रही है। कई ग्रामीण सड़क पर गिरकर घायल हो चुके हैं। सड़क पर धान रोपकर विरोध प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से शकुन्तला देवी, छंगुरा देवी, शान्ती देवी, गुन्जन, श्याम लाल, शुभम चौधरी, सूर्यनाथ चौधरी, दिलीप चौधरी, हृदयराम चौधरी, रामभवन, रामनरायन चौधरी, रोशन, ऋषभ, आलोक पटेल, अजीत, बंशीलाल, विवेक, अशोक चौधरी, सोनू चौधरी, वीरेन्द्र, अजय आदि शामिल रहे।

## अम्बेडकरनगर पुलिस का शिकंजा, गांजा तस्कर गिरफ़्तार, साइबर ठगी की रकम बरामद, वारंटी और पाक्सो आरोपी दबोचे

**स्वतंत्र प्रभात**





**अम्बेडकरनगर**- जनपद अम्बेडकरनगर में पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस को एक के बाद एक कई बड़ी सफलताएँ हाथ लगी हैं।थाना जलालपुर पुलिस टीम ने NDPS एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए मो0 अदनान पुत्र मो0 अबूबकर को मदरहा मोड़ से गिरफ्तार किया। उसके पास से 1.222 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ पहले से कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिसमें गैंगस्टर एक्ट भी शामिल है।इधर साइबर क्राइम थाना ने तत्परता दिखाते हुए शिक्षक संजीव कुमार के खाते से हुई 99,699 रुपये की ठगी की धनराशि वापस कराकर बड़ी राहत दी। शिकायत मिलने के बाद टीम ने डेबिट रकम को लाभार्थी खाते में होल्ड कराकर पूरी रकम वापस कराई। पीड़ित ने पुलिस टीम का आभार जताया।वारंटियों के खिलाफ भी पुलिस का शिकंजा कसता नजर आया। थाना महरुआ पुलिस ने वारंटी प्रदीप यादव उर्फ बजरंगी यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। थाना कटका पुलिस ने दो पुराने वारंटी ओम प्रकाश और सर्वजीत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।वहीं थाना अलीगंज पुलिस ने पाक्सो एक्ट व बीएनएस की धाराओं में वांछित खलील अहमद पुत्र रोजन को मोजनपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी पर पहले भी गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।इसी बीच ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत थाना जलालपुर के 1995 के गौवध निवारण अधिनियम के मामले में आरोपी अब्बास अली ऊर्फ अब्बू को मा0 न्यायालय ने दोषी करार देते हुए जेल में बिताई गई अवधि व 1000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने कहा कि अपराध और अपराधियों के विरुद्ध जनपद पुलिस की सख्त कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

## जिलास्तरीय खेल महोत्सव का भव्य समापन, एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**स्वतंत्र प्रभात**



**अम्बेडकरनगर**- खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में 12 से 18 जुलाई तक चले जिलास्तरीय खेल महोत्सव का समापन शुक्रवार को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। इस सात दिवसीय आयोजन में तैराकी, भारोत्तोलन, हैंडबॉल, कुश्ती, जूडो, हॉकी और फुटबॉल जैसी प्रतियोगिताओं में युवाओं ने दमखम दिखाया।अंतिम दिन बैडमिंटन सभागार में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ. हरिओम पांडे ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना जैसे गुणों को मजबूत करते हैं।जिला क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्य ने अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है। जिला ओलंपिक संघ के सचिव डॉ. हनुमान प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों की सराहना की और कहा कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन जारी रहेंगे।खेल महोत्सव के अंतिम दिन फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एकलव्य स्टेडियम और गिर्फिन पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें एकलव्य स्टेडियम ने 2-0 से जीत दर्ज की।समारोह में ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष आशाराम वर्मा, राम प्रकाश त्रिपाठी, भरत शुक्ला, मो. महमूद आलम, राम केवल समेत कई कोच और खेल प्रशिक्षक मौजूद रहे। विजेता खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट देकर सम्मानित किया गया। यह खेल महोत्सव जिले के युवाओं के लिए अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर साबित हुआ।

## जिले में और भी हो सकते हैं छांगुर बाबा

**●बड़ी संख्या में धर्मांतरण व विदेशी शरणार्थी हैं जांच का विषय**

**स्वतंत्र प्रभात**

**बलरामपुर।** जनपद में छांगुर बाबा पर की गई कार्यवाही पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। ए टी एस द्वारा की गई कार्यवाही लोकल पुलिस पर जहाँ सवाल, खड़ा करते है वहीं पूरे जनपद में विदेशी शरणर्थियो को योजना वध्द ढंग से स्थापित करना और अन्य समुदाय कहो के लोगों का धर्मांतरण कराना जैसे घोर अपराध करने वाले लोग अभी बड़ी संख्या में मौजूद हो सकते हैं। गौरतलब हो कि जिले के अनेक गांवों कस्बो ने धर्मांतरण करने वाले लोगों की संख्या मिल जायेगी जेहादी सोच के लोगों ने उसे अपना पेशा बना लिया है। कि भारी संख्या में हिन्दुओं को मुसलमान बनाने के कार्य पर बल दिया जा रहा है। कही लव जिहाद तो कही धन व कही भौतिक संसाधनों की चका चौध (लक्जरी लाइफ आदि को धर्मांतरण की जारिया बनाया जा रहा है। जनपद में अब तक धर्मान्तरण करने वालो की , बड़ी संख्या हो सकती है ठीक इसी प्रकार नेपाल. बंग्लादेश व अन्य देशो से आ कर कर जमीन खरीद कर घर बनाकर रहने वालों र वालों की भी भारी संख्या है यह संख्या विशेष रूप से पचपेड़वा गैसड़ी हर्रैया सतघरवा आदि विकास खण्डो अधिक है। वैसे भी जनपद में जनधन व कुबेरों की संख्या में भी मात्र दशक में अप्रत्याशित रुपये बढ़ोती दर्ज की गई है-और इससे विदेशी फंडिंग जैसे मामलों से इन्कार नही किया जा सकता है। एटीएस ने छांगुर बाबा को रिमांड पर लिया है और उससे पूछताछ कर रही है उसके तार पचपेड़वा तुलसीपुर तक जुड़े हो सकते हैं इस पर कोई अश्चर्य नहीं है, वहीं गहराई से जांच करने पर जनपद में कई छांगुर बाबा निकलेंगे। गौरतलब हो कि 11-03-2025 को यह समाचार अनेकों समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी । इस पर भी जिला प्रशासन नहीं जगा। यही कारण है कि जनपद की पुलिस की नाकनीचे ए टी एस ने इतना बड़ा कारनामा अंजाम दिया जो देश ही नही विदेशों में चार्चित हो गया। अब जिले की पुलिस को भी कुछ ऐसा ही कारनामा अंजाम देना चाहिए कि लोग व शासन वाह वाह कह उठे व जनपद की प्रत्येक जनता वाह वाही करे।

## पैसों के लालच और प्रेम प्रसंग में फंसाकर लड़कियों से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात**



**बलरामपुर**- जनपद के थाना गौरा चौराहा पुलिस को क्षेत्र के एक व्यक्ति द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि आसिफ पुत्र शमीम ग्राम महुवा थाना गौरा चौराहा के द्वारा मेरी 20 वर्षीय पुत्री व मेरे साढू की 23 वर्षीय लड़की को धन का लालच देते हुए अपनी बातों में फंसाकर उन दोनों के साथ दुष्कर्म किया है और जब हम इसकी शिकायत करने उसके घर गये तो वह जानमाल की धमकी देते हुए मारपीट पर उतारू हो गया। पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर आरोपी आसिफ के खिलाफ मु0अ0स0 78/25 धारा 64(1),351(3),352 बीएनएस एक्ट पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दिया। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि अभियुक्त आसिफ ग्राम महुआ के बाहर नहर पुलिया के पास खड़ा है । सूचना पाकर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर अभियुक्त आसिफ को गिरफ्तार कर लिया। एसपी विकास कुमार ने बताया कि आरोपी आसिफ के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करते हुए जेल रवाना किया जा रहा है ।

**थाना ललिया पुलिस द्वारा अपहरण के आरोपी को किया गया गिरफ्तार**

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में अपराध एंव अपराधियों के रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 18/07/2025 को थाना ललिया पर पंजीकृत मु0अ0सं0-77/25 धारा- 137(2),87, 65(1)बीएनएस व ङ पाक्सो एक्ट से सम्बंधित वांछित अभियुक्त बिहारी लाल वर्मा पुत्र विक्रम वर्मा निवासी ग्राम डीहवा सोनपुर थाना को0 देहात जनपद बलरामपुर को गोण्डा बलरामपुर मार्ग स्थित कुआनों नदी पुल के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायलय भेजा गया।

## पहाड़ी नाले के कटान से उजड़ गया गांव, अब विद्यालय की बारी

**स्वतंत्र प्रभात**

**बलरामपुर**/हरैया सतघरवा क्षेत्र के लौकीकला गांव के पास स्थित धोबनिया पहाड़ी नाले में बीते पांच वर्षों से हो रही कटान अब गंभीर संकट बन चुकी है। कटान के चलते पूरा गांव उजड़ चुका है। अब प्राथमिक विद्यालय के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। गांव के अधिकांश लोग अपने घर छोड़कर सड़क किनारे बसने को मजबूर हो चुके हैं। वहीं, अब कटान की जद में लौकीकला नवीन प्राथमिक विद्यालय आ चुका है। यदि शीघ्र कटानरोधी कार्य नहीं कराया गया तो विद्यालय भी नाले में समा सकता है। जिससे बच्चों की शिक्षा पर गंभीर असर पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि कटान में खेत और घर समाहित हो चुके हैं। नंदलाल, बेकारु, मिट्ठूलाल, नानबाबू, संतोषी प्रसाद, अवधेश कुमार और बड़कऊ ने बताया कि गांव का लगभग पूरा भूभाग नाले की चपेट में आ चुका है। ग्रामीण अयोध्या प्रसाद, कल्लू, रामजागे, बुधई और जमुना प्रसाद ने बताया कि कई बार मुख्यमंत्री पोर्टल, जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन को प्रार्थना पत्र भेजे गए। लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। हर साल बरसात में हालात और बिगड़ते जा रहे हैं।

**प्रस्ताव भेजा गया**

लौकीकला गांव के पास धोबनिया पहाड़ी नाले पर कटानरोधी कार्य और पुल निर्माण के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। जैसे ही बजट स्वीकृत होगा, कार्य शुरू कराया जाएगा।

**लोहे पानिया में बंधे तटबंध का**



**निर्माण ध्वस्त**
2007 में ग्राम लोहे पनिया में बंधे तटबंध

का निर्माण किया गया था, जो पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। विभाग का ध्यान उस तरफ नहीं जा रहा है । आप को बताते चले कि इस तटबंध से लोहे पनिया ,नंदू लालडीह साहिब नगर, हरिहर नगर, सहित दर्जनों गांव प्रभावित होते हैं। इसी बाढ़ के पानी से महाराजगंज ललिया मार्ग व नगरदीप के पास उफान हो जाता है , जिस कारण आवागमन पूरी तरह से ठप हो जाता है किंतु चाहे प्रशासन हो या संबंधित विभाग किसी के भी माध्यम से 2007 से लेकर आज तक उस तटबंद पर कोई मरम्मत या निर्माण नहीं कराया गया है। अगर इसको तत्काल मरम्मत नहीं कराया गया तो यह विकराल रूप ले सकती है । ग्रामवासी महावीर , वकील ओमप्रकाश ,गोपाल तिवारी , आलोक ने बताया कि पानी सीधे गांव में प्रवेश कर जाता है जो नाले का रूप ले लेता है । केंद्र शासन द्वारा सन् 2000 तत्कालीन विधायक मसूद खान वो 2007 तत्कालीन विधायक महंत कौशलेंद्र नाथ द्वारा निर्माण कराया गया था किंतु उसके बाद आज तक उसकी मरम्मत नहीं कराया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### सपा नेता ने कराया नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन



**बिसवाँ/सीतापुर।** शुक्रवार को विकास खण्ड सकरन की ग्राम पंचायत महराज नगर के श्री मंगला देवी शिशु विद्या मंदिर में सीतापुर आंख अस्पताल के द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन समाजसेवी शुभम रस्तोगी जी के द्वारा कराया गया। आयोजनकर्ता शुभम रस्तोगी ने बताया की नेत्र शिविर में कुल 160 रोगियों का पंजीकरण किया गया। जिसमें से 50 मोतियाबिन्द के मरीजों को सीतापुर आंख अस्पताल की बस से ऑपरेशन हेतु सीतापुर ले जाया गया। नेत्र शिविर में आंख अस्पताल से आयीं डाक्टर रितू शर्मा ने मरीजों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें दवाएं दी। इस मौके पर अनुनेस, ताहा ,काजल, अर्पित, शाहनवाज हुसैन, रामजी बाजपेयी,लकी एवं गाँव के तमाम लोग उपस्थित रहे।

### पार्षद आशा रावत ने मेयर का फूल मालाओं से किया जोरदार स्वागत

**कल्याण सिंह वार्ड से पार्षद आशा रावत ने स्वच्छता रैंकिंग प्रतियोगिता में तीसरा स्थान पाने पर मेयर का किया जोरदार स्वागत**



**लखनऊ** पारा स्वच्छता रैंकिंग प्रतियोगिता में लखनऊ नगर निगम को इस बार तीसरा स्थान मिला। इस मौके पर मां कल्याण सिंह वार्ड से पार्षद आशा रावत ने लखनऊ वापस आ रही नगर निगम मेयर सुषमा खर्कवाल का अपने पार्षदीए क्षेत्र में जीरो प्वाइंट आगरा एक्सप्रेसवे के पास वार्ड के लोगो के साथ में मिलकर मेयर सुषमा खर्कवाल का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। एवं बधाई दिया। इस मौके पर मेयर सुषमा खर्कवाल ने बताया कि आप सभी लोग भी बधाई के पात्र हैं क्योंकि कही न कही आप लोगो ने भी अपने वार्ड में साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया। जिस कारण लखनऊ नगर निगम को आज तीसरा स्थान हासिल हुआ। अभी हम लोगो को और कड़ी मेहनत करनी है ताकि तीसरे स्थान को हम लोग प्रथम स्थान पर ला सके। वही इस मौके पर पार्षद पति सनी रावत, चंद्रभान यादव, उमेश रावत, अमन रावत, मनीष, अजीत, प्रिंस रावत, रंजीत रावत, सहित वार्ड के अनेकों लोग मौजूद रहे।

### मोहनलालगंज ब्लॉक में जन्म प्रमाण पत्र बनाने में लापरवाही

**.....सैकड़ो की संख्या में लंबित पड़े जन्म प्रमाण पत्र, अभिभावक और बच्चे परेशान।**



**लखनऊ** राजधानी लखनऊ के विकासखंड मोहनलालगंज में ब्लॉक स्तर पर सैकड़ो की संख्या में जन्म प्रमाण पत्र लंबित पड़े हैं, जिससे अभिभावक और बच्चों को विद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई को लेकर चिंता सता रही है। विद्यालय द्वारा जन्म प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर दबाव डाला जा रहा है, लेकिन ब्लॉक के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। अभिभावकों को कार्यालय के रोज चक्कर लगाने पड़ते हैं, और दस्तावेज पूरे होने पर भी जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। इससे अभिभावक और बच्चे मानसिक रूप से तनाव झेल रहे हैं।

अभिभावकों का आरोप है कि ब्लॉक स्तर पर कार्यालय में पटल पर कोई भी कर्मचारी नहीं मिलता है, और हजारों की संख्या में आवेदन पत्र ही नजर आते हैं। मजबूरन अभिभावकों को निराश होकर लौटना पड़ता है। उनका कहना है कि आखिर कब तक प्रशासन सोता रहेगा और कब तक वे लोग परेशान होते रहेंगे। अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि जन्म प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए और कर्मचारियों की लापरवाही पर कार्रवाई की जाए, ताकि बच्चों को समय पर जन्म प्रमाण पत्र मिल सके और वे विद्यालय में प्रवेश ले सकें। इस मामले में प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे अभिभावकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

## सद्साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है- उमानंद शर्मा

**● गायत्री ज्ञान का विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान,कृष्णा पब्लिक स्कूल, रॉयल सिटी, औरंगाबाद, बिजनौर में हुई 443वें ऋषि वांड़मय साहित्य की स्थापना**



स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ''कृष्णा पब्लिक स्कूल, रॉयल सिटी, औरंगाबाद, बिजनौर रोड, लखनऊ'' के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं0 श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 443वाँ ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रिय कार्यकर्त्री सरोज श्रीवास्तव ने अपने दिवंगत पिता कमला प्रसाद श्रीवास्तव एवं दिवंगत ससुर परमात्मा सिंह श्रीवास्तव की स्मृति में भेंट किया तथा सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भेंट की।

इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ऋषि का सद्साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है। डॉ0 नीलम गुप्ता, सरोज श्रीवास्तव, संस्थान के प्रबन्धक लालमणि यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संस्थान की प्रधानाचार्या कोमल अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि उमानन्द शर्मा, देवेन्द्र सिंह, डॉ0 नीलम गुप्ता, सरोज श्रीवास्तव तथा संस्थान के लालमणि यादव, कोमल अग्रवाल, उप प्रबन्धक आशुतोष यादव, शालिनी श्रीवास्तव, पूनम पाठक, कुलसूम सिद्दिकी, सरोज सिंह, वान्या अवस्थी सहित शिक्षक शिक्षिकायें एवं छात्रगण मौजूद थे।

## बिसवा बार एसोशिएशन अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव के नेत्रत्व में अधिवक्ताओं ने एस डी एम को भेंट किया पौधा!

स्वतंत्र प्रभात



**बिसवा सीतापुर** बिसवा बार एसोशिएशन बिसवा के अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव के नेत्रत्व में प्रकति प्रेमी उप जिलाधिकारी बिसवा शिखा शुक्ला को एक पेड़ माँ के नाम से भेंट कर पर्यावरण एवम वातावरण को संतुलित रखने का महत्वपूर्ण संदेश दिया! बिसवा बार एसोशिएशन के अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी सीतापुर के कुशल दिशा निर्देशन व मार्ग दर्शन में जिले की सभी तहसील को वृक्षों से सुसजित करने के सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रही उप जिलाधिकारी बिसवा शिखा शुक्ला को बिसवा बार एसोशिएशन बिसवा द्वारा वृक्षों को भेंट कर अपार सहयोग प्रदान कर रही है!

उप जिलाधिकारी बिसवा शिखा शुक्ला ने कहा कि आज के बदलते परिवेश में पर्यावरण एवम वातावरण को संतुलित रखना हम सभी का परम कर्तव्य है! इसलिए हम सभी जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की इस महत्वपूर्ण पहल में सहयोग प्रदान करें! उन्होंने कहा कि वृक्षों की कटान पर अंकुश लगाने की दिशा में सख्त से सख्त कदम उठा कर उचित कार्यवाही कराने का काम प्रमुखता के साथ कराया जायेगा!

उन्होंने कहा कि वृक्षों के साथ ही साथ विभिन्न प्रकार के पक्षी भी देखने को नही मिल रहे हैं, क्योकि वह भी वृक्षों के नहीं होने से अपने ठहराव व रहने का स्थान नहीं बना पा रहे हैं! साथ ही उनकी आवाज सुनने को नहीं मिल रही है! उप जिलाधिकारी बिसवा शिखा शुक्ला ने कहा कि वह दिन अब दूर नहीं है जब एक बार फिर से वृक्षों पर पक्षी देखने को मिलेंगे एवम उनकी कहकहांने की मधुर आवाज सुनाई देगी!

उप जिलाधिकारी बिसवा शिखा शुक्ला ने बिसवा बार एसोशिएशन बिसवा के अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव सहित बिसवा बार एसोशिएशन के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों के प्रति वृक्षों के भेंट करने के लिए साधुवाद दिया! इस अवसर पर बिसवा बार एसोशिएशन बिसवा के अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव के साथ वरिष्ठ एडवोकेट पुत्ती लाल वर्मा, कैलाश श्रीवास्तव, संतोष कठेरिया, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव,संयुक्त सचिव विपिन कुमार यादव, राम किशोर वर्मा, जितेंद्र कुमार मिश्रा, अरुण श्रीवास्तव, अश्वनी कुमार श्रीवास्तव, शिशु पाल यादव, नावेद सिद्दीकी, सुनील वर्मा, फूलचंद्र, प्रदीप कुमार गौतम सहित काफी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे!

## मोहनलालगंज में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, पुलिस टीम ने चलाया अभियान

**● ......सोशल मीडिया पर वायरल हुई तस्वीरों के बाद प्रशासन की सक्रियता, सड़क किनारे से हटाए गए ठेले और खोमचे**





स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ** लखनऊ के मोहनलालगंज कस्बे में सड़क किनारे फैलते अतिक्रमण की तस्वीरें जब सोशल मीडिया पर वायरल हुई, तो प्रशासन हरकत में आ गया। आमजन की आवाज़ को नज़रअंदाज़ न करते हुए पुलिस और नगर पंचायत की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर गोसाईगंज मोड़ से लेकर मुख्य चौराहे तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान सड़क के पटरियों पर अवैध रूप से लगाए गए ठेले, खोमचे और दुकानों को हटाया गया, जिससे आवागमन बाधित हो रहा था।

एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा के निर्देशन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में चौकी प्रभारी वीर बहादुर दुबे ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान सड़क किनारे लगे फल ठेले, ई-रिक्शा एवं अनाधिकृत रूप से खड़े वाहनों को हटवाया गया, साथ ही दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश भी जारी किए गए कि वे सड़क पर अतिक्रमण न करें। मोहनलालगंज थाना प्रभारी दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि अतिक्रमणकारियों को स्पष्ट बताया गया है कि सड़क से नीचे ठेले लगाने की हिदायत दी गई है, और दुकानों से बाहर कोई भी तख्त, कैरट, बेंच, काउंटर या अन्य सामान नहीं रखना है। इसके अलावा, सड़क पर वाहन पार्क नहीं करने और कोई बोर्ड नहीं लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

स्थानीय लोगों ने इस अभियान का स्वागत किया, लेकिन यह भी कहा कि यदि सभी अतिक्रमण करने वालों पर समान रूप से कार्रवाई नहीं हुई, तो यह समस्या फिर से लौट आएगी। कुछ लोगों का कहना है कि पान मसाला गुमटियों और ऑटो चालकों की मनमानी अब भी जारी है, और इसे भी नियंत्रित करने की आवश्यकता है। सोशल मीडिया ने इस मुद्दे को उठाने में बड़ी भूमिका निभाई, और प्रशासन ने सक्रिय होकर कार्रवाई की। अब देखना यह है कि यह कार्रवाई नियमित रूप से जारी रहेगी या नहीं, और क्या इससे मोहनलालगंज कस्बे की सड़कें अतिक्रमण से मुक्त हो पाएंगी।

## मोहनलालगंज में खुलेआम सड़क पर हुई गुंडागर्दी

**● .....ऑटो चालक से मारपीट, शीशा तोड़ा, जान से मारने की दी धमकी!**




स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ** राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज कस्बे में एक ऑटो चालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित चालक संकेत वर्मा ने बताया कि वह रोज़ाना तेलीबाग से मोहनलालगंज रूट पर ऑटो चलाते हैं। गुरुवार की दोपहर जब वह सवारी उतारकर वापस लौट रहे थे, तभी बीच रास्ते में उन्हें दबंगई का शिकार होना पड़ा। आरोपी लल्लू शुक्ला ने बिना किसी वजह के उनके साथ अभद्रता शुरू कर दी और देखते ही देखते मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपी ने ऑटो का शीशा तोड़ दिया और गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी।

पीड़ित चालक ने तत्काल मोहनलालगंज थाने पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत की। पुलिस ने आरोपी लल्लू शुक्ला के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र के अन्य ऑटो चालकों और राहगीरों में भी आक्रोश देखा गया। उनका कहना है कि सिसेंडी मोड़ और आस-पास के इलाके में अक्सर दबंगई और अवैध वसूली जैसे मामले सामने आते हैं, लेकिन पुलिस सख्ती से कार्रवाई नहीं करती। मोहनलालगंज थाना प्रभारी दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि दोषी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी, ताकि क्षेत्र में अपराधियों के हौसले पस्त किए जा सकें। इस घटना ने क्षेत्र में दबंगई और गुंडागर्दी के खिलाफ लोगों में आक्रोश बढ़ा दिया है और पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

## धर्मयोद्धा सम्मान से सम्मानित हुए डा दिनेश शर्मा

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ** लखनऊ अर्न्तराष्ट्रीय हिन्दू महासंघ भारत के पांचवे स्थापना दिवस के मौके पर धर्मयोद्धा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि राज्य सभा सदस्य डा दिनेश शर्मा व अध्यक्षता सुनील शुक्ला ने की। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्जवलित कर भगवान श्रीराम व भगवान शिव के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील शुक्ला ने मुख्य अतिथि राज्य सभा सदस्य डा दिनेश शर्मा को फरसा व अंगवस्त्र प्रतीक चिन्ह देकर धर्मयोद्धा सम्मान से सम्मानित किया। तो वहीं विभिन्न क्षेत्र में समाज के हित काम कर रहे सुमित कटियार, अनिल शुक्ला, सुधाकर त्रिपाठी, महादेव बाबा, कोतवालेश्वर महादेव मंदिर महंत विशाल गौढ़, नीरज अवस्थी, यूएन पाण्डेय, राजीव मिश्रा सहित कई लोगों को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं डा दिनेश शर्मा ने कहा कि हिन्दू धर्म नहीं संस्कृति है। क्योंकि भारत देश भिन्न भिन्न धर्म जाति के लोग आपसी भाई चारे के साथ रहते है। वहीं संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील शुक्ला से स्थापना दिवस के मौके पर कार्यकर्ताओं भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग को लेकर नवम्बर माह में प्रदेश कार्यालय से अयोध्याधाम तक विशाल यात्रा निकालने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मंगल पाण्डेय, लोकेश द्विवेदी, मयंक त्रिपाठी, अंकित निगम, सूरज पाण्डेय, ज्ञान प्रकाश अवस्थी, अर्पित शुक्ला सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जलालाबाद में निकाली गई श्री खाटू श्याम की निशान यात्रा

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद नगर में श्री खाटू श्याम निशान यात्रा सांस्कृतिक धुनों के साथ ढोल नगाड़ों के साथ निकाली गई। खाटू श्याम भक्त गाने बाजे के साथ नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे यात्रा के दौरान जय श्री राम बाबा परशुराम के जयकारों के साथ निशान यात्रा शाहजहांपुर के बरेली मोड़ के लिए प्रस्थान कर रही थी।श्यामप्रेमी राजन गुप्ता साजन आकाश गुप्ता के नेतृत्व में निकाली गई यात्रा का शुभारंभ नगर के मोहल्ला नौसारा स्थित ठाकुर द्वार मंदिर से पूर्व पालिकाध्यक्ष मनेंद्र बाबू गुप्ता पुत्र शत्रुघ्न गुप्ता के द्वारा किया गया।निशाना यात्रा को नगर के मुख्य चौराहा से तहसील रोड़ रामताल रोड से शाहजहांपुर रोड़ के लिए रवाना किया गया।इस दौरान राष्ट्रीय बजरंग दल पदाधिकारी अर्पित गुप्ता भामाशाह किशन गोस्वामी भक्तगण अभय सिंह परमार मोनू गुप्ता प्रदीप मिश्र आदि ने निशान यात्रा पर पुष्प वर्षा कर यात्रा का अभिवादन किया।

## मलिहाबाद चौराहे के पास शिफा पाली क्लीनिक का हुआ शुभारंभ






स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ** लखनऊ मे जैनब बाग़ मस्जिद मिर्जागंज मलिहाबाद के पास शिफा पाली क्लीनिक का हुआ शुभारंभ आपको जानकर खुशी होगी कि आपके क्षेत्र मलिहाबाद जैनब बाग मस्जिद मिर्जागंज मलिहाबाद शिफा पाली क्लीनिक खुल गया है जिसमें सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज जैसे लिवर में सूजन आंतों में सूजन तिल्ली में सूजन पेट दर्द जोड़ों का दर्द सांस का फुलना जी मितलाना एवं पुरुष व स्त्रियों की किसी भी प्रकार के रोगों का संपूर्ण व सफल इलाज किया जाता है जैसे महावारी समय पर ना आना बच्चेदानी में सूजन सफेद पानी आना गर्भ का ठहराव न होना बच्चेदानी में गांठ व शिशुओं (बच्चों) का सफल इलाज आदि बीमारियों का इलाज किया जाता है मैनेजिंग डायरेक्टर अमित शुक्ला डॉ अजय यादव डॉक्टर अखिलेश यादव डॉक्टर आरती सिंह और मुख्य अतिथि डॉ नीलिमा सिंह डॉ राहुल मौर्या ने फीता काटकर किया शुभारंभ।

## प्रतिभाओं को निखारने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास बी.एल. वर्मा छात्रवृत्ति योजना-2025

स्वतंत्र प्रभात




**बिसवां/सीतापुर** बी.एल. वर्मा मेमोरियल छात्रवृत्ति योजना-2025 के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को 19 जुलाई 2025 को छात्रवृत्ति की प्रथम किस्त प्रदान की जाएगी। यह योजना न केवल आर्थिक सहयोग का माध्यम है, बल्कि ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है।विज्ञान वर्ग में चयनित छात्र/छात्राएं चन्द्रकुमार (राजकीय इंटर कॉलेज, जनुआ बिसवां, सीतापुर) पीयूष वर्मा (जनता इंटर कॉलेज, कल्यानपुर, सीतापुर) राहुल वर्मा (जनता इंटर कॉलेज, कल्यानपुर, सीतापुर) रुपाली वर्मा (एस. आर. ग्लोबल स्कूल, बक्शी का तालाब, लखनऊ) कला वर्ग में चयनित छात्र/छात्राएं अमन कुमार (जवाहर नवोदय विद्यालय, हरदौसपुर, सीतापुर) मो. जियाउलहक (खेमकरण इंटर कॉलेज, लहरपुर, सीतापुर) लक्ष्मी वर्मा (जनता इंटर कॉलेज, कल्यानपुर, सीतापुर) पूजा विश्वकर्मा (राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, सिधौली, सीतापुर) छात्रवृत्ति संयोजक डॉ. सुधाकर वर्मा तथा योजना समन्वयक श्री राहुल वर्मा ने सभी चयनित विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए बधाई दी है बी.एल. वर्मा छात्रवृत्ति योजना स्वर्गीय बी.एल. वर्मा जी के शिक्षा और समाज सेवा के प्रति समर्पण को नमन करते हुए विद्यार्थियों को नई उड़ान देने का कार्य कर रही है। यह योजना योग्य, जरूरतमंद एवं परिश्रमी विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रही है, जो शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## रत्नापुर में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई

**● .......धान की फसल बोई गई थी बंजर जमीन पर, तहसील प्रशासन ने ट्रैक्टर चलवाकर कराया कब्जा मुक्त।**





स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ** लखनऊ के मोहनलालगंज तहसील प्रशासन ने ग्राम पंचायत रत्नापुर में राजस्व अभिलेखों में दर्ज बंजर सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रत्नापुर परगना निगोहा में कुछ अराजक तत्वों द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध रूप से धान की फसल बोई गई थी। मामले की शिकायत तहसील समाधान दिवस में ग्रामीणों द्वारा की गई थी, जिसके बाद प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मामले की जांच कराई। जांच में अवैध कब्जे की पुष्टि होने पर राजस्व टीम को मौके पर भेजा गया।

शुक्रवार को नायब तहसीलदार निगोहां की अध्यक्षता में गठित राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर की सहायता से फसल को जुतवाकर जमीन को कब्जा मुक्त कराया। इस कार्रवाई के दौरान प्रशासन ने पूरी सख्ती बरती और अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी भी दी। तहसील प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा सहन नहीं किया जाएगा और भविष्य में ऐसी किसी भी स्थिति में कठोरतम कदम उठाए जाएंगे। कार्यवाही करने वाली टीम में राजस्व निरीक्षक हरेंद्र सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल अशोक कुमार, अहमद अब्बास, विष्णु प्रताप सिंह, एवं दीपक द्विवेदी शामिल रहे। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों में संतोष का माहौल है और यह संदेश भी गया है कि अब सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि प्रशासन अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त है और सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

## तकनीकी व्याख्यान- टेक्नोक्रेट्स की रिटायरमेंट प्लानिंग एलआईसी के साथ

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश स्टेट सेंटर, लखनऊ द्वारा 18 जुलाई 2025 को "टेक्नोक्रेट्स की रिटायरमेंट प्लानिंग एलआईसी के साथ" विषय पर एक तकनीकी व्याख्यान का आयोजन इंजीनियर्स भवन, रिवर बैंक कॉलोनी, लखनऊ में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे एस.के. शुक्ला, सीनियर डिविजनल मैनेजर, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), लखनऊ। उन्होंने एलआईसी की पेंशन योजनाओं जैसे जीवन अक्षय आदि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजनाएँ गैर-लिंक्ड तथा गैर-भागीदारी योजनाएँ हैं, जो जीवन भर के लिए गारंटीड रिटर्न प्रदान करती हैं, और यह ब्याज दरों में गिरावट या बाजार की अस्थिरता से प्रभावित नहीं होतीं।

मुख्य वक्ता अक्षत श्रीवास्तव, डिप्टी मैनेजर (CLIA), एलआईसी ऑफ इंडिया, डिविजनल ऑफिस, लखनऊ, ने इन योजनाओं की मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह पेंशन योजनाएँ व्यक्तिगत रूप से डिजाइन की गई हैं, जो इमीडिएट एन्युटी और डिफर्ड एन्युटी विकल्प प्रदान करती हैं। इसमें केवल एकमुश्त प्रीमियम देना होता है, और यह 25 से 100 वर्ष तक के सभी व्यक्तियों के लिए उपलब्ध है, चाहे वह इंजीनियर, टेक्नोक्रेट या किसी भी अन्य क्षेत्र से संबंधित हों। इन योजनाओं की एक खास विशेषता यह भी है कि प्रमुख पॉलिसीधारक के निधन के बाद सह-लाभार्थी को पेंशन की निरंतरता प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त, एलआईसी के यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान्स (LIPs) की भी जानकारी दी गई, जो बेहतर रिटर्न और कर-मुक्त लाभ प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत इंजी. प्रो. (डॉ.) भरत राज सिंह, तत्कालीन पूर्व अध्यक्ष एवं आईईआई काउंसिल सदस्य के स्वागत भाषण और प्रेरणादायक विचारों से हुई। सत्र का संचालन एवं संयोजन इंजी. जे.बी. सिंह, एफआईई सदस्य द्वारा किया गया, जिन्होंने मुख्य वक्ता का परिचय भी दिया। इस अवसर पर कई गणमान्य अभियंताओं एवं परिषद सदस्यों की उपस्थिति रही, जिनमें शामिल थे-. इंजी. एस.के. वर्मा, एफआईई एससीसी सदस्य, इंजी. अनिल गुप्ता, एफआईई, एससीसी सदस्य, इंजी. एन.सी. मित्तल, एससीसी सदस्य, इंजी. एच.एस. मौर्य, सदस्य, इंजी. जी.एम. पांडेय, एफआईई सदस्य, इंजी. आर.पी. कटियार सदस्य, इंजी. जमाल नुसरत, एफआईई सदस्य कार्यक्रम का समापन इंजी. विजय प्रताप सिंह, मानद सचिव, के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

उन्होंने वक्ताओं, आयोजकों और उपस्थित सभी प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। सत्र में बड़ी संख्या में पेशेवरों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे यह कार्यक्रम सफल और ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ।

# लवजेहादी चरमपंथियों के निशाने पर हैं हिन्दू लड़कियां!

इन दिनों देश भर में हिन्दू लड़कियों के शोषण और साजिश षडयंत्र के तहत बड़े पैमाने पर धर्मांतरण के लिए कई छांगुर बाबा सक्रिय है। हाल ही में पर्दाफाश हुए धर्मांतरण गिरोह के सरगना जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को की सो करोड़ रुपए इस्लामिक देशों से मिले थे। यह बात पुलिस की छानबीन में सामने आ चुकी है। एक योजनाबद्ध तरीके से धर्मांतरण के इस खेल में एक नहीं अनेक लोग शामिल थे। अब धीरे-धीरे सब बेनकाब हो रहे हैं और कानून का शिकंजा इन समाज व देश विरोधियों विरुद्ध कसता जा रहा है। उत्तर प्रदेश एटीएस और ईडी की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, छांगुर बाबा की सच्चाई परत-दर-परत बेनकाब होती जा रही है। धर्मांतरण के एक संगठित रैकेट से शुरु हुआ खुलासा अब आईएसआई कनेक्शन और राष्ट्रविरोधी साजिश तक पहुंच चुका है। छांगुर बाबा सिर्फ धर्म बदलवाने का खेल नहीं खेल रहा था, बल्कि हिंदुस्तान में सांप्रदायिकता का जहर खोलकर तोड़ने की साजिश भी रच रहा था।जानकारी के मुताबिक, छांगुर बाबा ने धर्मांतरण के नाम पर जो नेटवर्क खड़ा किया था, उसी का इस्तेमाल कर वो पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से सीधा संपर्क साधने की कोशिश कर रहा था. बताया जाता है कि कि नेपाल की राजधानी काठमांडू में पाकिस्तानी दूतावास में आईएसआई एजेंटों की एक गोपनीय बैठक हुई थी. इसमें छांगुर के नेपाल कनेक्शन के जरिए संपर्क की कोशिश की गई. देश में हिन्दू लड़कियों के धर्मांतरण को प्रोत्साहित करने के लिए 10 से 15 लाख रुपए लड़की की जाति देखकर इनाम के रूप में रखे जाते थे। जिन लड़कियों ने हिन्दू धर्म में वापसी की है अब उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है। हिन्दुओं प्रति नफरत इस हद तक है कि हर स्तर पर हिन्दुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने में कट्टरपंथियों को सकून मिलता है। एक रिपोर्ट बताती है कि छांगुर बाबा की योजना थी कि आर्थिक रूप से कमजोर हिंदू परिवारों की महिलाओं को फंसाकर उनका धर्मांतरण कराया जाए. फिर इनका निकाह नेपाल में आईएसआई के एजेंटों और स्लीपर सेल से करवा दिया जाए. ये महिलाएं बाद में जासूसी के नेटवर्क का हिस्सा बन सकें, इसके लिए बाकायदा कोडवर्ड सिस्टम भी विकसित किया गया था. छांगुर बाबा का नेटवर्क सिर्फ उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं था.छांगुर बाबा का जाल महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, बिहार और पश्चिम बंगाल तक फैला हुआ था. इस पूरे नेटवर्क को वो विदेशी फंडिंग के जरिए मजबूत करता रहा. एटीएस की पूछताछ में खुलासा हुआ है कि उसने लव जिहाद के लिए मुस्लिम युवकों की फौज तैयार की थी. बीते तीन वर्षों में 1000 से ज्यादा मुस्लिमों को इस काम के लिए कैश पेमेंट दी गई. नेपाल सीमा से सटे सात जिलों को टारगेट किया गया। बाबा का नेटवर्क लड़कियों को फंसाता, ब्रेनवॉश करता और फिर उनका धर्मांतरण कर निकाह करवा देता था. इसके लिए विदेशों से भारी मात्रा में फंड आता था. एटीएस की जांच में छांगुर बाबा द्वारा इस्तेमाल किए गए कोडवर्ड भी सामने आए हैं. जैसे कि लड़कियों को 'प्रोजेक्ट' कहा जाता था. ब्रेनवॉश की प्रक्रिया को 'काजल करना' कहा जाता था. किसी लड़की को बाबा से मिलाने को 'दीदार कराना' कहा जाता था. एक रिपोर्ट के अनुसार धर्मांतरण को 'मिट्टी पलटना' कहा जाता था. इन कोड्स के जरिए बाबा और उसका गैंग आपस में बात करता था ताकि किसी को भनक न लगे. ईडी और एटीएस की पड़ताल में यह बात भी सामने आई है कि बाबा के पास विदेशों से करोड़ों की फंडिंग आई. जांच में अब तक 18 बैंक खातों की जानकारी मिली है. इनमें कुल 68 करोड़ रुपए जमा हुए. केवल तीन महीनों में ही 3 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए। इस से भी चिंता जनक बात यह है कि इस तमाम षडयंत्र में कथित तौर पर एक आइपीएस अधिकारी लंबे समय तक तैनात रहे प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार पटवारी और पुलिस स्टाफ को भी मिलीभगत शिकायतें अनदेखा करने और समय समय पर छांगुर बाबा और उसके गुर्गों का संरक्षण व बचाव करने की बात सामने आ रही है। बिना सरकारी तंत्र की गंदी. मछलियों की मदद के इतना बड़ा स्कैंडल करना संभव नहीं है। इसी तरह का एक मामला शाहजहांपुर का है। यहां एक लवजेहादी नावेद उर्फ कासिम ने माथे पर तिलक, कलाई में कलावा बांधकर खुद को शिव वर्मा बताकर धर्मांतरण का जाल बिछाया । उसने 18 हिंदू लड़कियों को जाल में फंसाकर उनका शारीरिक शोषण किया। उन्हें जिस स्थान पर मिलने बुलाता, वहां छिपे कैमरे में रिकार्डिंग करने के बाद ब्लैकमेलिंग शुरू कर देता था। एक युवती ने आवाज उठाई तो नावेद व उसका भाई कैफ बंधक बनाकर उससे सामूहिक दुष्कर्म करते रहे। मतांतरण के लिए प्रताड़ित किया। नावेद गिरफ्तार किया गया तो उसके मोबाइल फोन से भी काली करतूतों के दर्जनों प्रमाण मिले। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि दो वर्ष पहले इंस्टाग्राम पर नावेद से परिचय हुआ था। वह माथे पर तिलक, हाथ में कलावा बांधे हुए फोटो पोस्ट करता था। वह अपना नाम शिव वर्मा बताकर प्रेम संबंधों का नाटक करने लगा। वह मिलता था तो बात-बात पर देवी-देवताओं की कसम खाकर दर्शाता था कि हिंदू है। उस पर भरोसा कर मिलने पहुंची तो छिपे कैमरे से आपत्तिजनक वीडियो बनाए, फिर दबाव बनाने लगा कि उसके बताए अनुसार घर छोड़ना पड़ेगा। तीन महीने पहले उसकी असलियत पता चली। 11 जुलाई को उसका मोबाइल फोन हाथ लगने पर घिनौनी करतूत सामने आ गई। उसके फोन में 17 अन्य हिंदू लड़कियों के आपत्तिजनक फोटो थे। इससे पहले जयपुर अजमेर भोपाल इन्दौर समेत देश के दर्जनों शहरों में इस्लामी लवजेहादियों के गिरोहों द्वारा सैकड़ों मासूम हिन्दू छात्राओं को अलग अलग तरीके से ब्लेक मेल कर उनके साथ दुष्कर्म करने और बलात धर्मांतरण करने के लिए मजबूर करने के मामले सामने आ चुके हैं। बाकायदा गैंग बना कर बड़ी संख्या में हिन्दू लड़कियों को अपने तय अजेंडा के तहत लवजेहाद करने के इन बड़े षडयंत्रों के इतर हजारों हिन्दू लड़कियों को मुस्लिम लवजेहादी लगातार व्यक्तिगत तौर पर अपने कथित प्यार के जाल में फंसा कर मतांतरण कराने का अजेंडा चला रहे हैं। आपको बता दें कि नैतिकता व संविधान की दृष्टि से देखें तो मुस्लिम कट्टरपंथी हिन्दुओं विरुद्ध उपरोक्त जो कुछ कर रहे हैं वह सरासर गलत है, अवैध है और दण्डनीय है। लेकिन हकीकत यह है कि मुस्लिम समाज और उसका बुद्धिजीवी वर्ग एक संकेतमक विरोध से आगे नहीं बढ़ता। जब कानून शिकंजा कसता है तो कई धार्मिक व राजनीतिक लोग प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से दोषियों का साथ देते दिखते हैं। यह स्थिति बेहद खतरनाक है और परदे के पीछे से लवजेहादियों के संरक्षण और संवर्धन का काम कर रही है। भारत जैसे बहुलवादी लोकतांत्रिक देश में बहुसंख्यक समाज की भावनाओं से एक तय अजेंडे के तहत खिलवाड़ करना बेहद शर्मनाक और समुदायों के बीच तनाव बढ़ाने वाला है । लवजेहाद और धर्मांतरण की मुहिम चला रहे कट्टरपंथियों की इन गतिविधियों के खिलाफ कभी भी मुस्लिम समाज के राजनेताओं, बुद्धिजीवी वर्ग और धर्मगुरुओं ने कोई सशक्त विरोध को स्वर नहीं दिया है। क्या धर्मनिरपेक्षता की दुहाई देने वाले राजनीतिक दलों और समुदाय के प्रभावशाली नेताओं बुद्धिजीवियों और धर्मगुरुओं को हिन्दू लड़कियों के शोषण और धर्मांतरण के खिलाफ कभी कुछ कहते सुना गया नहीं सुना गया।दरअसल वोटों की फसल की रखवाली में अधिकांश राजनीतिक दल बहुसंख्यक समाज की उदासीनता के चलते कभी आवाज नहीं उठाते और एक समुदाय विशेष वही सब दोहरा रहा है जो उनके आतातायी आक्रान्ता पूर्वजों ने किया था। समय की मांग है कि हिन्दू समाज के प्रबुद्ध लोगों धार्मिक व अध्यात्मिक वक्ताओं को हिन्दू लड़कियों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाना चाहिए। साथ ही विभिन्न राज्यों व केंद्र की सरकार को कड़ा कानून बनाने और सख्ती से पालन करने के लिए मजबूर करना चाहिए। धर्मांतरण देश की डेमोग्राफी नष्ट करने की साजिश है।हम सभी को इस गजवा ए हिन्द के षडयंत्र से सभी को सचेत कर संगठित होकर विरोध करना होगा।

**प्रो. आरके जैन**

# डा. मोहन यादव के नेतृत्व में: नशामुक्त प्रदेश की ओर बढ़ता मध्यप्रदेश

नशा एक ऐसा मूक विष है, जो केवल शरीर को ही नहीं, अपितु मन, बुद्धि और सामाजिक चेतना को भी भीतर से क्षीण कर देता है। यह व्यक्ति को भूत, वर्तमान और भविष्य के बोध से वंचित कर देता है, साथ ही सद्बुद्धि और विवेक का नाश कर, उसे अंधकारमय मार्ग की ओर ले जाता है। किशोरावस्था या युवावस्था में पनपने वाली यह प्रवृत्ति आगे चलकर आत्मघाती सिद्ध होती है। युवा वर्ग राष्ट्र का भविष्य होता है, और यदि वही नशे के चंगुल में फँस जाए, तो समाज और राष्ट्र की नींव ही डगमगाने लगती है। मध्यप्रदेश के संवेदनशील और दूरदर्शी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस गहन सामाजिक संकट को गंभीरता से लेते हुए नशामुक्ति अभियान को एक जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान किया है। आज लगभग हर व्यक्ति यह जानता है कि नशा घातक है, समाज को भीतर से खोखला करने वाली विकृति है, और इससे दूरी ही व्यक्तिगत, सामाजिक तथा राष्ट्रीय हित में है। फिर भी अनेक लोग इसकी गिरफ्त में आ जाते हैं,कभी मानसिक तनाव, अकेलेपन या असफलताओं से जूझने के कारण; तो कभी गलत संगति, परिवारिक वातावरण, सामाजिक दबाव अथवा सिनेमा व मीडिया में नशे के भ्रामक चित्रण से प्रभावित होकर। नशे से प्राप्त होने वाला कृत्रिम सुख मस्तिष्क में डोपामीन स्राव को बढ़ाता है, जिससे व्यक्ति बारंबार उसी सुख की प्राप्ति हेतु नशे का सहारा लेता है। धीरे-धीरे यह एक लत का रूप ले लेता है और व्यक्ति चाहकर भी उससे मुक्ति नहीं पा सकता। जीवन में उद्देश्य की रिक्तता और आत्मिक शून्यता भी इस प्रवृत्ति को बढ़ावा देती है। अतः एक स्वस्थ शरीर, सुदृढ़ मन और उज्ज्वल भविष्य के लिए इस दुष्पथ से स्वयं को और समाज को बचाना अनिवार्य है। माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अनेक अवसरों पर दो टूक शब्दों में कहा है- "नशा एक सामाजिक बुराई है, आत्मा को झकझोरने वाला विषय है, जो हमारे युवाओं, परिवारों और समाज की जड़ों को खोखला कर देता है।" उनका स्पष्ट मत है कि नशे का प्रभाव केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य तक सीमित नहीं रहता, वह सामाजिक ताने-बाने को भी छिन्न-भिन्न करता है। युवा वर्ग की ऊर्जा का क्षय करता है। जो समय अध्ययन, कौशल विकास और राष्ट्र निर्माण में लगना चाहिए, वह धुएँ, शराब और नशे के अंधकार में नष्ट हो जाता है। चिकित्सकों का मानना है कि नशे के कारण यकृत विकार, फेफड़ों की बीमारी, मस्तिष्क की कार्यक्षमता में गिरावट और मानसिक अवसाद जैसी समस्याएँ जन्म लेती हैं। वहीं समाजशास्त्रियों का मत है कि नशा व्यक्ति को अपराध की ओर भी धकेल सकता है। एक नशाग्रस्त युवा न परिवार के लिए उपयोगी रह जाता है, न समाज के लिए और न ही राष्ट्र के लिए। डॉ. यादव का स्पष्ट कथन है— "नशा केवल व्यक्ति को ही दुर्बल नहीं करता, वह राष्ट्र को भी दुर्बल बनाता है।" इसी सोच को मूर्त रूप देते हुए आपने 15 से 30 जुलाई, 2025 तक 'नशे से दूरी है ज़रूरी' शीर्षक से एक राज्यव्यापी विशेष नशामुक्ति अभियान आरंभ किया है। इस अभियान का उद्देश्य है 'प्रदेश के किशोरों, युवाओं और नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना, समाज में सकारात्मक चेतना का संचार करना और सामूहिक रूप से नशा-विरोधी वातावरण का निर्माण करना '। इस अभियान की सबसे उल्लेखनीय विशेषता यह है कि यह केवल पुलिस या प्रशासन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें विद्यालय, महाविद्यालय, पंचायतें, नगरीय निकाय, सामाजिक संस्थाएँ, मीडिया और जनसामान्य,सभी समान रूप से सहभागी हैं। पूर्व में भी डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने 19 धार्मिक नगरों में पूर्ण शराबबंदी लागू कर एक साहसी और प्रेरक सामाजिक संदेश दिया है। उनका यह दृढ़ विश्वास है कि नशा उन्मूलन हेतु कानून और जन-जागरूकता,दोनों ही समान रूप से आवश्यक हैं। मध्यप्रदेश सरकार इस प्रयास को एक पवित्र सामाजिक आंदोलन के रूप में देख रही है, जिसका लक्ष्य है'एक सभ्य, शिक्षित, संस्कारित और उन्नत समाज की स्थापना, जहाँ नशे के लिए कोई स्थान न हो '।मेरे विचार से, डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार ने अल्पकाल में यह सिद्ध कर दिखाया है कि यदि इच्छाशक्ति प्रबल हो, रणनीति सशक्त हो और अभियान जन-आंदोलन के रूप में संचालित हो, तो किसी भी विकृति से समाज को उबारा जा सकता है। नशामुक्त प्रदेश का संकल्प न केवल मध्यप्रदेश बल्कि सम्पूर्ण भारत के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकता है। किन्तु यह लक्ष्य तभी साकार होगा, जब हर नागरिक इसअभियान का सहभागी बने, जब हर माता-पिता, शिक्षक, सामाजिक संस्था और स्वयं युवा यह संकल्प लें कि÷हम नशे को नहीं, नव निर्माण को चुनेंगे।हम अध:पतन नहीं, उत्थान की राह पर चलेंगे।"

**डॉ मनमोहन प्रकाश**

# दैनिक राशिफल



डॉ.कौशलेन्द्र पाण्डेय जी
ज्योतिष सेवा केन्द्र लखनऊ




**मेष-** आज व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। साझेदारी में नवीन प्रस्ताव प्राप्त हो सकेंगे। शत्रु सक्रिय रहेंगे। गर्व-अहंकार को दूर करें। राजनीतिक व्यक्तियों से लाभकारी योग बनेंगे। मनोबल बढ़ने से तनाव कम होगा।

**वृष-** आज यात्रा सफल रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। जोखिम न लें। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखें। पत्नी के बतलाए रास्ते पर चलने से लाभ की संभावना बनती है। यात्रा से लाभ। वाहन-मशीनरी खरीदी के योग हैं। व्यवसाय में अड़चनें आएंगी।

**मिथुन-** आज दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यावसायिक योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो पाएगा। परिवार की चिंता रहेगी। आय से व्यय अधिक होंगे। अजनबियों पर विश्वास से हानि हो सकती है।

**कर्क-** आज कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बचें। कार्य-व्यवसाय में लाभ होने की संभावना है। दांपत्य जीवन में अनुकूलता रहेगी। सामाजिक समारोहों में भाग लेंगे। सुकर्मों के लाभकारी परिणाम मिलेंगे।

**सिंह-** आज रोजगार में वृद्धि होगी। यात्रा का शुभ योग होने के साथ ही कठिन कार्य में भी सफलता मिल सकेगी। रिश्तेदारों से संपत्ति संबंधी विवाद हो सकता है। व्यापार-नौकरी में लाभ होगा। पुराना रोग उभर सकता है।

**कन्या-** आज पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। प्रसन्नता रहेगी। मन में उत्साह रहेगा, जिससे कार्य की गति बढ़ेगी। आपके कार्यों को समाज में प्रशंसा मिलेगी। भागीदारी में आपके द्वारा लिए गए निर्णयों से लाभ होगा।

**तुला-** आज कानूनी अड़चन दूर होगी। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य संबंधी समस्या हल हो सकेगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। अपनी वस्तुएँ संभालकर रखें। रुका धन मिलेगा। भ्रम की स्थिति बन सकती है।

**वृश्चिक**-आज वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। मितव्ययिता को ध्यान में रखें। कुटुंबियों से संबंध सुधरेंगे। शत्रुओं से सावधान रहें। व्यापार लाभप्रद रहेगा। खर्चों में कमी करें। सश्रम किए गए कार्य पूर्ण होंगे।

**धनु-** आज विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। अच्छे लोगों से भेंट होगी जो आपके हितचिंतक रहेंगे। योजनाएं फलीभूत होंगी। नौकरी में पदोन्नाति के योग हैं। आलस्य से बचकर रहें। परिवार की मदद मिलेगी।

**मकर-** आज नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। अर्थ संबंधी कार्यों में सफलता से हर्ष होगा। सुखद भविष्य का स्वप्न साकार होगा। विचारों से सकारात्मकता बढ़ेगी। दुस्साहस न करें। व्यापार में इच्छित लाभ होगा।

**कुंभ-** आज कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान-सम्मान मिलेगा। नेत्र पीड़ा हो सकती है। अधिकारी वर्ग विशेष सहयोग नहीं करेंगे। ऋण लेना पड़ सकता है। यात्रा आज नहीं करें। परिवार के कार्यों को प्राथमिकता दें। आपकी बुद्धिमत्ता सामाजिक सम्मान दिलाएगी।

**मीन-** आज महत्वपूर्ण कार्यों में हस्तक्षेप से नुकसान की आशंका है। परिवार में तनाव रहेगा। व्यापार-व्यवसाय मध्यम रहेगा। कष्ट, भय, चिंता व बेचैनी का माहौल बन सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें।

# संपादकीय

## आधुनिकता की आंधी में उड़ती जा रही है सोहराय की कला

भारत की सांस्कृतिक विविधता केवल उसके मंदिरों, ग्रंथों और त्योहारों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उसके गांवों की मिट्टी में, उसकी लोककथाओं में और उन अनकही कलाओं में बसी हुई है जिन्हें पीढ़ियों तक लोग जीते आए हैं। इन्हीं अनमोल परंपराओं में से एक है सोहराय चित्रकला एक ऐसी दीवार-चित्रण की परंपरा जो झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और ओड़िशा जैसे राज्यों के आदिवासी समुदायों की आत्मा में बसती है। सोहराय चित्रकला केवल एक दृश्य कलात्मक अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि यह एक संस्कृति की जीवंत भाषा है। यह पर्व विशेष रूप से फसल कटाई के समय मनाया जाता है, जब जनजातीय समाज प्रकृति को धन्यवाद देने के लिए अपने घरों और गोठों को सजाता है। महिलाएं दीवारों को लीप-पोतकर उस पर चित्र बनाती हैं पशु-पक्षी, वृक्ष, बेल-बूटे, देवी-देवता, और जीवन के अनेक प्रतीकों को। यह परंपरा न केवल दृश्य रूप में सुंदर होती है, बल्कि इसके पीछे गहरी सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक चेतना काम करती है। इस चित्रकला की विशेषता यह है कि यह पूरी तरह स्वाभाविक और आत्मप्रेरित होती है। कलाकार यानी गांव की महिलाएं, किसी औपचारिक प्रशिक्षण या डिज़ाइन पाठ्यक्रम से नहीं गुजरतीं। वे इसे अपनी माताओं और दादियों से सीखती हैं, जो स्वयं इसे पीढ़ियों से करती आ रही होती हैं। यह कला श्रुत परंपरा और अभ्यास पर आधारित होती है एक ऐसी परंपरा जिसमें चित्रों के माध्यम से जीवन के विविध अनुभवों को, भावनाओं को और लोकविश्वासों को अभिव्यक्त किया जाता है। सोहराय की दीवारें केवल सजावट नहीं हैं। वे एक सामाजिक दस्तावेज़ हैं, जिनमें उस समाज की स्त्रियों का आत्मबोध, उनकी संवेदनाएं, और उनकी प्रकृति के साथ सामंजस्य का चित्रण छिपा होता है। यह चित्रकला केवल उत्सव की प्रतीक नहीं है, यह उस जीवनदर्शन की अभिव्यक्ति है जिसमें मनुष्य और प्रकृति के बीच कोई विभाजन नहीं है, जहां गाय, बैल, वृक्ष, नदी और स्त्री सब एक ही जीवनचक्र का हिस्सा हैं। लेकिन आज इस चित्रकला का स्वर धीमा होता जा रहा है। वह जो कभी हर गांव की हर दीवार पर दिखाई देती थी, वह अब खोजने पर भी मुश्किल से मिलती है। इसका एक बड़ा कारण है आधुनिकता की आंधी, जिसने गांवों की संरचना, जीवनशैली और मूल्यों को तेजी से बदला है। पहले जहां मिट्टी की दीवारें आम थीं, आज वहां सीमेंट और पक्के मकान आ गए हैं। इन पक्की दीवारों पर न तो लीपने की परंपरा रह गई है और न ही उस पर चित्रकारी की जरूरत महसूस की जाती है। दूसरी ओर, बाजारवाद और मीडिया ने ग्रामीण समाज को शहरी दिखने की होड़ में डाल दिया है। अब गांवों में भी लोग घरों को शहरों की तरह सजाना चाहते हैं आधुनिक रंग, वॉलपेपर, टाइल्स और प्लास्टिक की सजावटों से। ऐसी स्थिति में मिट्टी और गोबर से बनी पारंपरिक चित्रकला पुरानी और गंवारू समझी जाने लगी है। युवा पीढ़ी, जो मोबाइल और इंटरनेट से जुड़ चुकी है, उसे अब इन परंपराओं में न तो गर्व की अनुभूति होती है और न ही उनमें कोई भविष्य दिखता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारी शिक्षा प्रणाली और सरकारी नीतियां भी इस दिशा में पूरी तरह निष्क्रिय हैं। आज स्कूलों में बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान, कंप्यूटर और अंग्रेजी सिखाई जाती है, लेकिन उनके अपने समाज की कला, इतिहास और परंपराओं से उन्हें काट दिया जाता है। नतीजा यह होता है कि वे अपनी जड़ों से अपरिचित होते जाते हैं और अपने ही समाज की धरोहरों को उपेक्षित कर देते हैं। कुछ स्थानों पर जरूर कुछ संस्थाएं, कलाकार और शोधकर्ता इस चित्रकला को बचाने के प्रयास कर रहे हैं। लेकिन ये प्रयास सीमित और प्रायः शहर केंद्रित हैं। जब तक यह कला उस समाज में, उसी की भाषा में, उसी की जमीन पर नहीं बचेगी, तब तक यह केवल एक लोककला बनकर रह जाएगी, जीवित परंपरा नहीं। सोहराय चित्रकला को केवल फोक आर्ट के नाम पर दीर्घाओं में टांग देने से यह नहीं बचेगी। इसे गांवों में, स्कूली पाठ्यक्रमों में, लोकमंचों पर, महिलाओं के स्व-सहायता समूहों में, और जन-चेतना अभियानों में जीवित करना होगा। इसके लिए सरकार, समाज और शिक्षा प्रणाली को मिलकर एक समेकित प्रयास करना होगा। इस चित्रकला का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह आदिवासी स्त्रियों की रचनात्मकता और आत्माभिव्यक्ति का माध्यम है। एक ऐसे समाज में जहां स्त्रियों की आवाज़ें अक्सर दबा दी जाती हैं, सोहराय चित्रकला उन्हें एक ऐसा मंच देती है जहां वे बिना बोले भी बहुत कुछ कह पाती हैं। चित्रों में उनकी सोच, उनकी भावनाएं, उनका पर्यावरण से रिश्ता, उनकी धार्मिकता और उनकी सामाजिक भूमिका सब कुछ समाहित होता है। ऐसे में इस चित्रकला को बचाना, केवल एक सांस्कृतिक विरासत को नहीं, बल्कि स्त्री स्वाभिमान और सृजनात्मकता को भी बचाना है। सोहराय चित्रकला के साथ-साथ इससे जुड़ी अनेक उपकथाएं, गीत, लोकगीत और मान्यताएं भी हैं जो धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही हैं। अगर यह परंपरा समाप्त हो गई, तो केवल एक दृश्य कला ही नहीं जाएगी, बल्कि उससे जुड़े लोकज्ञान, लोकविश्वास और सामाजिक संरचनाएं भी खो जाएंगी। आज हमें यह विचार करने की आवश्यकता है कि हम किस प्रकार की आधुनिकता को अपनाना चाहते हैं। क्या वह आधुनिकता जो हमारी जड़ों को काटकर केवल उपभोक्तावाद को बढ़ावा देती है? या वह जो अपनी परंपराओं को समझते हुए, उन्हें साथ लेकर भविष्य की ओर बढ़ती है? सोहराय की दीवारें अब चुप हैं। लेकिन यह चुप्पी केवल एक कला की नहीं है, यह एक चेतावनी है कि यदि हमने समय रहते अपनी परंपराओं की ओर मुड़कर नहीं देखा, तो आने वाली पीढ़ियों के पास इतिहास की केवल तस्वीरें होंगी, अनुभव नहीं। हमें यह याद रखना चाहिए कि परंपरा कोई बोझ नहीं होती, बल्कि वह एक ऐसी विरासत होती है जो हमारी अस्मिता, हमारी पहचान और हमारे सामाजिक ताने-बाने की नींव होती है। सोहराय चित्रकला हमें सिखाती है कि प्रकृति, स्त्री, समाज और कला ये सब आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं। इन्हें अलग करना, या किसी एक को खो देना, पूरे ताने-बाने को कमज़ोर करना है। इसलिए यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम इस चित्रकला को फिर से गांव की दीवारों पर जीवित करें। इसे स्कूली शिक्षा में लाएं, इसे डिजिटल माध्यमों पर प्रस्तुत करें, इसे महज अतीत की वस्तु न बनाएं। कलाकारों को सम्मान दें, उन्हें मंच दें, और सबसे महत्वपूर्ण समाज को यह समझाएं कि मिट्टी की दीवार पर बना चित्र किसी ब्रांडेड दीवार घड़ी से अधिक जीवंत और मूल्यवान हो सकता है।यदि हम अब भी चुप रहे, तो एक दिन इतिहास हमें यह कहेगा कि हमने केवल एक चित्रकला को नहीं, एक समाज की स्मृति, स्त्री की रचनाशीलता और प्रकृति से हमारे रिश्ते को खो दिया। सोहराय की दीवारें हमसे पुकार रही हैं क्या हम उनकी आवाज़ सुनने को तैयार हैं?

**हंसराज चौरसिया**

# ट्रम्प और नाटो की दादागिरी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी दादागिरी के चलते टैरिफ लगाने की घोषणाएं कर विश्व व्यापार को अनिश्चितता के दौर में धकेल दिया है। एक तरफ भारत और अमेरिका में द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए बातचीत चल रही है तो दूसरी तरफ ट्रम्प खुद भारत को धमकाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। जब से रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ है तब से ही भारत का रूस से सस्ते में तेल खरीदना अमेरिका और उसके दुमछल्ले देशों को खटक रहा है। डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर इस बात के लिए दबाव डाला था कि वह रूस से तेल पर अपनी निर्भरता कम करे लेकिन भारत ने दबाव के आगे झुकने से साफ इन्कार करते हुए अपने देश के हितों की रक्षा करने के लिए रूस से तेल खरीदना जारी रखा। अब नाटो ने भारत, चीन और ब्राजील को धमकी दी है कि अगर इन्होंने रूस से तेल और गैस की खरीद जारी रखी तो इन पर 100 फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा। नाटो महासचिव मार्क रूट ने साफ शब्दों में कहा कि मास्को में बैठा व्यक्ति अगर यूक्रेन के साथ युद्ध रोकने की सलाह को गंभीरता से नहीं लेता है, तो फिर उसे आर्थिक रूप से अलग-थलग करने के लिए कड़े टैरिफ लगाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि आप बीजिंग या दिल्ली में रहते हैं और या फिर चाहे ब्राजील के राष्ट्रपति हैं तो आपको इस पर विशेष रूप से ध्यान देना जरूरी है, क्योंकि अगर ऐसा होता है तो सबसे ज्यादा आप तीन इससे प्रभावित हो सकते हैं। इसके साथ ही नाटो महासचिव ने तीनों देशों से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को शांति वार्ता के लिए गंभीरता से राजी कराने के प्रयास करने की भी अपील की। इससे पहले ट्रम्प ने रूस पर यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए दबाव बनाते हुए कहा था कि अगर 50 दिनों के बाद भी युद्ध रोकने का कोई समझौता नहीं किया जाता तो वह रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाएंगे। दुनिया में चल रही टैरिफ वॉर के बीच नाटो का कूदना एक बड़ी चुनौती के समान है। पश्चिमी देशों का नेतृत्व अमेरिका और नाटो (नार्थ अटलांटिक ट्रीटी आर्गेनाइजेशन) जो मुख्य रूप से सैन्य और आर्थिक शक्ति का केन्द्र है। साफ है ?कि नाटो ने यह धमकी ट्रम्प के इशारे पर दी है। अब सवाल यह है कि क्या यह धमकी ब्रिक्स देशों और पश्चिमी देशों के बीच एक नए शीत युद्ध की शुरूआत है? ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका का संगठन ब्रिक्स इस समय उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं को मंच देता है। यह संगठन अब 10 देशों का समूह हो चुका है और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर 41 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है।

शीत युद्ध का मतलब है दो देशों या समूहों के बीच बिना सीधे युद्ध के तनाव, प्रतिस्पर्धा और आर्थिक-सैन्य दबाव। 1945 से 1991 तक अमेरिका और सोवियत संघ के बीच चला शीत युद्ध इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। उस समय दोनों पक्षों ने हथियारों की होड़, जासूसी और आर्थिक प्रतिबंधों के जरिए एक-दूसरे को कमजोर करने की कोशिश की। आज ब्रिक्स और पश्चिमी देशों के बीच बढ़ता तनाव कुछ वैसा ही दिख रहा है लेकिन यह आर्थिक और भू-राजनीतिक (जियोपॉलिटिकल) मुद्दों पर केंद्रित है। ब्रिक्स समूह लगातार अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने के लिए नई ब्रिक्स मुद्रा बनाने की बात कर रहा है ताकि डॉलर के वैश्विक वर्चस्व को चुनौती दी जा सके। उसने अमेरिका के टैरिफ और इजराइल-ईरान युद्ध की भी निंदा की है। इससे अमेरिका और नाटो उसे अपना दुश्मन समझने लगे हैं। यूक्रेन में युद्ध शुरू होने के बाद ही पश्चिमी देशों ने रूस को व्यापारिक प्रतिबंधों में बांध दिया था।

जिसके बाद भारत और चीन रूस के सबसे बड़े तेल खरीदार बन गए। 2023 में इन दोनों देशों ने रूस से समुद्री मार्ग से आने वाले क्रूड ऑयल के लगभग 85-90 प्रतिशत हिस्से का आयात किया। अकेले भारत हर दिन 1.6 से 1.7 मिलियन बैरल कच्चा तेल रूस से खरीदता है, जो भारत की कुल दैनिक जरूरत का लगभग 35 प्रतिशत है। रूस भारत को भारी-भरकम डिस्काउंट पर तेल बेचता है, ऐसे में ट्रम्प की धमकी भारत की ऊर्जा रणनीति पर सीधा हमला करती है। जी-7 देशों ने पहले ही रूस तेल की कीमत पर 60 डॉलर प्रति बैरल का कैप लगा रखा है। इसलिए भारत 60 डॉलर प्रति बैरल से कम कीमत पर रूसी तेल खरीदता है, जबकि इंटरनेशनल मार्केट करीब 70 डॉलर प्रति बैरल तेल बिक रहा है। (कीमत 66 से 72 के बीच) ऐसे में समझा जा सकता है कि भारत को कितना फायदा हो रहा है।

हाल ही में एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत से रूसी तेल का आयात जून महीने में 11 महीनों में उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। ट्रम्प और नाटो की चेतावनी भारत के लिए परेशानी पैदा करने वाली है। रूस हमारा परखा हुआ मित्र रहा है। भारत हर हाल में उसके साथ रहेगा। ट्रम्प जिस तरह से पाकिस्तान को गले लगा रहे हैं उसको लेकर भी भारत को सतर्क रहना होगा। भारत के लिए अभी यह भी देखना होगा कि भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार पर होने वाला नया समझौता घरेलू अर्थव्यवस्था और व्यापार पर क्या असर डालता है। भारत के पास समझौता करने के लिए एक अगस्त तक की मोहलत है। समझौते में जैनेटिकली मॉडिफाइड फसलों, डेयरी उत्पाद और दवा निर्यात जैसे मुद्दों पर गतिरोध बना हुआ है। भारत के सामने बहुत सी चुनौतियां हैं और विकल्प सीमित हैं। इसलिए भारत को सतर्क रवैया अपना कर आगे बढ़ना होगा। भारत ने हमेशा ही संतुलन की नीति अपनाई है। वह अपने मित्र रूस से गहरे संबंध बनाए रखेगा और साथ ही वह पश्चिम के भी पूरी तरह से खिलाफ नहीं जाना चाहता। भारत को एक बार फिर ऐसी धमकियों का जवाब अपनी स्वतंत्र नीतियों से देना होगा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### संदिग्ध हाल में अधेड़ की मौत, जाँच में जुटी पुलिस

**रूद्रपुर,देवरिया।** जनपद के रुद्रपुर कोतवाली अंतर्गत ग्राम सभा कन्हौली में 35 वर्षीय अभिषेक सिंह पुत्र रणजीत सिंह का शव संदिग्ध परिस्थितियों में अपने ही मकान में फांसी के फंदे से लटकता मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया और आगे की कार्यवाई में जुट गई। जानकारी के मुताबिक मृतक रात में खाना खाने के बाद सामान्य रूप से अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह लोगों ने देखा कि अभिषेक फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। पत्नी अनामिका सिंह व बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है। संदिग्धावस्था में मौत का पूरा मामला पुलिस के जांच का विषय है। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का स्पष्ट कारण पता चलेगा।

### बैतालपुर चीनी मिल को चलाने की मांग को लेकर किसानों का धरना 215 वें दिन जारी

**देवरिया।** बैतालपुर चीनी मिल सहित अन्य मांगों के समर्थन में चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति तथा संयुक्त महा मोर्चा के तत्वाधान में कलेक्ट्रेट परिसर में चलाया जा रहा धरना आज 215 दिन जारी रहा। धरना सभा को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि देश में सर्वाधिक चीनी मिल वाला जिला देवरिया आज अपने एक चीनी मिल के लिए तरस रहा है जहां कभी 14 चीनी मील हुआ करती थी, परंतु बैतालपुर चीनी मिल चलाने के लिए ही बेची गई थी , परंतु, क्रेता, विक्रेता और तत्काल सरकार की दुरिभि संधि के चलते मिल अपने अनुबंध के अनुसार नहीं चली और वर्तमान सरकार ने तो अपने उदासीनता की सीमा पार किया है नहीं तो सुबे के मुख्यमंत्री बार-बार सार्वजनिक मंच से देवरिया के चुनाव में घोषणा करते हैं कि बैतालपुर में चीनी कंपलेक्स बनाएंगे पर उनकी आवाज आम आदमी जैसी प्रतीत होती है इस घोषणा के बाद यहां के किसानों में आक्रोश बना हुआ है कि बार-बार घोषणा करने के बाद मांग को पूरा नहीं किया जा रहा है। धरने पर राम प्रकाश सिंह, पूर्व सांसद ऑस मोहम्मद, मंजू चौहान, जयप्रकाश गुप्ता, जगदीश यादव, मृत्युंजय मणि त्रिपाठी, अशोक मालवीय, संजीव शुक्ला, धर्मेंद्र पांडेय, मनोज कुमार त्रिपाठी, राम इकबाल चौहान, वृद्धि चंद यादव इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### स्ट्रीट लाइट का नपा अध्यक्ष ने किया लोकार्पण



**देवरिया।** नगर पालिका परिषद गौरा बरहज सीमांतर्गत मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत स्वीकृत विद्युत कार्य हरिहर यादव के मकान से हनुमान मंदिर व प्राथमिक विद्यालय, सूर्यनारायण के मकान तक 9 मीटर ऑक्टगोनल पोल सहित 120 वाट एलईडी स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन कार्य का लोकार्पण किया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी निरुपमा प्रताप, अवर अभियंता, निर्माण लिपिक, जलकल प्रभारी तथा वार्ड के नागरिक गण उपस्थित रहें। उक्त कार्य की स्वीकृति प्रदान करने के लिए नगर पालिका परिषद गौरा बरहज की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं नगर विकास मंत्री ए के शर्मा का आभार व्यक्त करती हूं।

### भारतीय जनता पार्टी मंडल उनवल की कार्यकारिणी की घोषणा

**खजनी गोरखपुर** –भा जा पा प्रदेश नेतृत्व ने उनवल मंडल कार्यकारिणी की घोषणा के अनुसार इन्द कुमार निगम मंडल अध्यक्ष। 6 उपाध्यक्ष, सुमित सिंह, विजय तिवारी, शशिशेखर सिंह, योगेन्द्र साहनी, प्रदीप सिंह सैंथवार, रमेश सिंह। 2 मंडल महामंत्री, योगेश वर्मा, सतीश उपाध्याय, 6 मंडल मंत्री, अश्वनी सिंह, सत्येन्द्र सिंह, दिवाकर राम त्रिपाठी, गौकरन प्रसाद, प्रियंका साहनी, श्रीमती विजय क्रांति शर्मा, कोषाध्यक्ष, विजय शंकर मौर्य, 5 सदस्य, संदीप तिवारी, विजय कुमार तिवारी, राहुल गुप्ता, संदीप चौरसिया, संजय विश्वकर्मा। सभी 21 लोंगों की कार्यकारिणी घोषित की गई है प्रदेश नेतृत्व की संस्तुति पर उनवल मंडल कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को उनवल मंडल के भा जा पा कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों ने नई मंडल कार्यकारिणी को बधाई दी है बधाई देने वालों में उमाशंकर निषाद पूर्व चेयरमैन नगर पंचायत उनवल, संतोष राम त्रिपाठी हरिशंकर सिंह, अनिल पांडेय, मनोज राम त्रिपाठी, राम अशीष त्रिपाठी ,जनार्दन तिवारी, गिरजेश तिवारी, अमित तिवारी आदर्श राम त्रिपाठी आदि है।

# सरकारी मदरसा में चल रहा था झाड़-फूंक का खेल, वीडियो वायरल, नोटिस जारी

**●झाड़-फूंक के वीडियो को अधिकारियों ने तत्काल लिया संज्ञान, अंधविश्वास को बढ़ावा देने वाला यह मामला बना क्षेत्र में चर्चा का विषय**



स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेखुआनी टोला नौडिहवा स्थित एक मदरसे में वर्षों से झाड़-फूंक का खेल चल रहा था। इस झाड़-फूंक के पूरे प्रकरण का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मदरसा में बच्चों के पढ़ाई के जगह झाड़-फूंक का मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं बताया जाता है कि मदरसा में झाड़-फूंक करने से कुछ अध्यापकों द्वारा मना किया गया था लेकिन उक्त मौलाना द्वारा मनमाने तरीके से मदरसा में ही झाड़-फूंक किया जा रहा था। वैसे सिर्फ झाड़-फूंक था या इसके आड़ में कुछ और यह तो जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगा। वहीं वायरल विडियो को संज्ञान में लेते हुए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। तथा इसकी गहनता से जांच-पड़ताल कर झाड़-फूंक में संलिप्त सभी पर कार्यवाही करने की बात कही जा रही है। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के नौडिहवा स्थित एक मदरसे में जिस जगह बच्चों को शिक्षा दिया जाता है वहां मदरसे के एक सहायक अध्यापक द्वारा अवैध रूप से कमरे में झाड़-फूंक किया जा रहा था। हैरत कि बात है कि प्रदेश सरकार मदरसों में शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर लगातार अभियान चलाकर कार्यवाही कर रही है लेकिन फिर भी मदरसों में एक से बढ़कर एक कारनामे सामने आते रहते हैं। उक्त मदरसा में झाड़-फूंक का विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ तो अधिकारी तत्काल मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच-पड़ताल में जुट गए। वायरल विडियो में दिख रहा है कि एक कमरे में भीड़भाड़ लगा हुआ है तथा एक मौलाना साहब झाड़-फूंक कर रहे हैं। वहीं पूछने पर मौलाना साहब बता रहे हैं कि वह मदरसा में दूरदराज से आए लोगों का रूहानी इलाज कर रहे हैं। बताया जाता है कि उक्त मदरसा में झाड़-फूंक के दौरान भारत व नेपाल से लोग आकर मौलाना के पास एक कमरे में झाड़-फूंक व दुआ करवाते हैं। वैसे पूर्व से ही उक्त मदरसा विवादों से घिरा रहा है ऐसे में एक बार फिर नए कारनामे को लेकर पुनः चर्चा में है। वहीं लोग बताते हैं कि झाड़-फूंक में प्रयुक्त सामान के नाम पर मौलाना साहब को पैसा भी दिया जाता है तथा झाड़-फूंक में बड़ी से बड़ी बीमारी को ठीक करने का दावा भी किया जाता है। वैसे तो मदरसा हर बार नए-नए कारनामे को लेकर चर्चा में बना रहता है लेकिन इस बार सरकारी मदरसा में बच्चों के सामने पढ़ाई के जगह अवैध रूप से झाड़-फूंक जैसे अंधविश्वास को बढ़ावा देने वाला यह मामला और भी काफी चर्चा में है। मदरसा में झाड़-फूंक ही चल रहा था या झाड़-फूंक की आड़ में कुछ और यह तो जांच से स्पष्ट हो सकेगा फिलहाल यह आशंका जताई जा रही है कि कहीं छांगुर बाबा से इसका कनेक्शन तो नही है। वहीं विडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी गहनता से जांच-पड़ताल में जुट गए। इस संदर्भ में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तनमय पाण्डेय ने बताया कि मदरसा में झाड़-फूंक का मामला संज्ञान में आया है, मामले में गहनता से जांच-पड़ताल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अध्यापक को नोटिस जारी कर दो दिवस के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है। ऐसे में जांच के बाद दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## यूरिया खाद के लिए किसानों की लगी लम्बी कतार



स्वतंत्र प्रभात

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के पेड़ारी चौराहे पर स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड बैकुंठपुर में बृहस्पतिवार को यूरिया खाद मिलने की सूचना पर क्षेत्र के किसानों की भीड़ इकट्ठा हो गई। किसानों की भारी भीड़ को देखते हुए सचिव ने स्थानीय थाने की पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था के बीच यूरिया खाद का वितरण कराया। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद नहीं की आपूर्ति नहीं हो पा रही है जिससे किसान काफी परेशान हैं। वहीं क्षेत्र के बैकुंठपुर साधन सहकारी समिति पर यूरिया खाद की सूचना मिलते हीं क्षेत्र के निपनिया, पेड़ारी, बेलभार, मनिकौरा, विषखोप, महुलानी, रेहरा, अहिरौली, भगवानपुर, बड़हरा, बैकुंठपुर, महदेइया समेत अन्य गांवों के किसानों की भीड़ इकट्ठा हो गई। वहीं कुछ किसानों को खाद मिला तो कुछ किसानों को खाद नहीं मिलने से निराश होकर घर लौटना पड़ा। किसान राज अग्रहरि, जयप्रकाश यादव, राजू चौधरी, राजकुमार चौधरी, चन्द्र भान चौधरी, गौरीशंकर, राजेश पाण्डेय सहित अन्य किसानों ने बताया कि यूरिया खाद की किल्लत होने से जरूरत भर यूरिया नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में साधन सहकारी समिति के सचिव धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि चार सौ बोरी यूरिया खाद आया हुआ था जो जरूरत मंद किसानों को टोकन नंबर के माध्यम से आधार व खतौनी के द्वारा प्रति किसान को दो बोरी यूरिया खाद वितरित किया गया है।

## भारतीय स्टेट बैंक व बीआरडी कालेज के संयुक्त अभियान में संपन्न हुआ पौध रोपण कार्यक्रम



स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया।** शहर के बाबा राघवदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय व भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के बग़ीचे में वृक्षारोपण अभियान के तहत बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पी एन सिंह व भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक सचिन श्रीवास्तव ने विभिन्न प्रजाति के आम, कटहल व औषधीय पौधों का रोपण किया। इस मौके पर प्राचार्य ने कहा कि भारत की संस्कृति व सभ्यता वनों में ही पल्लवित तथा विकसित हुई है। यह एक तरह से मानव के जीवन सहचर है। वृक्षारोपण से प्रकृति का संतुलन बना रहता है, वृक्ष अगर ना हो तो सरोवर में ना ही जल से भरी होंगी और ना ही सरिता कल कल ध्वनि से प्रभावित होंगी। सचिन श्रीवास्तव ने कहा कि आज के युग मे, वैश्विकरण ने पर्यावरण पर भारी असर डाला है। औधोगिक क्रांति के बाद से हमारे कार्बन पदचिन्ह में भारी वृद्धि हुई है। इसके अलावा व्यवसायीकीकरण और औधोगिकीकरण के विस्तार के लिय अनियंत्रित रूप से लाखों एकड़ वनों को काटा जा रहा है, जिससे ग्लोबल वॉर्मिग में तेज़ी आई और वैश्विक तापमान में वृद्धि हुई। इस दौरान बैंक अधिकारी संतोष जायसवाल, अनिल गौतम, महाविद्यालय के मुख्य नियंता प्रो रजनीश कुमार, डॉ सतेंद्र सिंह, प्रो सुबाश चंद्र, डॉ जी सी तिवारी, डॉ विनय रोजड़िया, डॉ धीरज वर्मा इत्यादि उपस्थित रहें।

## सभासद प्रत्याशी की दुकान पर शराब का गोरखधंधा,ख़जनी पुलिस की का एक्शन, आम जनता में कार्यवाई पर सन्देह

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर (खजनी)**- नगर पंचायत उनवल में सभासद प्रत्याशी ब्रह्मदेव पुत्र स्व. रामनयन की किराना दुकान की आड़ में चल रहा अवैध शराब का कारोबार आखिरकार खजनी पुलिस की जद में आ गया। शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर हुई छापेमारी में भारी मात्रा में अवैध रूप से देशी शराब बरामद की गई। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया, लेकिन स्थानीय लोगों में कार्रवाई को लेकर नाराजगी भी देखी जा रही है, क्योंकि यह महज खानापूर्ति बनकर रह गई।

**गुप्त सूचना पर दबिश, बोरियों में छिपी मिली शराब**



ख़जनी तहसील रिपोर्टर-अनुसार नगर पंचायत उनवल के वार्ड नंबर 13, पुरानी बाजार में ब्रह्मदेव की किराना दुकान लंबे समय से अवैध शराब बिक्री का अड्डा बनी हुई थी। स्थानीय लोगों की शिकायतों और गुप्त सूचना के आधार पर ख़जनी पुलिस ने शुक्रवार सुबह दुकान की घेराबंदी की। तलाशी के दौरान बोरियों में छिपाकर रखी गई देसी शराब की 25 शीशियां बरामद हुईं। मौके पर मौजूद ब्रह्मदेव को गिरफ्तार कर खजनी थाना लाया गया, जहां शॉर्ट आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। हालांकि, औपचारिकताएं पूरी कर उसे थाने से ही जमानत दे दी गई, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है।

**आबकारी पुलिस के मिलीभगत का संदेह, नेटवर्क पर सवाल**

स्थानीय सूत्रों का कहना है कि ब्रह्मदेव की दुकान पर पहले भी शराब बिक्री की शिकायतें की गई थीं, लेकिन कथित तौर पर विभागीय गठजोड़ के चलते कार्रवाई नहीं हुई। हैरानी की बात यह है कि इस दुकान से नाबालिग बच्चों तक को 24 घंटे शराब उपलब्ध कराई जा रही थी, जिससे क्षेत्र में नशाखोरी का जाल फैल रहा था। सवाल उठता है कि ब्रह्मदेव को शराब की आपूर्ति कहां से हो रही थी? इस नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल हैं? क्या यह धंधा विभागीय मिलीभगत से फल-फूल रहा है?

**स्थानीय लोगों में आक्रोश, दिखावे की कार्रवाई पर सवाल!**

स्थानीय निवासियों का कहना है, "ऐसी कार्रवाइयां सिर्फ दिखावे के लिए होती हैं। आरोपी को तुरंत जमानत दे दी जाती है, और वह फिर से वही धंधा शुरू कर देता है।"सूत्रों के मुताबिक, उनवल क्षेत्र में कई अन्य किराना दुकानों पर भी खुलेआम शराब बिक रही है, लेकिन पुलिस और आबकारी विभाग की निष्क्रियता के चलते यह धंधा बेरोकटोक चल रहा है। लोगों का मानना है कि यदि गहन जांच हो तो कई दुकानदार जेल की सलाखों के पीछे हो सकते हैं।

**थानाध्यक्ष का बयान**

खजनी थानाध्यक्ष अनुप सिंह ने बताया, "मुखबिर की सूचना पर ब्रह्मदेव की दुकान पर छापेमारी की गई, जहां 25 शीशियां देसी शराब बरामद हुई। वीडियो और लिखित कार्रवाई के बाद आरोपी को जमानत दे दी गई है। आगे की कार्रवाई जारी है।"

**नशे के कारोबार पर कब लगेगी लगाम?**

यह घटना उनवल में नशे के बढ़ते कारोबार की ओर इशारा करती है। जब तक आबकारी विभाग और पुलिस मुख्य सप्लायर और नेटवर्क तक नहीं पहुंचेगी, तब तक यह गोरखधंधा रुकने वाला नहीं। स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि नशे के इस जाल को तोड़ने के लिए सख्त और पारदर्शी कार्रवाई की जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को नशे की गर्त से बचाया जा सके।

## गोरखपुर खजनी में राजगीर की संदिग्ध मौत, गड्ढे में छलांग लगाने के बाद गिरकर गई जान

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर।** खजनी कस्बे में शुक्रवार शाम उस वक्त हड़कंप मच गया जब राजगीर का कार्य करने वाला एक 50 वर्षीय व्यक्ति सड़क किनारे गड्ढे में छलांग लगाने के बाद गिर पड़ा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना खजनी कस्बे की सीबी सिंह गली की है, जहां डोहरिया (बरी) निवासी पन्नेलाल पुत्र स्व. सोमई निषाद शुक्रवार शाम करीब चार बजे अपने घर लौट रहे थे। तेज धूप और उमस के बीच वह जैसे ही गली के बीच पहुंचे, वहां भरे पानी के गड्ढे को पार करने के लिए उन्होंने छलांग लगाई, लेकिन अचानक संतुलन बिगड़ गया और वह गिर पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, गिरते ही पन्नेलाल के सिर में चोट आई और वह बेहोश हो गए। स्थानीय लोग दौड़कर पहुंचे, लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। ख़जनी तहसील रिपोर्टर रामअशीष तिवारी अनुसार घटना की सूचना पर खजनी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कट पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन भीषण गर्मी और हीट वेव को भी मौत का कारण माना जा रहा है। थानाध्यक्ष खजनी अनूप सिंह ने बताया कि मृतक गड्ढे में छलांग लगाने के दौरान असंतुलित होकर गिरा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आने ब्रेन हेमरेज होने की संभावना है । फ़िरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, और आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि मृतक पन्नेलाल काफी मेहनती और परिवार का पालन करने वाला इकलौता सहारा था। पांच वर्ष पूर्व उसकी पत्नी की भी असमय मौत हो गई थी, जिसके बाद से वह अपने बच्चों की जिम्मेदारी अकेले उठा रहा था। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। गांव में भी मातम पसरा हुआ है। परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है, वहीं ग्रामीणों ने सड़क पर गड्ढे की भराई और जल निकासी की व्यवस्था करने की मांग प्रशासन से की है ताकि इस तरह की घटना दोबारा न हो। भीषण गर्मी के बीच बढ़ रही घटनाओं ने लोगों को चिंता में डाल दिया है।

## अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण में शिथिलता डीएम कार्यालय से दूसरी बार मांगी गई सूची

**●सभी खंड विकास अधिकारियों को जिलाधिकारी महोदय का आदेश से अवगत करा दिया गया है उपजिला अधिकारी खजनी राजेश प्रताप सिंह**




स्वतंत्र प्रभात

**खजनी गोरखपुर-** प्रदेश सरकार की सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना के तहत खजनी तहसील के 24 गांवों में नए अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण होना है। तहसील के तीन ब्लॉकों खजनी, उरूवां और बेलघाट में 8-8 अन्नपूर्णा भवन बनाए जाएंगे। गोरखपुर जिले के कुल 20 ब्लॉकों में 150 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जाएगा, शासनादेश के अनुसार जिलाधिकारी गोरखपुर कृष्ण करूणेश के आदेशानुसार बीते 9 जून 2025 को जिला पूर्ति अधिकारी को पत्र भेजकर जिले के सभी ब्लॉकों में अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण हेतु गांवों में स्थल/भूमि चयन का निर्देश दिया गया था। पहले चरण में कुल 75 अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण हेतु ब्लॉकवार लक्ष्य निर्धारित करते हुए सभी खण्ड विकास अधिकारियों को 28 जून 2025 तक जिला पूर्ति अधिकारी को प्रस्तावित स्थलों की सूची भेजने का निर्देश दिया गया था। किंतु 14 जुलाई 2025 तक गोला, बड़हलगंज, उरूवां, खजनी, बेलघाट, पिपरौली, भटहट एवं खोराबार ब्लॉकों के द्वारा इतने समय के बाद भी निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कोई प्रस्ताव नहीं भेजा गया।

15 जुलाई 2025 को जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा इसे उत्तरदायित्वों के प्रति घोर लापरवाही मानते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया। इस संदर्भ में बीडीओ उरूवां आसिफ एखलाक ने बताया कि ब्लॉक से महिलवार, टिकरी बुजुर्ग, बुधनापार, रसेत, सहुआं, रग्घूपुर, गजपुर, बेसहनी गांवों में अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया है। भूमि के चयन का प्रस्ताव भेजना बाकी है। वहीं बेलघाट ब्लॉक के बीडीओ परमेश्वर झा ने बताया कि रामपुर, नरगडा शिवदत्त, बघैला, बलुआ भवानी बक्स सिंह, अंवरारूप, जैती, सोहनाग और बेईली खुर्द गांवों में अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण की सूची भेज दी गई है, भूमि चयन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसी प्रकार खजनी ब्लॉक के बीडीओ रमेश शुक्ला ने बताया कि ब्लॉक से बसियाखोर, डुमरैला, नकहां, गोपालपुर, बस्तियां, धुवहां और औराई गांवों में अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया है, जमीन के चयनात्मक की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। इस संदर्भ में एसडीएम खजनी राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि बेलघाट, उरूवां और खजनी ब्लॉक के खण्ड विकास अधिकारियों को डीएम के आदेश से अवगत करा दिया गया था, तीनों ब्लॉकों के खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा सूची भेज दी गई है।

## तीन मासूमों की मां ने पति के सामने खुद को लगाई आग, दहेज प्रताड़ना का आरोप, बस्ती में सनसनी

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के हलुवापार गांव में बुधवार रात एक हृदयविदारक घटना में तीन मासूम बच्चियों की मां पूनम (उम्र लगभग 27 वर्ष) ने कथित तौर पर पारिवारिक कलह और दहेज प्रताड़ना से परेशान होकर खुद को आग के हवाले कर दिया।घटना के वक्त पूनम का पति किशन कुमार गौतम मौके पर ही मौजूद था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पूनम ने ज्वलनशील पदार्थ (तेल) छिड़ककर खुद को आग लगा ली। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि उसे समय रहते बुझाया नहीं जा सका। आग बुझाने के प्रयास में किशन कुमार का हाथ भी झुलस गया, लेकिन पूनम की जान नहीं बचाई जा सकी। पूनम की तीन बेटियाँ–प्रियांशी (6 वर्ष), दिव्यांशी (4 वर्ष) और हिमांशी (2 वर्ष)–अपनी मां को जलते हुए देखती रहीं। बच्चों की चीख-पुकार से गांव में कोहराम मच गया। तत्काल डायल 112 पर कॉल कर पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। हालांकि, जब तक आग पर काबू पाया जाता, पूनम की मौत हो चुकी थी।

सूचना पर लालगंज थाना पुलिस, चौकी इंचार्ज महादेवा दुर्गा प्रसाद पांडे और एडिशनल एसपी ओपी सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के मायके पक्ष ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि पूनम को शादी के बाद से ही दहेज को लेकर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह दर्दनाक घटना एक बार फिर दहेज जैसी सामाजिक बुराई पर सवाल खड़े करती है। तीन मासूम बच्चियों से उनकी मां का साया हमेशा के लिए छिन गया, और एक परिवार का भविष्य अंधेरे में डूबता नजर आ रहा है।

## शासन की मंशानुरूप गुणवत्ता के साथ समस्याओं का निस्तारण- डीएम

**चित्रकूट** – जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने शुक्रवार को कलेक्टरेट स्थित सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन कर फरियादियों की समस्याएं सुनी तथा निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। शुक्रवार को जिलाधिकारी शिवशणप्पा जीएन ने कलेक्टरेट स्थित सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को एक-एक करके सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन सामान्य की शिकायतों का शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। कहा कि जमीन से सम्बन्धित मामलों में पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निष्पक्ष निस्तारण कराएं। साथ ही निस्तारण से सम्बन्धित लाभार्थी को संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे स्वप्निल कुमार यादव, अपर उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक, चकबंदी अधिकारी बन्दोबस्त मनोहर लाल धर्मन आदि मौजूद रहे।

## पत्नी की हत्या के आरोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार, पाईप के हैंडल से मारी थी जान

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर।** पिपराइच थाना क्षेत्र में पत्नी की हत्या कर फरार चल रहे पति को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने मामूली विवाद में अपनी पत्नी की पाईप के हैंडल से मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर राज करन नैय्यर के निर्देश पर अपराध व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा के पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष पिपराइच पुरूषोत्तम आनंद सिंह के नेतृत्व में टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान सनी निषाद पुत्र स्व. छेदी निषाद निवासी जंगल छत्रधारी टोला शाहपुर, थाना पिपराइच के रूप में हुई है। उसके खिलाफ



मु0अ0सं0 527/2025 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज है।

**घटना का विवरण**

दरअसल- दिनांक 11 जुलाई 2025 को वादिनी ने थाना पिपराइच में तहरीर दी थी कि उसकी बहन की हत्या उसके पति ने पाईप के हैंडल से मारकर कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपी हत्या के बाद फरार चल रहा था, जिसके बाद पुलिस टीम लगातार उसकी तलाश में जुटी थी। थानाध्यक्ष पिपराइच पुरूषोत्तम आनंद सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने हत्या की बात कबूल कर ली है और पारिवारिक विवाद में गुस्से में आकर यह कदम उठाया।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम में शामिल रहे**

थानाध्यक्ष पुरूषोत्तम आनंद सिंह,उप निरीक्षक आशुतोष वर्मा,प्रशिक्षु उप निरीक्षक परमिश पाण्डेय,हेड कांस्टेबल नर्वदेश्वर शुक्ल सामिल थे । पुलिस ने कहा कि गोरखपुर में अपराध और अपराधियों पर लगाम कसने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस की इस कार्रवाई की क्षेत्र में चर्चा है और मृतका के परिवार ने राहत की सांस ली है।

## संक्षिप्त खबरें

### कस्बे से कावंड़ियों का पहला जत्था छोटी काशी हुआ रवाना



**सिंगाही- खीरी।** शुक्रवार को कस्बे के मोहल्ला पूरब टोला से कांवड़ियों का पहला जत्था रवाना हुआ। मोहल्ले के हनुमान मंदिर पर वैदिक पूजन और मंत्रोच्चारण के बाद सभी कांवड़िए कांवड़ लेकर बोल बम का नारा लगाते हुए छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के लिए निकले। इसके बाद निघासन-सिंगाही रोड पर स्थित सरयू नदी से पवित्र जल लेकर आगे के लिए रवाना हो गए।इस दौरान जिला पंचायत सदस्य ठा. दिनेश सिंह, चेयरमैन मो.कयूम,पूर्व चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र, प्रदीप कुमार पुरवार, , कमेटी के संरक्षक शिशिर गुप्ता, एडवोकेट उमाकांत जयसवाल,सभासद सूरज कनौजिया सहित अन्य सभासदगण और संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

### मितौली पुलिस ने शांति भंग करने वाले 06 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार




**मितौली खीरी** पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के संनिकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मितौली जितेंद्र सिंह परिहार के कुशल मार्ग दर्शन तथा प्रभारी निरीक्षक थाना मितौली शिवा जी दुबे के नेतृत्व में थाना मितौली खीरी की पुलिस टीम द्वारा दिनांक 18.07.2025 को शान्ति भंग करने वाले 06 नफर अभियुक्तगण 1. राजू रस्तोगी पुत्र दयाराम निवासी काशीराम कालोनी थाना गोला जनपद खीरी 2. वेदप्रकाश पुत्र दयाराम 3. चौधरी प्रसाद पुत्र सीतराम निवासीगण ग्राम कस्ता थाना मितौली जनपद खीरी 4. गेन्दन पुत्र बनवारी 5. रोहित पुत्र गेन्दन 6. अनुज पुत्र स्व0 कन्धई निवासीगण ग्राम अछरौला थाना मितौली जनपद खीरी को अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस मे गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

### यूरिया खाद की किल्लत से जूझ रहे किसान, सहकारी समिति पर मनमानी का आरोप



निघासन (खीरी)। क्षेत्र के किसान इन दिनों यूरिया खाद की भारी किल्लत से परेशान हैं। निद्यात्तन-बीरी स्थित साधन सहकारी समिति पर खाद वितरण में भारी अनियमितता का आरोप लगाते हुए किसानों ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा है। किसानों ने शिकायत की है कि समिति पर सिर्फ उन्हीं काश्तकारों को खाद दी जा रही है, जिनका खाता समिति में दर्ज है। वहीं, छोटे व सीमांत किसान, जिनका खाता नहीं है, उन्हें आधार कार्ड दिखाने के बावजूद खाद नहीं दी जा रही। इससे धान, गन्ना व अन्य फसलों की बुआई व बढ़वार पर असर पड़ रहा है।किसानों ने आरोप लगाया कि जिन परिवारों के सदस्य समिति से जुड़े हैं, उन्हें एक ही घर के कई लोगों को खाद उपलब्ध कराई जा रही है, जबकि असल में जरूरतमंद किसान एक-एक बोरी खाद के लिए दर-दर भटक रहे हैं। किसानों ने यह मांग की कि खाद वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए और आधार कार्ड व भूमि संबंधी कागजात यानी 'कौनी' के आधार पर सभी किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाए, ताकि कोई भी किसान वंचित न रह जाए और समय पर खेती कार्य पूरे कर सके। किसानों बसंत कुमार, जसविंदर सिंह, संजय सिंह, रमेश कुमार आदि ने मांग की है कि उपजिलाधिकारी स्वयं इस मामले में हस्तक्षेप कर जांच कराएं और समिति को स्पष्ट निर्देश जारी करें कि हर पात्र किसान को उचित मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए। किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## भारतीय किसान संगठन जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया

स्वतंत्र प्रभात



**लखीमपुर खीरी** भारतीय किसान संगठन के जिला अध्यक्ष घनश्याम यादव ने जिले मे खाद की किल्लत को देखते हुए जिला अधीकारी को ज्ञापन देकर अवगत कराना है कि दिनाक 17.07.2025 दिन बुद्धवार को थाना फरधान जिला-खीरी के भदूरा सहकारी समिति में किसान खाद लेने गये थे। खाद की भारी किल्लत एवं खाद न मिलने से परेशान किसानों ने धरना शुरु कर दिया। धरने को समाप्त कराने के लिए शान्ती पूर्वक बैठे किसानों पर पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया। जिसमें कई किसानों को चोटें भी आयी है तथा एक महिला को इतना पीटा की यह वहीं गिर गई और पुलिस ने खाद लेने गये कई किसानों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने किसानों पर बर्बरता पूर्वक लाठी बरसाई। जिले में खाद की किल्लत और काला बाजारी हिंसक रूप लेती जा रही है ।जब कि दो दिन पहले प्रदेश के कृषि मंत्री ने बताया था कि खीरी में पर्याप्त खाद उपलब्ध होने की बात कही थी। हम सब किसान संगठन के लोग आपसे मांग करते है कि खीरी जिले खाद की कमी को पूरा किया जाए तथा भदूरा में किसानों एवं महिलाओं लाठी चलाने वाले पुलिस कर्मियों को निलम्बित कर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए तथा हिरासत में लिये गये किसानों छोड़ा जाए। यदि हमारी मांगे जनहित में नहीं मानी गई तो किसान संगठन पूरे पूरे जिले में धरना-प्रदर्शन कर चक्का जाम की कार्यवाही करेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी।

## काम के बहाने युवक को बुलाकर पीटा, भर्ती

स्वतंत्र प्रभात



**सिगाही – खीरी।** कस्बे की मेन बाजार में स्थित मोबाइल शॉप की दुकान पर काम कर रहे एक युवक को किसी काम के बहाने से दूसरे युवक ने अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर घर ले जाकर उसके साथ मारपीट की । मारपीट में जख्मी हुए युवक के पिता ने सिंगाही थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर मेडिकल के लिए भेजा है। मामला दो समुदायों का होने से कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार कस्बे के मोहल्ला बाजार का रहने वाला मोहित शुक्ला दोपहर के समय मोहल्ला भेड़ौरा में अपनी प्रेमिका से मिलने गया होगा। जिस समय वह घर पर गया था उस समय घर में कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था। बताया जाता है कि शाम को जब घर के लोग लौट कर आए तो उनको इसकी भनक लग गई। इसके बाद घर का एक सदस्य जायसवाल मोबाईल शाप पहुंचा ( जहां पर मोहित शुक्ला नौकरी करता है यहां से बुलाया और काम के बहाने भेड़ौरा स्थित अपने घर लेकर गया। जहां पर पूरे परिवार ने मिलकर रस्सियों से बांधकर लाठी डंडों से जमकर पिटाई की। शोर शराबा सुनकर पहुंचे मोहल्ले के लोग उसको घर से बाहर निकाल कर लाए। इसी बीच पहुंचे परिजन उसको लेकर थाने पहुंचे जहां पर लड़के की हालत को देखते हुए मुकदमा दर्ज कर मेडिकल के लिए भेज दिया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद एक्सरे के लिए ओयल रेफर किया गया है। एस ओ अजीत कुमार ने बताया कि लड़की ओर से भी छेड़छाड़ और मारपीट करने की तहरीर मिली है। दो समुदायों के बीच हुए इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस गंभीरतापूर्वक जांच कर रही है।

## बिजली विभाग की ढिलाई पर भड़के सीडीओ, सड़कों से जल्द शिफ्ट हों ट्रांसफार्मर-पोल, विद्युत आपूर्ति में लाए सुधार

- **जिले की 18 प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण में बाधा बन रहे ट्रांसफार्मर और पोल, सीडीओ ने दिए निस्तारण के निर्देश**
- **हर क्षेत्र में मिले स्थिर आपूर्ति, फाल्ट का हो समयबद्ध निस्तारण**

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी।** जिले में चल रहे विकास कार्यों की रफ्तार थमती देख सीडीओ अभिषेक कुमार सख्त हो गए हैं। शुक्रवार को विकास भवन में उन्होंने कार्यदाई संस्थाओं और विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में खासतौर पर उन प्रमुख सड़कों की चर्चा हुई, जिनके सुढ़णीकरण और चौड़ीकरण कार्य में विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर रोड़ा बने हुए हैं। सीडीओ ने साफ शब्दों में कहा कि डॉन बॉस्को-राजापुर मार्ग, एलआरपी-इंदिरा मनोरंजन पार्क मार्ग समेत जिले के 18 प्रमुख मार्गों पर विद्युत पोल और ट्रांसफार्मरों की शिफ्टिंग में शिथिलता दिखाई जा रही है, जिससे निर्माण कार्य समय से पूर्ण नहीं हो पा रहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण जैसे सार्वजनिक हित के कार्यों में कोई भी देरी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सीडीओ ने विद्युत विभाग की कार्यशैली पर नाराज़गी जताई। उन्होंने कहा कि विभाग की लापरवाही विकास कार्यों की प्रगति को बाधित कर रही है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पोल व ट्रांसफार्मर की शिफ्टिंग कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कराएं, इसके लिए विभागीय समन्वय और टाइमलाइन आधारित कार्रवाई जरूरी है। सीडीओ ने कहा कि जहां भी कार्य शिथिल पड़ा है, वहां की जमीनी हकीकत देखकर स्वयं निरीक्षण कर जिम्मेदारी तय की जाए। उन्होंने चेताया कि यदि कार्य में लापरवाही या लटकाने की प्रवृत्ति पाई गई तो संबंधित अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जाएगी।

**विद्युत आपूर्ति और फाल्ट निस्तारण पर भी फोकस**

बैठक में सीडीओ ने विद्युत आपूर्ति की समीक्षा करते हुए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में समयबद्ध और स्थिर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। किसी भी क्षेत्र में बार-बार बिजली फाल्ट की शिकायतें आना गंभीर विषय है। उन्होंने अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया कि बिजली से संबंधित शिकायतों की मॉनिटरिंग स्वयं करें और साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सीडीओ ने स्पष्ट किया कि "जनहित के कार्यों में कोताही करने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा।"

## नगर पंचायत में डिस्ट्रिक्ट बोर्ड की भूमि की पैमाइश

स्वतंत्र प्रभात



**मैलानी** नगर पंचायत के सीमान्तगर्त सड़क डिस्ट्रिक बोर्ड में दर्ज भूमि गाटा स.-1013(267 हे) और गाटा स.-1014(1.117 हे) रेलवे क्रासिंग से लेकर रेलवे स्टेशन गेट के पहले तक रोड के दोनों तरफ की पैमाइश नायब तहसीलदार सर्वेश यादव के द्वारा की गई जिस पर वर्तमान समय मे बनी दुकानों का रेल विभाग द्वारा नीलामी की प्रक्रिया की जा रही है उपरोक्त गाटा संख्याओ की पैमाइश हेतू नगर पंचायत कार्यालय के पत्रांक संख्या 305, दिनांक 12/06/25 व पत्रांक संख्या 265,दिनांक 28/06/25 को उप जिलाधिकारी गोला गोकरन नाथ खीरी को दी गयी उसकी एक प्रतिलिपि सूचनार्थ हेतू सहायक मण्डल इंजीनियरिंग को प्रेषित की गई थी उसके बाद नगर पंचायत कार्यालय पत्रांक संख्या 326 दिनांक 15/07/25 को तीसरे पत्र के माध्यम से पुनः उप जिलाधिकारी को अवगत कराया गया पत्रो का संज्ञान लेते हुए उप जिलाधिकारी ने दिनांक 17/07/25 को पैमाइश करने हेतू एक टीम का गठन किया था 18/07/25 को नायब तहसीलदार के द्वारा पैमाइश की गई नायब तहसीलदार सर्वेश यादव ने बताया कि इस पैमाइश की रिपोर्टर कल उच्च अधिकारियों को दे दी जाएगी पैमाइश टीम में मैलानी लेखपाल जैनेन्द्र कुमार,बिजुआ लेखपाल अजय गुप्ता,राजस्व निरीक्षक कुकुरा प्रेम सिंह,डालपर ग्रांट लेखपाल अमित कुमार शामिल रहे।

## अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन, बरेली निर्देशन में एक महत्वपूर्ण गूगल मीट गोष्ठी में दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहाँपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन, बरेली ने एक महत्वपूर्ण गूगल मीट गोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें डिजिटल अरेस्ट साइबर स्कैम की रोकथाम, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता - 2023 की धारा 107 के अंतर्गत अपराध से अर्जित संपत्ति की पहचान, कुर्की एवं जब्ती की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक ने डीजी परिपत्र संख्या 21/2025 एवं 22/2025 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों के प्रभावी अनुपालन पर विशेष बल दिया गया। साइबर अपराधों की बढ़ती प्रवृत्तियों को दृष्टिगत रखते हुए अधिकारियों को सतर्कता बरतने, तकनीकी दक्षता में वृद्धि लाने एवं विधिक प्रक्रिया के अंतर्गत ठोस कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक, जनपद शाहजहाँपुर ने पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर के साथ जनपद के समस्त थानो पर गठित साइबर सेल प्रभारीगण तथा उनकी टीम के साथ एक गूगल मीट बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बरेली द्वारा प्रदत्त आदेशों एवं निर्देशों से साइबर टीमों को विस्तार से अवगत कराया गया।बैठक में निम्न बिंदुओं पर बल दिया गया।डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर फ्रॉड की रोकथाम हेतु सतर्कता अभियान चलाया जाए एवं आमजन को जागरूक किया जाए। अपराध से अर्जित अवैध संपत्तियों की समयबद्ध पहचान कर, संबंधित धाराओं के अंतर्गत कुर्की एवं जब्ती की कार्यवाही सुनिश्चित की



जाए।विवेचना के दौरान डिजिटल साक्ष्यों के संग्रहण, विश्लेषण एवं सुरक्षित रख-रखाव की प्रक्रिया को और अधिक वैज्ञानिक व प्रभावी बनाया जाए।डीजी परिपत्र सं0 21/2025 एवं 22/2025 में वर्णित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए, कार्यवाही का नियमित अनुश्रवण एवं समीक्षा की जाए।पुलिस अधीक्षक ने सभी साइबर टीमों को निर्देशित किया कि वे तत्काल प्रभाव से इन दिशा-निर्देशों के अनुपालन में कार्य प्रारंभ करें तथा साइबर अपराधों पर नियंत्रण हेतु ठोस रणनीति तैयार करें।

## तेज रफ्तार बाइक ने मारी पीछे से टक्कर, स्वास्थ्य केंद्र कर्मी गंभीर रूप से घायल, लखीमपुर रेफर

स्वतंत्र प्रभात



**निघासन खीरी।** निघासन कोतवाली क्षेत्र के दुर्गा मंदिर के पास शनिवार सुबह तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक स्वास्थ्य केंद्र कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, नकटहा गांव निवासी अमित, जो निघासन सीएचसी में वार्ड बॉय के पद पर तैनात हैं, शनिवार सुबह ड्यूटी के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह दुर्गा मंदिर के पास पहुंचे, पीछे से तेज रफ्तार बाइक पर सवार युवकों ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अमित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से तुरंत सीएचसी लाया गया, जहां तैनात चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर होने पर जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया। परिजनों का आरोप है कि टक्कर मारने वाली बाइक पर चार युवक सवार थे और सभी काफी तेज रफ्तार में थे। लापरवाही से बाइक चलाते हुए उन्होंने पीछे से टक्कर मारी और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बाइक चालकों की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## झाड़ियों में छिपे सांप ने ग्रामीण को डसा, समय पर इलाज से टली जान की आफत

स्वतंत्र प्रभात



**निघासन खीरी।** बरसात के मौसम में सांपों की सक्रियता किस हद तक खतरनाक साबित हो सकती है, इसका ताजा उदाहरण सिंगाही थाना क्षेत्र के ग्राम बांग्लहा ताकिया में सामने आया। गुरुवार की सुबह खेत में चारा काटने गए एक ग्रामीण को झाड़ियों में छिपे विषैले सांप ने डस लिया। गनीमत रही कि समय रहते उपचार मिल गया, जिससे ग्रामीण की जान बच सकी।प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी अमेरिका प्रसाद रोजाना की तरह अपने मवेशियों के लिए खेत पर चारा काटने गए थे। चारा काटते समय अचानक झाड़ियों में छिपे एक सांप ने उन्हें डस लिया। पहले पहल मामूली चुभन महसूस हुई, लेकिन कुछ ही देर में उनके हाथ में सूजन आ गई और चक्कर आने लगे।स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए परिजन घबराए नहीं और तत्काल अमेरिका प्रसाद को निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए, जहां इमरजेंसी वार्ड में तैनात चिकित्सकों ने तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू किया। चिकित्सकों ने एंटी-स्नेक वेनम इंजेक्शन दिया और निगरानी में रखा। चिकित्सकों के अनुसार, मरीज को समय रहते अस्पताल लाने के कारण ज़हर शरीर में फैल नहीं पाया और अब उनकी स्थिति स्थिर है। डॉक्टरों ने बताया कि अमेरिका प्रसाद को खतरे से बाहर बताया जा रहा है, लेकिन उन्हें निगरानी में रखा गया है। स्वस्थ्य विभाग ने ग्रामीणों को आगाह किया है कि बरसात के इस मौसम में खेतों, झाड़ियों और पानी भरे इलाकों में विशेष सतर्कता बरतें। खेत में काम करते समय जूते पहनें, डंडा लेकर चलें और झाड़ियों में पैर डालने से पहले ध्यान रखें।ग्रामीणों ने चिकित्सकों और स्वास्थ्य विभाग की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि यदि समय रहते इलाज न मिलता, तो स्थिति बेहद गंभीर हो सकती थी।

## सहजन- एक ऐसा पौधा है जो औषधीय गुणों से भरपूर है जिलाधिकारी

- **एक पेड़ माँ के नामꕎ से जुड़ा एक अभूतपूर्व प्रयास- अटल सहजन वन की स्थापना**

स्वतंत्र प्रभात



**शाहजहाँपुर।** जनपद के ग्राम तुर्कीखेड़ा में एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायी पहल को मूर्त रूप दिया गया। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की प्रेरणा से "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत "अटल सहजन वन" की स्थापना की गई, जहाँ एक साथ 25,000 सहजन पौधों का वृहद वृक्षारोपण संपन्न हुआ।

इस आयोजन का शुभारंभ विधायक अरविंद कुमार सिंह , मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। सहजन–एक ऐसा पौधा जो औषधीय गुणों से भरपूर है, अब पर्यावरण संरक्षण, पोषण संवर्धन और स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में यह वरदान साबित होगा।

विशेष रूप से जिले के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने भी इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और "एक पेड़ माँ के नाम" लगाकर पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान को नई ऊर्जा प्रदान की।यह वन आने वाली पीढ़ियों को न केवल स्वच्छ वायु और प्राकृतिक संसाधनों का लाभ देगा, बल्कि बच्चों के मध्यान्ह भोजन में पोषण का नया स्रोत भी बनेगा। यह जनभागीदारी से जुड़ा वह प्रयास है, जो हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है–माँ से, प्रकृति से और संस्कृति से।

हम सभी से अपील है कि अपने घर में एक पेड़ अपनी माँ के नाम अवश्य लगाएँ और उसकी देखभाल कर इस पुनीत अभियान को सफल बनाएं।

## 03 वांछित चोर गिरफ्तार, पीली धातु व नकदी बरामद

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहाँपुर।** पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद मे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एंव क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण एवं थानाध्यक्ष थाना सेहरामऊ दक्षिणी के नेतृत्व में थाना सेहरामऊ दक्षिणी को मिली बडी सफलता। वादी मुकदमा फिरोज पुत्र वीरबक्श व पातीराम पुत्र रामलाल निवासीगण ग्राम भरगँवा थाना सेहरामऊ दक्षिणी जिला शाहजहाँपुर ने दिनांक 06.07.2025 को वादी मुकदमा के घरों में नकब लगाकर सोना व चाँदी के आभूषणों व 20,000 रुपये नगद अज्ञात चोरो के द्वारा चोरी किये जाने के सम्बन्ध में थाना सेहरामऊ दक्षिणी पर मु0अ0सं0 0206/2025 धारा 331(4)/305 बी0एन0एस0 पंजीकृत कराया था। जिसके क्रम में थाना सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस द्वारा अभियुक्तगण हंसराम उर्फ हंसु पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम बरेंग थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहाँपुर पोहपी उर्फ दीपु पुत्र कंठकिशोर निवासी ग्राम बरेंग थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहाँपुर व 3. बाल अपचारी गोलू (काल्पनिक नाम ) को ग्राम पंथी से चाँदापुर को जाने वाली सड़क के पास बहद ग्राम पंथी से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से कुल 5050 रुपये एवं एक जोड़ी पीली धातु के झाले व एक जोडी पीली धातु के कुण्डल , सफेद धातु की दो जोड़ी पायल बरामद हुये । गिरफ्तार अभियुक्तगणों/बाल अपचारी को हिरासत पुलिस लेकर पूछताछ की गई अभियुक्तगणों/बाल अपचारी ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल किया गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढौतरी की गई व गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणों/बाल अपचारी को विधिक कार्यवाही करते हुये मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।

## मर्जर के विरोध में अभिभावकों ने आयोजित की चौपाल

स्वतंत्र प्रभात



**पुवायाँ, शाहजहांपुर ।** ग्राम पंचायत हरना नगला के ग्राम छोटा नगला में ग्राम वासियों ने स्कूल को दूसरे स्कूल में शिफ्ट किए जाने के विरोध में चौपाल पर चर्चा की। अभिभावकों ने कहा कि छोटे बच्चों को दूर स्कूल भेजने में सांड और आवारा जानवरों से हमले का खतरा है ? गांव की महिलाओं ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पहले दूर-दूर स्कूल हुआ करते थे लेकिन आवागमन सुरक्षित था । ना तो इतने वाहन थे और ना ही आवारा जानवर और ना बच्चों के प्रति इतने अपराध बढ़े थे। ग्राम वासियों ने कहा कि सरकार का निर्णय सही नहीं है। सरकार को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए और बच्चों को कक्षा 5 तक की शिक्षा अपने गांव और बस्ती में ही प्रदान करनी चाहिए। ग्राम जनों में सहमति बनी कि जब भी उनके गांव में कोई सांसद या विधायक या और कोई प्रतिनिधि आएगा तो वह स्कूल मर्ज किए जाने को लेकर उनसे अपनी बात रखेंगे। ग्राम प्रधान के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र भी भेजा जाएगा।एकत्रित ग्रामवासियों में ग्राम वासी, सरला, प्रभा देवी, नीलू, सावित्री, मोहनलाल, द्वारिका प्रसाद, नवनीत, सतेंद्र कुमार, अनिल कुमार, प्रभु दयाल, सोनपाल, रीना देवी, तृप्ति देवी, हरिओम, लीला धर राज कुमार, लालाराम,महेंद्र, नेवाराम, दिनेश, नन्ही देवी, सुनीता, रामलल्ली, सुशीला, सर्वेश, विमला देवी, शान्ति देवी आदि थे।

# संक्षिप्त खबरें

## औषधीय पौध तुलसी का किया पौधरोपण



तुलसी एकमात्र औषधीय पौधा ही नहीं अभी तो हमारे सनातन संस्कृति के आत्मा भी है। हमारे धर्म में पूजा पाठ बिना तुलसी के पूर्ण नहीं मानी जाती है। विगत 10 अक्टूबर 2017 से अनवरत वृक्षारोपण कर धरती को हरा भरा एवं प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत शिक्षक अशोक कुमार गुप्ता द्वारा आज उच्च प्राथमिक विद्यालय कंसापुर में 2836 वें दिन बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए तुलसी के औषधि गुणों के विषय में बताते हुए सात तुलसी के पौधों को बच्चों के साथ रोपित किया गया।

## आयुर्वेद डॉक्टर का प्रमाण रजिस्ट्रेशन में मान्य नही सीएमओ

**आयुर्वेद के डॉक्टर अपने विभाग में ही लगाये प्रमाण पत्र**

**मीरजापुर।** स्वास्थ्य विभाग ने आयुर्वेद के डॉक्टरों के द्वारा लगाये जा रहे प्रमाण पत्र पर हाईकोर्ट के आदेशानुसार आपत्ति दर्ज कराई है और कहा कि विभाग द्वारा कराये जा रहे क्लीनिक व पैथालाजी के रजिस्ट्रेशन में आयुर्वेद के डॉक्टर अपना प्रमाण पत्र न लगाये अगर कोई प्रमाण पत्र लगाता है तो वह मान्य नही है वे अपने विभाग के कार्यों में अपना प्रमाण पत्र लगाये इसके लिए पूर्व में भी हाईकोर्ट द्वारा आदेशित भी किया जा चुका है। अब जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी की ओर से भी स्पष्ट आदेश किया गया है कि आज की तिथि से यदि कोई आयुर्वेद के डॉक्टर का प्रमाण लगाता है तो वह मान्य नहीं होगा।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सेल टैक्स के सीनियर अधिवक्ता प्रमोद श्रीवास्तव को दी गई श्रद्धांजलि भगवती चौधरी



**मीरजापुर।** शुक्रवार को सोशल मीडिया के अंकुर श्रीवास्तव के पिता के निधन पर उनके निवास बकरी खो पर जाकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सेल टैक्स के सिनियर अधिवक्ता प्रमोद श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि देते हुए पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी कहा की कांग्रेस पार्टी के जुझारू नेता थे प्रमोद श्रीवास्तव श्रद्धांजलि देने में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य शिव शंकर चौबे शशि भूषण दुबे कंचनी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य मीडिया प्रभारी छोटे खान सुधाकर जी जिला पंचायत सदस्य कृष्ण गोपाल चौधरी रमेश प्रजापति पप्पू राजधर दुबे इश्तियाक अंसारी शिव शंकर पांडे संतोष यादव राजेंद्र विश्वकर्मा कपिल सोनकर रितेश मिश्रा अंकित अग्रहरि अनुज मिश्रा आनंद मिश्रा डॉ दिनेश चौधरी।

## रोड हादसे में एक 18 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल जिला अस्पताल रेफर

**महराजगंज रायबरेली।** थाना क्षेत्र के बछरावां रोड पर गुरुवार की देर रात रोड हादसे में एक 18 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से 108 एम्बुलेंस पर लादकर उसे सीएचसी महराजगंज लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। आपको बता दें कि, प्राप्त जानकारी के मुताबिक घटना गुरुवार रात लगभग 9-15 बजे की बताई गई है। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के बछरावां रोड पर त्रिमूर्ति पेट्रोल पंप के सामने बछरावां की ओर से आ रहे एक बाइक सवार ने पूरे पांडेय मजरे सलेथू गांव के रहने वाले विकास यादव (18) पुत्र संतोष कुमार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह डामरीकृत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े, तत्काल घटना की सूचना 108 एंबुलेंस को दी गई।

मौके पर पहुंची एंबुलेंस पर लादकर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों के कुशल दल ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की स्थिति में सुधार होता न देख, जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। मामले में कोतवाल जगदीश यादव का कहना है कि, मामला संज्ञान में आया है। यदि परिजनों द्वारा तहरीर प्राप्त हुई तो बाइक सवार के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करी जाएगी।

# जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण मैनेजमेंट कमेटी की सीडीओ की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

**● सीडीओ ने आरआरसी सेन्टरों को शत-प्रतिशत संचालन कराने का निर्देश दिया**

**प्रत्येक ग्राम पंचायत में व्यक्तिगत शौचालय हेतु जो पात्र व्यक्ति छूटे है उनका ऑनलाइन आवेदन कराए- सीडीओ**



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** 18 जुलाई, 2025:-जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण मैनेजमेंट कमेटी के कार्यक्रम विषयक बैठक मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। सीडीओ ने समस्त खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ग्रामीण स्वच्छ भारत मिशन के सभी अभियानों, कार्यक्रमों को समय सीमा में शत-प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने आरआरसी सेन्टरों का संचालन सही ढंग से क्रियान्वित न कराने पर जिला पंचायत राज अधिकारी को कड़ी फटकार के साथ निर्देश दिया कि जो आरआरसी सेन्टर बन गये है, जो आरआरसी सेन्टर निर्माणाधीन है की प्रगति अगले बैठक में सभी फोटोग्राफ सहित रिपोर्ट उपलब्ध कराने की हिदायत दी। उन्होंने आरआरसी सेन्टर की समीक्षा के दौरान डीघ विकास खण्ड में 05, भदोही में 04, अभोली में 03, औराई में 03, ज्ञानपुर में 03, सूरियावाँ में 02 कुल 20 सेन्टर का संचालन किया जा रहा है, जो बहुत कम है सभी सेन्टरों का संचालन शत-प्रतिशत कराये।

सीडीओ ने निर्देश दिया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में व्यक्तिगत शौचालय हेतु जो पात्र व्यक्ति छूटे है उनका ऑनलाइन आवेदन करा कर ग्राम प्रधान से सर्टिफिकेट ले लें कि, इसके अलावा अब कोई पात्र व्यक्ति ग्राम में नहीं छूटा है। जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में आरआरसी का संचालन जल्द ही सुनिश्चित हो। सीडीओ ने कहा कि जिन ग्राम पंचायत में आरआरसी केंद्र बन गया है, उन ग्राम पंचायत में क्वालिटी के साथ डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कराए, कूड़ा का सेग्रीगेशन भी करने का निर्देश संबंधित ग्राम पंचायत के अधिकारियों को दिया।

वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु व्यक्तिगत शौचालय की प्रगति का विवरण लक्ष्य के क्रम में 7260, व डीडीब्ल्यूएस बेवसाइट पर ऑनलाइन पेन्डिंग प्रार्थना पत्रों की संख्या 8203, विकास खण्डों से प्राप्त सत्यापन पात्र लाभार्थियों की संख्या 4364, विकास खण्डो से अवशेष सत्यापन पात्र लाभार्थियों की संख्या 2896 है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों के क्रियाशीलता की स्थिति में विकास खण्डों में स्थित ग्राम पंचायतों की कुल संख्या 546, क्रियाशील सामुदायिक शौचालयों के ग्राम पंचायतों की संख्या 537, क्रियाशील सामुदायिक शौचालयों के ग्राम पंचायतों का 98 प्रतिशत, अक्रियाशील सामुदायिक शौचालयों के ग्राम पंचायतों की संख्या 09 अवशेष है। जिला मुख्य विकास अधिकारी ने डीपीआरओ को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के अन्दर शत-प्रतिशत शौचालय क्रियाशील कराने का निर्देश दिया।

भारत सरकार के पोर्टल पर मॉडल कैटेगरी में मार्क किए गए राजस्व ग्रामों को उनके मार्ग किए गए तिथि से 90 दिनों के बाद ब्लॉक स्तरीय टीम द्वारा वेरिफिकेशन किया जाना है अधिक राजस्व ग्रामों का वेरीफिकेशन रिपोर्ट अपलोड किया जा चुका है। शेष बचे पेंडिंग वेरिफिकेशन को भी जल्द ही वेरीफाई करने का निर्देश मुख्य विकास अधिकारी ने दिया। उसके पश्चात संबंधित एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी। बैठक में शौचालयों के प्रगति, चयनित मॉडल गाँव, शौचालयों के रेट्रोफिटिंग के प्रगति बिन्दुओं पर बल दिया गया। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ.सरोज पांडेय ,गौरव ,समस्त खण्ड विकास अधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जल जीवन मिशन के निर्माणाधीन परियोजनाओं की सीडीओ ने की प्रगति समीक्षा बैठक

**● जल संचयन व जल संरक्षण के लिए सामुदायिक भागीदारी को बढ़ायेंगी जल जीवन सखी-सीडीओ**



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही :-** मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। सीडीओ ने यह भी कहा कि जहां भी पानी टंकी का निर्माण हो चुका है वहां पानी की आपूर्ति तत्काल सुनिश्चित कराए एवं मैन पावर की व्यवस्था भी करने निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सीसी रोड इंटरलॉकिंग की सड़कों को ग्राम पंचायत में पाइपलाइन बिछाने के कारण अत्यधिक खराब हो रही है एवं बरसात के मौसम के दृष्टिगत मरम्मत सही ढंग से कराये। सीडीओ ने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिया कि जहां भी पाइपलाइन का कार्य हो वहां की सड़कों की मरम्मत सही ढंग मानक व गुणवत्ता अनुरूप समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें अन्यथा की दशा में सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि जिन ग्राम पंचायतों के मरम्मत की रिपोर्ट प्रेषित किए गए है उसकी भी जांच करने के लिए खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया। भदोही में कोन, मीनापुर, ज्ञानपुर में फौदीपुर, अभोली नवलपुर, नीबी के निर्माण कार्य ओवर हेड टैंक कम्पलीट हो गया है। सीडीओ ने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया कि पानी की आपूर्ति कराना सुनिश्चित कराये।

मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल ने कहा कि जल जीवन सखी के माध्यम से हम ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ा सकते है। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों से अनुरोध किया कि जल संरक्षण के प्रयासों में सहयोग करें। इससे जल जीवन सखी महिलाओं को रोजगार के अवसर के साथ ही सामाजिक सेवा का सुअवसर प्राप्त होगा। जल समिति व जल जीवन सखी समूह में ग्राम प्रधान, सचिव, लेखपाल, एडीओ को भी सम्मलित करने में सीडीओ ने बल दिया। सीडीओ ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को सख्त निर्देशित किया कि सभी परियोजनाएं समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करना सभी सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहे कि जहां जिन गांवों में पानी के टैंक से आपूर्ति की जा रही है। वह क्लोरीशन अवश्य कराया जाय। जनपद में जल्द ही सभी ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के तहत टंकी बनाने व पेयजल पाईप लाईन बिछाने का कार्य पूर्ण होगा, जिससे गाँव वालों को नियमित रूप से शुद्ध व स्वच्छ जल मिलेगा। बैठक में समस्त बीडीओ, चारों कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि व टीम आदि सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भदोही पुलिस डॉग स्क्वायड में कानून व्यवस्था को सहायता प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित स्वान जर्मन शेफर्ड जैसी नस्ल का उपयोग किया जा रहा



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** पुलिस डॉग स्क्वायड में कानून व्यवस्था को सहायता प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित स्वान जर्मन शेफर्ड जैसी नस्ल का उपयोग किया जा रहा है,जो अपराधियों को ट्रैक करने, खोज और बचाव एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों में करते हैं बेहतरीन प्रदर्शन। अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के नेतृत्व में भदोही पुलिस डॉग स्क्वायड, कानून व्यवस्था को सहायता प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित स्वान जर्मन शेफर्ड जैसी नस्ल का उपयोग किया जाता है, क्योंकि वे बुद्धिमान, प्रशिक्षित करने में आसान और ऊर्जावान होते हैं। स्नाइफर डॉग्स द्वारा जंगल, भूकंप के मलबे, या बर्फीले इलाकों में लापता लोगों को ढूंढना, नशीले पदार्थों, विस्फोटकों का पता लगाने, हवाई अड्डों या रेलवे स्टेशनों पर तस्करों को ट्रैक करने और खोज और बचाव कार्यों में मदद करने के लिए उपयोग किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त पुलिस परेड और राष्ट्रीय पर्व जैसे कार्यक्रमों में भी भाग लेते हैं, जहां वे अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन कर रोमांचित करते हैं।नशीली दवाओं और विस्फोटकों का पता लगाते हैं। ये प्रशिक्षित स्वान सूंघने की अपनी उत्कृष्ट क्षमता का उपयोग करके छिपे हुए नशीले पदार्थों और विस्फोटकों का पता लगाते हैं। अपराधियों को ट्रैक करने और उनका पता लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

घटना स्थलों के निरीक्षण में डॉग स्क्वायड महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जनपद में थाना कोईरौना पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0-18/23 धारा-308 भा0द0वि0 से संबन्धित अभियुक्त दिलशाद पुत्र नईम निवासी दरवासी थाना कोइरौना जनपद भदोही को डॉग स्क्वाड द्वारा हैरतअंगेज तरीके से पहचान किया गया जिससे अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। डॉग स्क्वायड, पुलिस परेड और राष्ट्रीय पर्व जैसे कार्यक्रमों में भाग लेता है, जहां वे अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करते हैं। जनपद भदोही में सेवा दे रहे जर्मन शेफर्ड स्वान "मैको" द्वारा आईटीबीपी नेशनल ट्रेनिंग सेन्टर फार डॉग एण्ड एनिमल पंचकुला,हरियाणा से 09 माह का प्रशिक्षण प्राप्त किया गया है। जिसको प्रशिक्षित करने और उनकी देखभाल प्रशिक्षित डॉग हैंडलर आरक्षी योगेश यादव एवं आरक्षी अखिलेश कुशवाहा द्वारा की जा रही है।चोरी,हत्या,लूट व दुष्कर्म जैसे गम्भीर अपराधों में अभियुक्तों की पहचान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मैको का हैरतंगेज करतब ऑपरेशन को सफल बनाता है।

# कर्ज न चुकाने पर तीन किसानों की जमीनें कुर्क

**● उपजिलाधिकारी के आदेश पर बैंक ने की कार्रवाई।**

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** तहसील क्षेत्र के गेगासो व लालूमऊ गांव के तीन किसानों की कृषि भूमि बैंक के पक्ष में कुर्क की गई। यह कार्रवाई बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से उपजिलाधिकारी लालगंज के आदेश पर की गई। गेगासो निवासी राधेश्याम शुक्ला पुत्र वृंदावन ने बैंक ऑफ बड़ौदा गेगासो क्रॉसिंग शाखा से केसीसी सहित अन्य दो लोन लिए थे। समय पर भुगतान न हो पाने के कारण ऋण एनपीए घोषित हो गया। शाखा प्रबंधक मलखान सिंह के मुताबिक कई बार लिखित सूचना भेजी गई, पर ऋण की राशि जमा नहीं की गई। बकाया करीब 52 लाख रुपये होने पर बैंक ने प्रशासन की मदद से कार्रवाई की। नायब तहसीलदार सरेनी शिवम सिंह राठौर, संग्रह अमीन शिवम वर्मा, क्षेत्रीय लेखपाल नीरज की उपस्थिति में गाटा संख्या 625, 636, 640, 642A, 642B, 646, 648G, 901, 902 की भूमि कुर्क की गई। इसी प्रकार लालगंज की बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा की ओर से भी दो बकायेदारों की भूमि कुर्क की गई। लालूमऊ निवासी अंजनी कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद पर 6,47,388 रुपये और सत्यदेव सिंह पुत्र सहदेव सिंह पर 15,97,778 रुपये का कर्ज बकाया था। शाखा प्रबंधक ललित कुमार यादव की मौजूदगी में इनकी कृषि भूमि कुर्क की गई। पूरी प्रक्रिया प्रशासनिक निगरानी में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। तीनों किसानों के खेतों पर लाल झंडियां लगाकर बैनर टांग दिया गया। इस दौरान मौके पर बैंक के क्षेत्रीय अधिकारी राजीव रंजन श्रीवास्तव, एनपीए रिकवरी हेड अनिल स्वर्णकार, देवेंद्र राम, श्रवण कुमार, संग्रह सेवक रामप्रताप व चंद्रपाल मौजूद रहे।

## धान की रोपाई कर रही मासूम को सांप ने डसा

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के बरस गांव की 12 वर्षीय दीपांजलि पुत्री दीपक शुक्रवार की सुबह खेत में धान की रोपाई कर रही थी। वह अपने परिवार और गांव की अन्य महिलाओं के साथ खेत में काम कर रही थी, तभी अचानक उसके पैर में जहरीले सांप ने काट लिया। सांप के डंसते ही बालिका दर्द से चीख पड़ी। मौके पर मौजूद महिलाओं ने तुरंत उसे खेत से बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सीएचसी की इमरजेंसी में तैनात चिकित्सकों ने बताया कि दीपांजलि को वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया गया है। उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

# सीखड़ में नवचेतना स्थित एफपीओ पर अमृताय डेयरी और देसी गाय संरक्षण एवं अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात



**सीखड़, मीरजापुर।** सीखड़ के नवचेतना स्थित एफपीओ पर अमृताय डेयरी और देसी गाय संरक्षण एवं अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार में महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला के कर कमलों द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्रीमती प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि गाय का दर्जा मां के बराबर है, घर में बनी पहली रोटी गाय को खिलाएं, इससे गायों का संरक्षण होगा और इससे हमारे बच्चों में भी संस्कार का विकास होगा। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को कहा कि आप अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा और अच्छा संस्कार भी जरूर दें। आप अगर अपने बच्चों को अच्छा संस्कार देंगी तो फिर वृद्धाश्रम बनाने की जरूरत नहीं होगी। महिलाओं को रोजगार भी अधिक से अधिक उपलब्ध कराया जाना चाहिए जिससे महिलाएं मजबूत होगी। महिला मजबूत होगी तभी घर भी अच्छा होगा। उन्होंने वहां उपस्थित अधिकारियों से कहा कि महिलाओं को सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही योजनाओं का लाभ भी जरूर दिलवाएं। वहां उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप अपने घर पर एक गाय जरूर पालें और अगर कोई किसान 5 या उससे अधिक गाय पालता है तो उसको सरकार भी मदद दे रही है। कार्यक्रम को संबोधित करने के उपरांत उन्होंने वहां उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा बुलाए गए बच्चों का अन्नप्राशन व गोदभराई भी संपन्न कराया गया। सरकार के बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से केक काटकर कन्या जन्मोत्सव भी मनाया गया

## स्नान करते समय युवक बिजली की तार की चपेट में आने से युवक डूबा

**● एन डी आर एफ की टीम मौके पर पहुंचकर का युवक को खोजने में लगी**



स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** गुरुवार को विंध्याचल थाना क्षेत्र के अकोढ़ी गांव निवासी मंजीत सिंह पुत्र नन्हे सिंह 21 वर्ष अच्छा तैराक था। गुरुवार की शाम कर्णावती नदी में कई बार ऊँचाई से कूदा।चौथी बार बिजली के नंगे तार की चपेट में आने से करेंट लगने से वह नदी में डूब गया। जिसकी तलाश जारी है। हादसे के दूसरे दिन गाँव में पहुंची एसडीआरएफ की टीम डूबे युवक की तलाश में जुटीं हैं। गाँव में पहुंचे एसडीएम गुलाब चन्द्र एवं सीओ विवेक जावला ने राहत कार्य का निरीक्षण किया। उप जिलाधिकारी ने बताया कि स्थानीय गोताखोरों के अलावा एसडीआरएफ की टीम युवक की तलाश कर रही है। एनडीआरएफ टीम को भी बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि मंजीत की तलाश कर जल्द उसके परिवार को सौंपने के लिए कार्य किया जा रहा है। कर्णावती नदी में डूबे युवक के भाई ने बताया कि छोटा भाई मनजीत अच्छा तैराक था

नदी में स्नान के दौरान पानी में डूबे बिजली की तार की चपेट में आने से उसे करंट लग गया। वह पानी के ऊपर नहीं आ सका। हादसा के लिए उन्होंने बिजली विभाग को जिम्मेदार ठहराया। कहा कि पानी के अंदर तार करीब 10 दिन से पड़ा था। नदी का जलस्तर बढ़ाने के बाद तार पानी में चला गया। जिस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके चलते उसका भाई डूब गया।

## अंबेडकर की प्रतिमा चोरी होने पर ग्रामीणों में आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर।** संतनगर थाना क्षेत्र के दीपनगर चौराहे पर स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को अराजक तत्वों द्वारा बीती रात खोदकर चुरा लिए जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई है। मौके पर समाजवादी पार्टी के नेता व सोनभद्र लोकसभा प्रभारी निराला कोल अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और विरोध जताया। सपा नेताओं ने प्रतिमा को चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रतिमा को तोड़ने के बाद उसे चुरा लिया गया है, जबकि पुलिस का कहना है कि प्रतिमा केवल क्षतिग्रस्त हुई है। सीओ अशोक कुमार ने बताया कि यह कृत्य अराजक तत्वों द्वारा किया गया है। घटना को लेकर थाने में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

गौरतलब है कि इससे पहले भी जनवरी महीने में अराजक तत्वों द्वारा अंबेडकर की प्रतिमा को तोड़ा गया था। उस समय जिला प्रशासन ने नई प्रतिमा स्थापित करवाई थी, लेकिन उसके बाद से अब तक प्रतिमा को तीन बार क्षतिग्रस्त किया जा चुका है। वर्तमान में बाबा साहब की नई प्रतिमा स्थापित करने का कार्य प्रशासन द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है। हालांकि घटना को लेकर क्षेत्र में रोष है और स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। पुलिस द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी बढ़ा दी गई है।

## आम जनता के प्रति सेवा भाव रखने वाले व्यक्ति 26 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन

स्वतंत्र प्रभात

**रायबरेली,** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा मा0 अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश रायबरेली के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के द्वारा समाज के निम्नतम व्यक्ति/अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्य, अनैतिक, अत्याचार के शिकार लोग या ऐसे लोग जिनसे बेगार कराया जाता है, महिलाएं एवं बच्चे, मानसिक रोगी एवं दिव्यांग, अनपेक्षित अभाव जैसे बहुविनाश, जातीय हिंसा, बाढ़, सूखा, भूकम्प या औद्योगिक विनाश की दशाओं के अधीन सताये हुए व्यक्ति या शहीद सैनिक के आश्रित, औद्योगिक श्रमिक, किशोर, कारागार, मनोचिकित्सक अस्पताल या मनोचिकित्सकीय परिचर्यागृह में अभिरक्षा में रखे गये व्यक्ति, समाज के प्रत्येक वर्ग का प्रतिनिधित्व एवं हर जरुरतमंद एवं पात्र व्यक्तियों तक विधिक जागरूकता एवं विधिक सहायता कार्यक्रमों की पहुँच सुनिश्चित कराने व ऐसे सभी व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये से कम हो को विधिक सहायता व न्याय दिलाने हेतु पराविधिक स्वयंसेवकों (Para Legal Volunteers) की नियुक्ति एक वर्ष के लिए की जानी है।

निःशुल्क विधिक सहायता हेतु विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिनियम, 1987 की धारा 9(3) के अधीन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली में पराविधिक स्वयं सेवकों का चयन जिले स्तर एवं तहसील स्तर पर किया जाना है। आवेदक एवं पूर्व पराविधिक स्वयं सेवक भी अपना चयन/पुर्नचयन हेतु अपना आवेदन पत्र मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली को सम्बोधित करते हुए फोटो युक्त बायोडाटा सहित आवेदन करें। आवेदन पत्र किये जाने का प्रारूप इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं जिला जजी के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया है। आवेदन करने से पूर्व चयन हेतु नालसा की उक्त योजना में चयन प्राविधानों का सम्पूर्ण अध्ययन करें। इच्छुक व स्थानीय व्यक्ति जो निःशुल्क योगदान/समाज सेवा हेतु तैयार हो, आम जनता के प्रति सेवा भाव रखने वाले व्यक्ति, अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप पर भरकर कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ए0डी0आर0 सेन्टर छजलापुर, रायबरेली में स्वयं उपस्थित होकर/डाक द्वारा अन्तिम नियत तिथि 26 जुलाई 2025 तक वांछित अभिलेखों के साथ कार्यालय में जमा कर सकते है।

## कर्वी रोडवेज बस स्टैंड का ताला टूटा, नगर पालिका ने फिर से लगाया ताला

**● ताले टूटने से मचा हड़कंप, एआरएम ने एसडीएम और कोतवाली को दी सूचना**

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट।** कर्वी रोडवेज बस स्टैंड पर शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया जब परिवहन विभाग के पूछताछ कार्यालय पर पिछले महीने लगाया गया ताला टूटा हुआ मिला। यह ताला एसडीएम कर्वी और नगर पालिका प्रशासन ने 6 जून को लगवाया था, जब कर्वी बस स्टैंड को बंद कराकर परिसर को सील किया गया था। ताला टूटने की जानकारी सबसे पहले एक परिचालक ने दी, जिसके बाद मौके पर परिवहन विभाग के अधिकारी पहुंचे। चित्रकूट डिपो के एआरएम राजेश कुमार गुप्ता ने तत्काल मामले की सूचना एसडीएम कर्वी पूजा साहू, नगर पालिका ईओ लाल जी यादव और कोतवाली कर्वी पुलिस को दी।

सूचना मिलने पर सीओ सिटी राजकमल भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ताला किसने और कब तोड़ा। हालांकि एआरएम राजेश गुप्ता ने बताया कि कार्यालय से कोई सामान चोरी नहीं हुआ है। मौके की नजाकत को देखते हुए एसडीएम कर्वी के निर्देश पर नगर पालिका प्रशासन ने फिर से दूसरा ताला डालकर परिसर को सील कर दिया। सफाई नायक अमित को भेजकर यह कार्यवाई कराई गई।

बता दें कि 6 जून को एसडीएम पूजा साहू और नगर पालिका ईओ लाल जी यादव की संयुक्त कार्रवाई में कर्वी रोडवेज बस स्टैंड को बंद कर दिया गया था। इसी दौरान पूछताछ कार्यालय में भी ताला लगा दिया गया था। प्रशासन का कहना था कि बस स्टैंड की भूमि नगर पालिका की संपत्ति है और वहां का संचालन नियमविरुद्ध किया जा रहा था। इस ताजा घटना से यह साफ है कि बस स्टैंड परिसर को लेकर विवाद अभी थमा नहीं है। परिवहन विभाग और नगर पालिका के बीच अधिकार क्षेत्र को लेकर तनातनी अब भी बनी हुई है।

सीओ सिटी राजकमल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। ताला कैसे टूटा, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। जरूरत पड़ने पर सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जाएंगे। वहीं, एआरएम राजेश गुप्ता ने कहा कि उन्होंने उच्चाधिकारियों को पूरे घटनाक्रम से अवगत करा दिया है और आगे की कार्रवाई उन्हीं के निर्देशानुसार होगी। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में आगे क्या कदम उठाता है और ताला तोड़ने वालों की पहचान कब तक हो पाती है। वहीं, रोडवेज कर्मचारियों में भी इस घटना को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

## राज्यसभा सांसद ने शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण



**शाहजहांपुर।** सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सांसद ने संरक्षा, स्टेशन विकास, यात्री सुविधाओं, खाने पीने का सामान, साफ-सफाई की दृष्टि से व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए उन्होंने रेलवे अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि स्टेशन से जुड़ी सभी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाए और निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी हाल में समझौता न हो। निरीक्षण के दौरान साथ में पीएस तोमर स्टेशन अधीक्षक शाहजहांपुर, त्रिलोक चंद मुख्य स्वास्थ्य एवं खाद्य निरीक्षक स्टेशन शाहजहांपुर, एस के ठाकुर मुख्य वाणिज्यिक निरीक्षक, कृष्णकांत मुख्य टिकट निरीक्षक स्टेशन शाहजहांपुर, मुख्य कार्यालय अधीक्षक शुभम मिश्रा, मुख्य गाड़ी बाबू सुनील वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कर्नलगंज अंतर्गत अनुराग उर्फ कल्लू बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार

**मानसिक रूप से कमजोर युवती के साथ बलात्कार करते हुए परिवार वालों ने पकड़ा।**



**प्रयागराज।** प्रयागराज के थाना कर्नलगंज अंतर्गत अनुराग उर्फ कल्लू नाम का युवक बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किया गया।आरोप है कि मानसिक रूप से कमजोर युवती के साथ बलात्कार करते हुए युवती के चिल्लाने पर घर वालों ने युवक को पकड़ा। किया पुलिस के हवाले। परिवार वालों का आरोप है कि अनुराग तकरीबन बृहस्पतिवार की रात्रि 9:30 बजे मानसिक रूप से कमजोर लड़की के साथ जबरन बलात्कार किया है। कर्नलगंज थाने मुकदमा पंजीकृत किया गया है। बता दे कि इससे पहले यूवती के भाई के मौत को लेकर जवाहर भवन के सामने जून में चक्का जाम किया गया था परिवार पूरी तरीके से बिखर गया है कर्नलगंज थाने मुकदमा पंजीकृत किया गया है। बता दे कि इससे पहले यूवती के भाई के मौत को लेकर जवाहर भवन के सामने जून में चक्का जाम किया गया था जिससेपरिवार पूरी तरीके से बिखर गया है।

### जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी नदियों के जल स्तर पर रख रहे सतर्क निगरानी



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने उप जिलाधिकारियों को जनपद में विगत वर्षो में बाढ़ से प्रभावित रहे ग्रामों में सतर्क निगरानी करने के निर्देश



दिए हैं। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विगत वर्षों में बाढ़ से प्रभावित रहे ग्रामों का नियमित रूप से भ्रमण कर गंगा नदी एवं यमुना नदी के जलस्तर का अवलोकन कर रहे हैं। अधिशासी अभियन्ता सिंचाई ने बताया कि जनपद में अभी बाढ़ की कोई स्थित नहीं है। जनपद में गंगा एवं यमुना नदी, खतरे के निशान से नीचे बह रही हैं।

### जिलाधिकारी ने अभ्युदय कोचिंग में प्रवेश के लिये आयोजित परीक्षा केन्द्र का किया भ्रमण



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत शैक्षिक सत्र 2025-26 में संचालित जे0ई0ई0, नीट एवं सिविल सेवाओं आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग में प्रवेश के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा केन्द्र, अभ्युदय कोचिंग का भ्रमण कर जायजा लिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप पटेल ने बताया कि यह परीक्षा 02 पालियों में आयोजित की गई। प्रथम पाली में जे0ई0ई0 एवं नीट कोर्स से सम्बन्धित कुल 149 अभ्यार्थियों के सापेक्ष 95 प्रतियोगी छात्र/छात्राएं तथा सिविल सेवा के लिए 68 आवेदकों के सापेक्ष 58 आवेदक प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग किए। यह परीक्षा सकुशल एवं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।

## थाना बहरिया व एस0ओ0जी0/सर्विलांस सेल गंगानगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा लूट के अभियोग में गिरफ्तार

**● 25,000/- रूपये का ईनामिया अभियुक्त के कब्जे से लूट/चोरी के कुल 7,500/- रूपये, 01 अवैध देशी तमंचा .315 बोर व 01 कारतूस .315 बोर व 01 मोटरसाइकिल बरामद।**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना बहरिया पर पंजीकृत मु0अ0सं0-95/2025 धारा-309(4) भा0न्या0सं0 से सम्बंधित 25 हजार रूपये के इनामिया वांछित अभियुक्त अश्वनी भारतीया पुत्र दिनेश भारतीया निवासी ग्राम मनेथू थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना बहरिया व एस0ओ0जी0/सर्विलांस सेल गंगानगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-18.07.2025 को थाना बहरिया क्षेत्रान्तर्गत महावीरन तिराहा के पास से मुकदमा उपरोक्त में लूट के 4200/- रूपये तथा थाना फूलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-293/25 धारा-331(4)/305 भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित चोरी के 3,300/- रूपये, 01 अवैध देशी तमंचा .315 बोर व 01 कारतूस .315 बोर व 01 मोटरसाइकिल टी0वी0एस0 राइडर वाहन सं0-UP 70 HF 5917 के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-317(2) भा0न्या0सं0 व 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

उल्लेखनीय है कि दिनांक-20.05.2025 को थाना बहरिया क्षेत्रान्तर्गत कनेहटी रेलवे क्रासिंग के समीप मनेथू ईट भट्टे के पास से अज्ञात बाइक सवार बदमाशों द्वारा शशि कुमार मिश्रा पुत्र कृपाशंकर मिश्रा निवासी बनवारपुर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ से बैग में रखे कुल 85,700/ रुपये की छिनैती की गयी थी, जिसके सम्बंध में थाना बहरिया पर



मु0अ0सं0-95/2025 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 03 अभियुक्त 1. सुमित भारतीया पुत्र शैलेश भारतीया निवासी ग्राम मनेथू थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज व 2. मो0 साहिल उर्फ हाइड्रा पुत्र मो0 अख्तर निवासी चिरौड़ा थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज 3. रवि पटेल उर्फ अजय पटेल पुत्र रामखेलावन पटेल उर्फ राजबहादुर पटेल निवासी भुलई का पूरा थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जा चुका है।

## यूपी में होम्योपैथी निदेशक प्रो अरविंद वर्मा निलंबित

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में लगातार भ्रष्ट और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में आयुष विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की है। ट्रांसफर-पोस्टिंग में भारी अनियमितताओं और निजी हितों की पूर्ति के आरोपों में होम्योपैथी निदेशक प्रो. अरविंद कुमार वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह निर्णय प्रदेश के आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्रा 'दयालु' के निर्देश पर लिया गया है। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में निदेशक की भूमिका को संदिग्ध पाया गया, जिसके बाद सभी विवादित तबादलों को तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए यह कठोर कदम उठाया गया है। प्रो. अरविंद पर आरोप है कि बीते दिनों ट्रांसफर-पोस्टिंग में उन्होंने अनियमिताएं की थीं। इसके साथ ही उन्हें गाजीपुर राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय से संबद्ध कर दिया गया है।

राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय के निदेशक अरविंद कुमार वर्मा ने 8 महीने पहले ही पदभार संभाला था. लेकिन, इन्हीं 8 महीने में उन पर पोस्टिंग और तबादले में अनियमिता बरतने के गंभीर आरोप लगे हैं। कई दिन से यूपी के आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु




के संज्ञान में यह मामला था। इस मामले को लेकर के आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात भी की थी. उन्हें इस मामले के बारे में पूरे विस्तार से अवगत कराया था।

## बीएसए को गुमराह कर वृक्षारोपण की फर्जी आंकड़ेबाजी कर रहा बेसिक शिक्षक परिवार संगठन

**● विद्यालय परिसर में रोपित मिले मात्र 28 पौधे,अधिकारियों को बताया जा रहा 122 पौधे लगाने का आंकड़ा**



स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में पहचान बनाने की इतनी तलब है कि प्रकृति के साथ भी बेईमानी करनी पड़े तो कोई गुरेज नहीं। इतना ही नही अपने उच्चाधिकारियों को खुश करने के लिये वृक्षारोपण के फर्जी आंकड़ों का सहारा लिया जाय। यह कारनामा किया है कौशाम्बी जिले में चल रहे बेसिक शिक्षक परिवार संगठन ने बेसिक शिक्षक परिवार कौशाम्बी में करीब एक दर्जन से अधिक शिक्षक टीम बनाकर पदाधिकारी के रूप में कार्य कर रहे हैं। बीते 16 जुलाई को इसी बेसिक शिक्षक परिवार की टीम ने मूरतगंज ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय चपहुआँ में अपने वृक्षारोपण पखवाड़ा की शुरुआत की। उद्घाटन के लिये बाकायदा बीएसए व उद्यान अधिकारी को बुलाकर उनसे एक एक पेड़ लगवाया गया। बेसिक शिक्षक परिवार कौशाम्बी ने बीएसए व उद्यान अधिकारी की खुशामदी के लिये उनके सामने तरह-तरह के प्रदर्शन किये व अपनी फर्जी उपलब्धियां गिनाई।

खोखले उपलब्धियों की पोल तब खुली जब राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात की टीम शुक्रवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय चपहुआँ पहुंची। समाचार की टीम ने मौके पर पाया कि विद्यालय परिसर में 16 जुलाई से अब तक मात्र 28 पौधे ही लगाये गये हैं और सोशल मीडिया सहित सभी प्लेटफार्म पर 122 पौधे रोपित करने का फर्जी दावा किया गया है।

शुक्रवार को प्रधानाध्यापक आकस्मिक अवकाश पर थे। सहायक अध्यापकों ने बताया बेसिक शिक्षक परिवार कौशाम्बी के अध्यक्ष नागेश सिंह ने 16 जुलाई को विद्यालय में 28 पेड़ ही लगवाये थे। जिसमे बीएसए डॉ0 कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा और उद्यान अधिकारी अवधेश मिश्रा ने एक जामुन और एक रबड़ का पेड़ लगाया था । विद्यालय 122 पेड़ो के बारे में वहाँ के शिक्षक कोई सन्तोषजनक जवाब नही दे सके। इतना ही नही अपने आगामी 15 दिनों तक चलने वाले पखवाड़े को एनकेन प्रकारेण सफल दिखाने के लिए लोगों को पेड़ लगाने के एवज में जिला स्तर के अधिकारियों के हस्ताक्षरयुक्त प्रमाण पत्र देने का लालच भी दिया जा रहा है।

## जन शिक्षण संस्थान कौशाम्बी द्वारा "जन- भागीदारी" कार्यक्रम के अन्तर्गत कला प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जन शिक्षण संस्थान कौशाम्बी के प्रशिक्षण केन्द्र नेता नगर मंझनपुर कौशाम्बी में दिनांक 18/07/2025 को "जन भागीदारी" कार्यक्रम के अन्तर्गत कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य समुदाय के विभिन्न वर्गो की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना, कला और अभिव्यक्ति के माध्यम से सामाजिक सरोकारों को प्रोत्साहित करना तथा प्रतिभागियों में रचनात्मकता का विकास करना था।प्रतियोगिता का मुख्य विषय "पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता" था, जिससे बच्चों और युवाओं ने गहराई से जुड़ाव दिखाया। इस आयोजन में प्रशिक्षण केन्द्र के छात्र-छात्राओं, ने भाग लेकर इसे



जन भागीदारी का एक सशक्त उदाहरण बना दिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के निदेशक विजयेन्द्र मिश्र एवं कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह द्वारा हुआ। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि "जन शिक्षण संस्थान न केवल कौशल विकास का माध्यम है, बल्कि यह सामुदायिक जुड़ाव और सामाजिक विकास का भी मजबूत स्तम्भ है।"प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी कल्पना को रंगों के माध्यम से जीवंत रूप देते हुए स्वच्छता, हरियाली, जल संरक्षण और समाज के प्रति जागरूकता जैसे विषयों को सुन्दर चित्रों के रूप में प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण केन्द्र की प्रशिक्षिका निधि केशरवानी , केन्द्र की छात्राएं अनन्या, जारा बानो,ज्योति,नीलू, आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने परेड की ली सलामी, टोली बार का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा पुलिस लाइन कौशाम्बी में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का टोली बार निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों व प्रशिक्षु आरक्षियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया। पुलिस कर्मियों एवं प्रशिक्षु आरक्षियों को फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा क्वाटर गार्द पर गार्द की सलामी ली गई। गार्द व गार्द रुम का निरीक्षण कर साफ सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। परेड के उपरान्त जनपद में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु आरक्षियों के आरटीसी बैरकों, प्रशिक्षण कक्ष तथा पुलिस लाइन स्थित विभिन्न शाखाओं, डीसीआर, डायल 112 कार्यालय, परिवहन शाखा, प्रतिसार निरीक्षक कार्यालय, पुलिस बैरिकों आदि का



निरीक्षण कर साफ सफाई हेतु एवं अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। मेस में भोजन की गुणवत्ता व साफ सफाई को चेक कर आवश्यक निर्देश दिये।

## थाना सरायइनायत पुलिस टीम द्वारा 03 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज** थाना सरायइनायत पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-17.07.2025 को मा0 न्यायालय ए0सी0जे0एम0 कक्ष सं0-06 इलाहाबाद द्वारा निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र सम्बन्धित मु0नं0-2751/2001 धारा-325/323/504 भा0द0सं0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त 1. पंगुल उर्फ भाईलाल पुत्र नन्दराम निवासी ग्राम अंदावा थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज 2. मु0नं0-125/2001 धारा-323/380/427/504/506/324 भा0द0सं0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त झल्लर पुत्र रामअभिलाष निवासी ग्राम जैतपुर थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज व 3. मु0नं0-1232/02 धारा-323/504 भा0द0सं0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त पप्पू पुत्र पाईजी निवासी ग्राम ककरा थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना सरायइनायत क्षेत्रान्तर्गत क्रमशः उनके निवास ग्राम अंदावा, जैतपुर व ककरा के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्तों का विवरण-**

1. पंगुल उर्फ भाईलाल पुत्र नन्दराम निवासी ग्राम अंदावा थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 59 वर्ष।
2. झल्लर पुत्र रामअभिलाष निवासी ग्राम जैतपुर थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 48 वर्ष।
3. पप्पू पुत्र पाईजी निवासी ग्राम ककरा थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 37 वर्ष।

**थाना सरायममरेज पुलिस टीम द्वारा 03 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार**

थाना सरायममरेज पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-17.07.2025 को मा0 न्यायालय ए0सी0जे0एम0 कक्ष सं0-06 इलाहाबाद द्वारा निर्गत गिरफ्तार अधिपत्र सम्बन्धित 1. मु0नं0-1649/02 धारा-323/504/506/336 भा0द0सं0 व मु0नं0-1102/02 धारा-323/504/325 भा0द0सं0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त महेश प्रताप पुत्र शिव बहादुर निवासी ग्राम सरजूपट्टी थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज 2. मु0नं0-1649/02 धारा-323/504/506/336 भा0द0सं0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त मदन सिंह पुत्र जगन्नाथ निवासी ग्राम सरजूपट्टी थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज 3. मु0नं0-1752/02 धारा-147/323/324 भा0द0सं0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त दुक्खी पुत्र चनई निवासी गोपालीपुर थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना सरायममरेज क्षेत्रान्तर्गत उनके निवास ग्राम सरजूपट्टी व गोपालीपुर के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्तों का विवरण-**

1. महेश प्रताप पुत्र शिव बहादुर निवासी ग्राम सरजूपट्टी थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. मदन सिंह पुत्र जगन्नाथ निवासी ग्राम सरजू पट्टी थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. दुक्खी पुत्र चनई निवासी गोपालीपुर थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज।

**थाना उतरांव पुलिस टीम द्वारा 06 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार**

उतरांव पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-17.07.2025 को मा0 ग्राम न्यायालय हण्डिया द्वारा निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र सम्बन्धित 1. मु0नं0-5162/18 धारा-279/338/304(ए) भा0द0सं0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त संतोष कुमार पुत्र हरिलाल उर्फ हीरालाल निवासी ग्राम दिघौटा थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज 2. मु0नं0-2554/09 धारा-279/338/304(ए) भा0द0सं0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त अभिमन्यु उर्फ गब्बर पुत्र अमरबहादुर पटेल निवासी ग्राम बलीपुर थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज 3. मु0नं0-506/2010 धारा-323/504 भा0द0सं0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र मानिक चन्द्र निवासी नीबी थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज 4. मु0नं0-506/2010 धारा-323/504 भा0द0सं0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त पप्पू हरिजन उर्फ अनिल पुत्र मानिक चन्द्र निवासी नीबी थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज तथा मा0 न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कक्ष सं0-08 इलाहाबाद द्वारा निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र सम्बन्धित 5. मु0नं0-2039/02 धारा-60/63 आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त शम्भुनाथ पासी पुत्र विस्वार निवासी ग्राम खोदायपुर थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज एवं मा0 न्यायालय से0 जज पॉक्सो एक्ट इलाहाबाद द्वारा निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र सम्बन्धित 6. मु0नं0-131/22 धारा-363/366/376/419/420/467/468/471 भा0द0सं0 व 3/4 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त भोलानाथ बिन्द पुत्र स्व0 रामखेलावन निवासी सरायहुसे थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना उतरांव क्षेत्रान्तर्गत क्रमशः उनके निवास ग्राम दिघौटा, बलीपुर, नीबी, खोदायपुर व सरायहुसे के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्तों का विवरण-**

1. संतोष कुमार पुत्र हरिलाल उर्फ हीरालाल निवासी ग्राम दिघौटा थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 50 वर्ष।
2. अभिमन्यु उर्फ गब्बर पुत्र अमरबहादुर पटेल निवासी ग्राम बलीपुर थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 40 वर्ष।
3. सुनील कुमार पुत्र मानिक चन्द्र निवासी नीबी थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 42 वर्ष।
4. पप्पू हरिजन उर्फ अनिल पुत्र मानिक चन्द्र निवासी नीबी थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 33 वर्ष।
5. शम्भुनाथ पासी पुत्र विस्वार निवासी ग्राम खोदायपुर थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 59 वर्ष।
6. भोलानाथ बिन्द पुत्र स्व0 रामखेलावन निवासी सरायहुसे थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 51 वर्ष।

## जिला स्तरीय शैक्षिक समीक्षा बैठक व ARP उन्मुखीकरण सम्पन्न

**कौशाम्बी।** आज दिनांक 18 जुलाई 2025 को जिलाधिकारी कौशाम्बी मधुसूदन हूल्गी की अध्यक्षता में शिक्षा गुणवत्ता, निपुण लक्ष्य, नामांकन वृद्धि एवं विद्यालय निरीक्षण पर आधारित बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में BSA कौशाम्बी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा सहित सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी, DIET प्रचार्या निधि शुक्ला व मेंटर, स्त्रन्न एवं ARP टीम उपस्थित रही।बैठक में ARP उन्मुखीकरण के अंतर्गत उनकी भूमिका, उत्तरदायित्व व फील्ड कार्यों की रूपरेखा स्पष्ट की गई।

**मुख्य निर्देश एवं बिन्दु**

संघर्षशील विद्यालयों व बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाए, बच्चों को कमजोर कहने से बचें।

समय की पाबंदी आवश्यक, स्कूल समय प्रातः 9:00 बजे से सुनिश्चित हो।शिक्षक व अभिभावकों में व्यवहार परिवर्तन संवाद, प्रेम व PTM के माध्यम से लाया जाए।कक्षा अवलोकन व स्पॉट असेसमेंट नियमित व निर्भय वातावरण में हो।

शिक्षकों को सामाजिक सम्मान मिले, ARP सम्मानजनक संवाद बनाए रखें। स्वयं को शिक्षक के स्थान पर रखकर सहानुभूति से सोचें।

अधिगम परिणाम स्पष्ट हों, शिक्षक को LOs की गहरी समझ हो।

कार्य के दो घण्टे बाद बच्चों से नम्रतापूर्वक संवाद करें।

शिक्षण सुधार-"We should practice what we teach."

Pairing of Schools सहयोग के लिए हो, नकारात्मक दृष्टिकोण न रखें।

संकुल बैठकें पियर लर्निंग का माध्यम बनें।गुणवत्ता के साथ ही निपुणता प्राप्त की जाये।

**सामुदायिक सहभागिता-**

46,000 प्रति छात्र व्यय की जानकारी समुदाय को दी जाये।

शिक्षक-बच्चे का रिश्ता स्नेहपूर्ण हो।

बच्चों को खेतों में कार्य के लिए भेजना चिन्ता का विषय है- इसे रोका जाए।

DM कौशाम्बी द्वारा निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में समयबद्धता, गुणवत्ता, सहभागिता और सहानुभूतिपूर्ण नेतृत्व के माध्यम से ही निपुण लक्ष्य की प्राप्ति सम्भव है।

## अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन, बरेली निर्देशन में एक महत्वपूर्ण गूगल मीट गोष्ठी में दिए निर्देश

**शाहजहाँपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन, बरेली ने एक महत्वपूर्ण गूगल मीट गोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें डिजिटल अरेस्ट साइबर स्कैम की रोकथाम, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता - 2023 की धारा 107 के अंतर्गत अपराध से अर्जित संपत्ति की पहचान, कुर्की एवं जब्ती की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक ने डीजी परिपत्र संख्या 21/2025 एवं 22/2025 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों के प्रभावी अनुपालन पर विशेष बल दिया गया। साइबर अपराधों की बढ़ती प्रवृत्तियों को दृष्टिगत रखते हुए अधिकारियों को सतर्कता बरतने, तकनीकी दक्षता में वृद्धि लाने एवं विधिक प्रक्रिया के अंतर्गत ठोस कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक, जनपद शाहजहाँपुर ने पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर के साथ जनपद के समस्त थानो पर गठित साइबर सेल प्रभारीगण तथा उनकी टीम के साथ एक गूगल मीट बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बरेली द्वारा प्रदत्त आदेशों एवं निर्देशों से साइबर टीमों को विस्तार से अवगत कराया गया।बैठक में निम्न बिंदुओं पर बल दिया गया।डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर फ्रॉड की रोकथाम हेतु सतर्कता अभियान चलाया जाए एवं आमजन को जागरूक किया जाए। अपराध से अर्जित अवैध संपत्तियों की समयबद्ध पहचान कर, संबंधित धाराओं के अंतर्गत कुर्की एवं जब्ती की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।विवेचना के दौरान डिजिटल साक्ष्यों के संग्रहण, विश्लेषण एवं सुरक्षित रख-रखाव की प्रक्रिया को और अधिक वैज्ञानिक व प्रभावी बनाया जाए।डीजी परिपत्र सं0 21/2025 एवं 22/2025 में वर्णित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए, कार्यवाही का नियमित अनुश्रवण एवं समीक्षा की जाए।पुलिस अधीक्षक ने सभी साइबर टीमों को निर्देशित किया कि वे तत्काल प्रभाव से इन दिशा-निर्देशों के अनुपालन में कार्य प्रारंभ करें तथा साइबर अपराधों पर नियंत्रण हेतु ठोस रणनीति तैयार करें।

## यूनिवर्सल कंपनी ने भ्रष्टाचार का खोला खजाना , शाहजहांपुर में भाजपा जनप्रतिनिधियों ने भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

**अपनी ही सरकार के द्वारा नियुक्त अधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप.**

**बिजली विभाग में फर्जी बिल,लो वोल्टेज सहित जनप्रतिनिधियों की बात नहीं सुनने के आरोप.**

**शाहजहांपुर।** अभी तक तो विपक्ष ही सरकार पर भ्रष्टाचार और अनदेखी के आरोप लगा रहा था, लेकिन अब तो भाजपा विधायक ही अपनी सरकार द्वारा नियुक्त किए गए अधिकारियों पर मनमानी करने और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी करने सहित बिजली विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर मुखर हो गए हैं। विधायकों का कहना है कि जब अधिकारी जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों की बात नहीं सुनते तो फिर आम जनमानस का क्या हाल होगा। आपको बता दें कि शाहजहांपुर जनपद में स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में बिजली विभाग के अधिकारियों और जनता द्वारा चुने गए विधायकों एवं सांसदों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने की, बैठक के दौरान तब बखेड़ा खड़ा हो गया जब बिजली विभाग के अधिकारी जनप्रतिनिधियों के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दे सके। बैठक की अध्यक्षता कर रहे राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने कहा कि शाहजहांपुर जनपद में बिजली विभाग में कार्य कर रही यूनिवर्सल कंपनी द्वारा भ्रष्टाचार का खजाना खोल दिया गया है। उन्होंने कंपनी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने और जेल भेजने की मांग की है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव नहीं लेने, और ऊर्जा मंत्री के निर्देशों का भी पालन नहीं करने का आरोप लगाया। बैठक में मौजूद ददरौल क्षेत्र से भाजपा विधायक अरविंद सिंह ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर ओवर बिल भेज कर धन उगाही करने का गंभीर आरोप लगाया है।जबकि पुवायां क्षेत्र से भाजपा विधायक चेतराम पासी ने अपनी ही सरकार पर गंभीर सवाल उठाते हुए भ्रष्टाचार को लेकर कहा कि बैठक में यह स्पष्ट हो गया है कि पूरे जनपद में बिजली को लेकर त्राहिमाम त्राहिमाम मची हुई है। उन्होंने अपनी विधानसभा का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे विधानसभा क्षेत्र में आज किसान धान की रोपाई कर रहा है। लेकिन लो वोल्टेज और लाइन लॉस की समस्या की वजह से उनके ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे हैं जिसकी वजह से किसानों को पानी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने जनपद में बिजली विभाग द्वारा ठेके पर काम करने वाली यूनिवर्सल कंपनी के घोटाले की पोल खोलते हुए कहा कि जो बंच केबल डाली जा रही है उसमें भी बहुत बड़ा घोटाला किया जा रहा है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि यूनिवर्सल कंपनी द्वारा जहां-जहां कार्य किया गया है वहां के जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर सत्यापन करवाया जाए वरना यह तो भ्रष्टाचार करके चले जाएंगे और जनता सरकार को दोषी ठहराएगी।वही कटरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक वीर विक्रम सिंह उर्फ प्रिंस ने भी यूनिवर्सल कंपनी द्वारा कराए गए कार्यों का सत्यापन कराए जाने की मांग की। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसानों के मात्र एक से डेढ़ घंटे बिजली ही मिल पा रही है अपनी विधानसभा क्षेत्र के गढ़िया रंगीन में लो वोल्टेज की समस्या को दूर करने की मांग की। तिलहर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा ने बिजली विभाग पर गंभीर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा कि बिजली विभाग से संबंधित शिकायत है तो पूरे जनपद की हैं,लेकिन तिलहर विधानसभा क्षेत्र में उपभोक्ताओं के बिल ज्यादा आते हैं, उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर किसी का बिल 8 हजार आ रहा है तो उसकी जगह पर 16 हजार का बिजली बिल भेजा जाता है। फिर उपभोक्ता को बुलाकर बिल सही करवाने के नाम पर धन होगा ही की जाती है और उसका बिल भी सही हो जाता है तो ऐसा क्या जादू है बिजली विभाग के पास जो वहां जाने पर 16 हजार का बिल 8 हजार हो जाता है। उन्होंने बिजली विभाग से संबंधित के लाइनमैनों पर पैसे लेकर बिजली देने का गम्भीर आरोप लगाया।

वही उपरोक्त बैठक में उपस्थित बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता जागेश कुमार ने उपरोक्त सवालों के जवाब में कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा जो भी आरोप लगाए गए हैं उनकी जांच कराई जाएगी और संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में धान की रोपाई का कार्य चल रहा है इसलिए लोड ज्यादा होने की वजह से लो वोल्टेज की समस्या उत्पन्न हो रही है,जिसको जल्द ही सही कराया जाएगा,साथ ही भ्रष्टाचार के आप जो लगाए गए हैं उनकी जांच करवाकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### करों प्रखंड में गंदे पानी की आपूर्ति से ग्रामीणों में आक्रोश



**करों, देवघर, झारखंड-** सरकारी उदासीनता और लापरवाही के कारण करों प्रखंड मुख्यालय स्थित जल मीनार से पिछले कई दिनों से गंदे पानी की आपूर्ति की जा रही है, जिससे करों ग्राम के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि गंदे जल के कारण दैनिक कार्यों में काफी असुविधा हो रही है। ग्रामीण दिलीप सिंह, प्रभात बाउरी और राजू सिंह ने बताया कि गंदे पानी के उपयोग से लोग बीमार हो रहे हैं। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से अविलंब स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। लोगों का यह भी कहना है कि जल शुद्धिकरण की व्यवस्था मौजूद है, फिर भी दूषित पानी की आपूर्ति समझ से परे है। प्रशासन की इस लापरवाही से जनस्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है।

### हास्पिटल में कोमा अवस्था में मिला लापता युवक



**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मर्यादपुर का युवक घर से अहमदाबाद कमाने के लिए निकला था लेकिन रतलाम स्टेशन से लापता हो गया था। युवक के पिता ने जनसुनवाई पोर्टल व परसामलिक पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर खोजबीन के लिए गुहार लगाया है। उधर परिजन युवक की तलाश में रतलाम पहुंच गए जहां तलाश के दौरान शुक्रवार को एक अस्पताल में युवक कोमा अवस्था में भर्ती पाया गया। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मर्यादपुर निवासी बृजेश पुत्र प्रेमसागर घर से दो साथियों के साथ अहमदाबाद कमाने के लिए निकला था। बीते 11 जुलाई को रात्रि 9 बजकर 20 मिनट पर गोरखपुर से अहमदाबाद सुपर फास्ट ट्रेन पकड़कर निकला। वहीं 12 जुलाई रात्रि 11 बजकर 20 मिनट तक रतलाम स्टेशन तक परिजनों से फोन से बात हुई उसके बाद फोन कट गया। उसके दोनों साथियों ने काफी खोजबीन के बाद बताया कि बृजेश बैग व मोबाइल छोड़कर कहीं लापता हो गया है। तब से परिजन तलाश में जुटे रहे। शुक्रवार को रतलाम में ही एक अस्पताल में बृजेश कोमा अवस्था में भर्ती पाया गया। बताया जा रहा है कि रतलाम स्टेशन से करीब दो किलोमीटर आगे वह चलती ट्रेन से गिरकर बेहोश पड़ा हुआ था। सर में गम्भीर चोट आने से वह कोमा मे चला गया। हाथ भी फैक्चर हो गया है। किसी ने पटरी से उठाकर उसे एक अस्पताल में भर्ती करा दिया था। शुक्रवार को परिजन रतलाम के कई अस्पताल में तलाश किए। तलाश के दौरान पहचान बताने पर परिजनों को बृजेश एक अस्पताल में कोमा अवस्था में भर्ती पाया गया।

### 22 तक चलेगा भूजल सप्ताह, ग्रामीणों को करेंगे जागरूक

**चित्रकूट-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में भूगर्भ जल के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए 16 से 22 जुलाई तक भूजल सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। बताया कि भूजल सप्ताह के तहत कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को भूजल के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यममिक शिक्षा विभाग, उच्चतर शिक्षा विभाग, प्राविधिक शिक्षा विभाग सहित अन्य राजकीय शिक्षण संस्थाओं द्वारा स्कूलों, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में भूजल सप्ताह के तहत कार्यक्रमों का आयोजन कर सभी को भूजल के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बताया कि इसी क्रम में विकासखंड मऊ में 17 जुलाई व रामनगर में 18 जुलाई को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत क्षेत्र के विद्यालयों व कॉलिजों में भूजल संरक्षण के प्रति सभी को जागरूक करने के लिए परिचर्चा एवं संवाद, निबन्ध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, रैलियों, साइकिल परेड आदि का आयोजन किया गया। साथ ही पोस्टर, होर्डिंग, बैनर इत्यादि के माध्यम से आम जानमानस को भूजल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। बताया कि इसी प्रकार पहाड़ी में 19 जुलाई को, मानिकपुर में 21 जुलाई को तथा कर्वी में 22 जुलाई 2025 को कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को जागरूक करते हुए भूजल सप्ताह को सफल बनाया जाएगा।

## नगर भगवती मंदिर में दूसरी बार चोरी, दानपेटी का ताला तोड़ अज्ञात चोरों ने उड़ाए हजारों रुपये

स्वतंत्र प्रभात



**चंदवा, झारखंड-** प्रसिद्ध नगर भगवती मंदिर में लगातार दूसरी बार चोरी की घटना ने क्षेत्रवासियों को चौंका दिया है। बीती रात अज्ञात चोरों ने मंदिर परिसर में स्थित दानपेटी का ताला काटकर उसमें जमा श्रद्धालुओं की भेंट राशि चुरा ली। यह घटना दो साल पहले घटी उस घटना की याद दिला गई जब इसी मंदिर में कुंडी काटकर चोरी की गई थी। उस समय सीसीटीवी कैमरे में चोरों की तस्वीरें कैद हुई थीं, फिर भी पुलिस आज तक उन्हें गिरफ्तार नहीं कर सकी। अब एक बार फिर पुलिस के सामने वही चुनौती खड़ी हो गई है। मंदिर समिति के सदस्यों के अनुसार, प्रतिदिन की तरह रात में मंदिर बंद कर पुजारी और कर्मचारी अपने-अपने निवास चले गए थे। उसी दौरान चोर मंदिर परिसर में घुसे और मुख्य दानपेटी को निशाना बनाया। सुबह जब मंदिर खोला गया, तो दानपेटी खुली मिली और ताले के टुकड़े जमीन पर बिखरे पड़े थे। सूचना मिलते ही चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है ताकि चोरों की पहचान की जा सके। थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि दो साल पहले हुई चोरी की घटना में साक्ष्यों की कमी के कारण गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी, लेकिन इस बार पूरी सतर्कता के साथ कार्रवाई की जाएगी।

**मंदिर समिति की माँग**

मंदिर समिति के अध्यक्ष ने प्रशासन से मांग की है कि मंदिर परिसर की सुरक्षा को पुख्ता किया जाए, नियमित गश्ती की व्यवस्था की जाए और दानपेटियों को और अधिक सुरक्षित बनाया जाए।

**स्थानीय जनता में आक्रोश**

इस घटना से पूरे क्षेत्र में आक्रोश की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की लापरवाही पर नाराज़गी जताई है और पूछा है कि जब दो साल पहले ऐसी घटना हो चुकी थी, तो अब तक सुरक्षा के पर्याप्त उपाय क्यों नहीं किए गए?

**दुकानदारों और स्थानीयों की राय**

मंदिर के आस-पास के दुकानदारों और स्थानीय निवासियों का कहना है कि रात के समय क्षेत्र में निगरानी नहीं होती। यदि पुलिस सक्रिय होती, तो शायद यह घटना रोकी जा सकती थी।

**पुलिस की कार्रवाई जारी**

फिलहाल पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और आसपास के घरों और दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है। थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह ने भरोसा दिलाया है कि चोरों की जल्द पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

## झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष बने काजु, जफीर अंसारी सचिव

स्वतंत्र प्रभात



**चंदवा, झारखंड-** चंदवा प्रखंड के लुकुईया मोड़ के समीप शुक्रवार को झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष इनायत करीम के द्वारा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से लाधुप निवासी मो काजु को अल्पसंख्यक मोर्चा के चंदवा प्रखंड अध्यक्ष के रूप चयन किया गया। वंही ब्रह्मणी निवासी जफीर अंसारी का चयन प्रखंड सचिव के पद पर किया गया है।इसके अलावा प्रखंड उपाध्यक्ष इरफान खान,कोषाध्यक्ष के पद पर सज्जाद अंसारी का चयन किया गया। झामुमो नेताओं ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। नेताओं ने उनपर कुशल सांगठनिक कार्यो से झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा को चंदवा प्रखंड में मजबूती प्रदान करने में अपना अहम योगदान देने का भरोसा जताया है। जिला अध्यक्ष इनायत करीम ने उन्हें निर्देश दिया गया कि जल्द से जल्द अपने सभी पंचायतों मे कमिटी का विस्तार कर उसकी सूची जिला समिति को प्रेषित करेंगे। मौके पर उपस्थित अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पॉल एक्का, नौशाद अंसारी ने सभी पदाधिकारियों को सुभकामनाए देते हुए कहा कि झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के नेतृत्व में पार्टी को जिले भर में मजबूत करने का काम किया जा रहा है। हम सभी को संगठन को मजबूत कर माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों को मजबूती प्रदान करने का काम करना है।वंही पार्टी द्वारा प्रखंड अध्यक्ष बनाये जाने पर मो काजु व प्रखंड सचिव जफीर अंसारी ने कहा कि पार्टी के द्वारा जो जिम्मेवारी सौंपी गई है उस पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करेंगे साथ ही अपने नेताओं के मार्गदर्शन पर चंदवा प्रखंड में संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। नव निर्वाचित पदाधिकारीयो को झामुमो नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से जियाउल राय, अफरोज राय, तबरेज आलम, सामु अंसारी, फिरोज मिंया,मो इस्लाम समेत अन्य कई लोग शामिल हैं।

## शांतिकुंज हरिद्वार से आरंभ हुई श्रद्धा की अलख, चित्रकूट में होगा विराट दीपमहायज्ञ

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज, हरिद्वार से 151 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ हेतु शक्ति कलश को श्रद्धेय शैल दीदी व श्रद्धेय डॉ. प्रणव पंड्या जी ने पूजन कर प्रखर प्रज्ञा-सजल श्रद्धा में प्रतिष्ठित किया। इसके उपरांत वरिष्ठ प्रतिनिधि शिव प्रसाद मिश्र, नरेंद्र ठाकुर व श्याम बिहारी दुबे के हाथों इस पावन कलश को उपजोन चित्रकूट को सौंपा गया। यह महायज्ञ 17 से 20 दिसंबर तक चित्रकूट में आयोजित होगा। शक्ति कलश को लेने के लिए गायत्री शक्तिपीठ चित्रकूट के संचालक डॉ. रामनारायण त्रिपाठी के नेतृत्व में एक सशक्त प्रतिनिधिमंडल शांतिकुंज पहुँचा। प्रतिनिधिमंडल में उपजोन समन्वयक रामशंकर द्विवेदी, जिला समन्वयक भवानी दीन यादव, 'आओ गढ़ें संस्कार पीढ़ी 'की सुधा तिवारी, जिला प्रमुख रामजानकी शुक्ला, अनीता सिंह (बांदा), युवा समन्वयक प्रमोद पटेल, प्रमोद मरावी, ट्रस्टी प्रीति गुप्ता (अतर्रा), कोदू पटेल (बबेरू), झुन्नू चौबे, घनश्याम सिंह (कैसाम्बी), संतोष गुप्ता, प्रो. सर्वेश त्रिपाठी (प्रयाग), जगदीश गौतम, राजेश शुक्ला समेत सैकड़ों परिजन शामिल थे।

डॉ. रामनारायण त्रिपाठी ने विशेष भेंट में श्रद्धेय डॉ. चिन्मय पंड्या जी को चित्रकूट महायज्ञ में आमंत्रित किया। श्रद्धेय डॉ. चिन्मय पंड्या 19 दिसंबर को आयोजित विराट दीपमहायज्ञ सत्र में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इसके उपरांत वे जबलपुर महायज्ञ में भी पधारेंगे। शांतिकुंज से निकलने के बाद शक्ति कलश को बाँदा परिजन श्रद्धाभाव से गायत्री शक्तिपीठ लेकर आएंगे। 19 दिसंबर को सुबह 11 बजे बाँदा में भव्य स्वागत के साथ कलश को अतर्रा शक्तिपीठ ले जाया जाएगा, जहां दोपहर 1 बजे श्रद्धालु पूजन-अर्चन करेंगे। इसके बाद यह शक्ति कलश चित्रकूट शक्तिपीठ पहुंचेगा, जहां पूरे क्षेत्र के परिजन अपने-अपने स्थानों पर दर्शन एवं पूजन कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। 151 कुण्डीय यह गायत्री महायज्ञ केवल आध्यात्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक-सांस्कृतिक पुनर्जागरण की एक अनूठी पहल है। इस आयोजन के माध्यम से जन-जन में संस्कार, सद्भाव और सेवा की भावना का संचार होगा। चित्रकूट की पावन भूमि एक बार फिर युग निर्माण के दीपों से आलोकित होगी।

## झारखंड में 55 माओवादियों को पकड़ने के लिए अभियान जारी, 8.45 करोड़ रुपये का है इनाम

स्वतंत्र प्रभात



**रांची-** झारखंड में पुलिस भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के शीर्ष कमांडरों समेत कुल 55 नक्सलियों को पकड़ने के लिए व्यापक अभियान चला रही है। इन माओवादियों पर 8.45 करोड़ रुपये का इनाम है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि सुरक्षा बलों ने राज्य से नक्सलियों को खत्म करने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है। पुलिस ने कहा कि पिछले 6 महीनों के दौरान 197 माओवादियों को गिरफ्तार किया है जबकि 10 ने आत्मसमर्पण किया तथा 17 मारे गए। पुलिस ने यह भी दावा किया कि नक्सल विरोधी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है, जिसमें सुरक्षा बलों से लूटे गए 31 हथियार भी शामिल हैं। पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) माइकल एस राज ने संवाददाताओं को बताया, "2025 में जून महीने तक कुल 197 नक्सली गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें दो क्षेत्रीय समिति सदस्य, एक जोनल कमांडर, एक सब-जोनल कमांडर और सात एरिया कमांडर शामिल हैं।" उन्होंने बताया, "इसके साथ 10 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया जबकि 17 मुठभेड़ में मारे गए।" राज झारखंड पुलिस के प्रवक्ता भी हैं। उन्होंने बताया कि 8.45 करोड़ रुपये के इनामी 55 माओवादियों को पकड़ने के लिए व्यापक तलाशी अभियान जारी है।

## अमर शहीद मंगल पाण्डेय की जयंती आज

**देवरिया।** 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक अमर शहीद मंगल पाण्डेय जी की जयंती जिला कांग्रेस कार्यालय पर सुबह 11:30 बजे मनाई जाएगी। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा ने दी।

## विद्यालयों तक पहुँचने वाले रास्तों को तत्काल ठीक करे प्रशासन - रविराज

स्वतंत्र प्रभात



**चंदवा, झारखंड** -लातेहार जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण कई इलाकों की सड़कें जर्जर हो गई हैं, और पुल-पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। इसका सबसे बड़ा असर विद्यार्थियों पर पड़ रहा है, जो कीचड़ और खतरनाक रास्तों से होकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। विधायक प्रतिनिधि आदर्श रविराज ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि कई विद्यालयों का पहुंच पथ बारिश के कारण बेहद खराब हो चुका है, जिससे छात्रों को विद्यालय पहुंचने में काफी परेशानी हो रही है। रविराज ने बताया, "मैंने इस संबंध में जिला शिक्षा अधीक्षक से बातचीत की है। विभागीय कनिय अभियंता को रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया गया है। जल्द ही सभी स्कूलों के पहुंच पथ को दुरुस्त किया जाएगा।" उन्होंने यह भी आग्रह किया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होने तक वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। "डस्ट डलवाकर या अस्थायी मरम्मत कर रास्तों को फिलहाल उपयोग लायक बनाया जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो,"उन्होंने कहा।

**विद्यालय जाने वाले रास्ते खतरनाक**

लगातार बारिश के कारण बने गड्ढे और कीचड़नुमा रास्ते स्कूली बच्चों के लिए जोखिमपूर्ण हो गए हैं। रविराज ने कहा कि ऐसे रास्तों पर बच्चों का फिसलना, गिरना या चोटिल होना आम बात हो गई है, जो छोटे बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है।

**प्रशासन से अपील**

विधायक प्रतिनिधि ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ऐसे संवेदनशील मामलों में तत्काल संज्ञान लें और स्थायी समाधान के साथ-साथ तात्कालिक उपाय भी करें, ताकि विद्यार्थियों की शिक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## शिकायत के बाद लघु सिंचाई विभाग के जेई ने किया चटुआग बांध का निरीक्षण, अनियमितताओं पर जताई चिंता

स्वतंत्र प्रभात



**चंदवा, झारखंड-** चटुआग ग्राम स्थित सिंचाई परियोजना के अंतर्गत बने बांध की मरम्मत कार्य में गंभीर लापरवाही की शिकायत पर लघु सिंचाई विभाग हरकत में आ गया है। विभागीय निर्देश पर जूनियर इंजीनियर (JE) ने चटुआग बांध मरम्मती कार्य का निरीक्षण कर फाटक और नहर में अनियमितता की पुष्टि की और सुधार का आश्वासन दिया। इससे पूर्व पंचायत समिति सदस्य अयूब खान और मुखिया नरेश भगत ने कार्य में हुई गड़बड़ी को उजागर करते हुए उपायुक्त से जांच और कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की मांग की थी।

**मरम्मत कार्य में गंभीर लापरवाही-पहली बारिश में ही पोल खुली**

पंचायत समिति सदस्यों के अनुसार, मरम्मत कार्य में गंभीर लापरवाही बरती गई है। पहली ही बारिश में इस कार्य की वास्तविक स्थिति उजागर हो गई। फाटक बंद होने के बावजूद उससे पानी का रिसाव हो रहा है। बांध का प्लास्टर उखड़ चुका है और उसकी भीड़ भी टूट गई है। पिचिंग कार्य अधूरा है और उसमें एक भी पत्थर नहीं लगाया गया है। नहर की सफाई का कार्य लगभग 650 मीटर तक किया जाना था, लेकिन केवल 300 मीटर तक ही सफाई की गई है। बांध की मरम्मत के दौरान गहराई मात्र 1 फीट की गई और चारों ओर केवल झाड़-झाड़ी को ही हटाया गया। विभाग ने मरम्मत कार्य का केवल 25 प्रतिशत हिस्सा पूरा किया और उसे अधूरा छोड़ दिया। वहीं किसानों का मानना है कि चटुआग बाँध उनके लिए वरदान साबित हो सकता था, जिससे सैकड़ों खेतों में सिंचाई संभव होती। धान और गेहूँ की खेती से क्षेत्र की आर्थी?क स्थिति में सुधार हो सकता था, परंतु सिंचाई विभाग की उदासीनता और भ्रष्ट कार्यशैली के कारण यह सपना टूटता नजर आ रहा है।

**विभाग की मंशा पर सवाल**

शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि विभाग ने बरसात शुरू होने से पहले ही कार्य बंद कर दिया। धीमी गति और अधूरे काम से यह संदेह गहरा गया है कि विभाग केवल कागजों पर कार्य पूर्ण दिखाकर राशि की निकासी और बंदरबांट करना चाहता है।

**उपायुक्त से जांच और अधूरा कार्य पूरा करने की मांग**

पंचायत समिति सदस्य और मुखिया ने मापी पुस्तिका, वित्तीय निकासी, और कार्य गुणवत्ता की जांच कर अधूरे कार्य को तत्काल पूर्ण कराने की मांग उपायुक्त से की है।

## ताराचन्द्र त्रिपाठी बने विश्व हिंदू रक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट** - हिन्दू धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिये बने संगठन विश्व हिंदू रक्षा परिषद का जिलाध्यक्ष ताराचन्द्र त्रिपाठी को बनाया गया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने शुक्रवार को धर्मनगरी आकर भगवान कामतानाथ मंदिर में माथ टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ताराचन्द्र त्रिपाठी का शुक्रवार को जनपद की सीमा राजापुर से बोडी पोखरी के मध्य भव्य स्वागत किया गया। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय से मनोनयन पत्र प्राप्त करने के बाद पहली बार जिले में आए नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रीय महासचिव पंकज पाण्डेय और प्रदेश मंत्री सुशील महराज के साथ कामतानाथ मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि संगठन को जन-जन तक पहुंचाते हुए हिंदू धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए युवाओं को संगठित करना ही उनका पहला लक्ष्य है।

सभी लोग मिलकर सनातन धर्म के मूल्यों के संवर्धन और समाज में जागरुकता लाने का काम करेंगे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष त्रिजुगी नारायण शुक्ला, राजकुमार शुक्ला, जिला महामंत्री अजीत कुमार मिश्रा, जिला मंत्री गणेश मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष सुनील द्विवेदी, जिला संगठन मंत्री भूपेन्द्र मिश्रा, कल्याण पयासी, राजा बेलौहा, प्रभात बेलौहा, दुर्गा शंकर बेलौहा, नीरज बेलौहा, राजा उपाध्याय, विनय शुक्ला, राजेश शिवहरे, शिवम बेलौहा, सुमित पयासी, पवन पयासी, दयाशंकर गुप्ता, शिव शंकर तिवारी आदि मौजूद रहे।

## भारतीय न्याय संहिता की धाराओं को लागू करने के लिए किया गया कार्यशाला का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट** - पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता व प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन विनोद कुमार सिंह की उपस्थिति में शुक्रवार को भारतीय न्याय संहिता की धारा 111 व धारा 103(2) के प्रावधानों को लागू करने के सम्बन्ध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक व प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन ने मौजूद सभी पुलिस अधिकारियों को भारतीय न्याय संहिता की धारा 111 व 103 (2) के प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही विवेचकों को धारा 111 में संगठित अपराध से सम्बन्धित प्राविधानों एवं धारा 103 (2) में भीड़ द्वारा हत्या के सम्बन्ध में दिए गए प्राविधानों को अत्यंत संयम के साथ लागू करने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी राजापुर जयकरण सिंह, क्षेत्राधिकारी कार्यालय अरविन्द्र वर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, क्षेत्राधिकारी मऊ यामीन अहमद, क्षेत्राधिकारी यातायात फ्हद अली, वाचक पुलिस अधीक्षक निरीक्षक राजीव कुमार सिंह, प्रभारी मीडिया सेल निशिकांत राय, प्रभारी महिला सेल जयप्रकाश उपाध्याय सहित सम्बन्धित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## सदगुरू नेत्र चिकित्सालय नेत्र रोगियों के लिए है वरदान- डीएम

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट** - संत रणछोड़ दास महाराज द्वारा स्थापित श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा संचालित सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय का जिलाधिकारी सतना सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक सतना आशुतोष गुप्ता ने भ्रमण कर नेत्र चिकित्सालय के विभिन्न विभागों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी और एसपी ने सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के वाह्य रोगी विभाग, ऑपरेशन थियेटर, आई बैंक, ट्रेनिग, ट्रेनिंग सेंटर, कांफ्रेंस हाल, नेत्र रोगी वार्ड, ट्रस्ट के मॉडल सहित नेत्र चिकित्सालय के विभिन्न विभागों का अवलोकन किया। चिकित्सालय के विभिन्न प्रकल्पों को देख डी एम व एसपी ने खूब सराहा। जिलाधिकारी ने चित्रकूट जैसे ग्रामीण अंचल में इतनी बड़ी नेत्र चिकित्सा की व्यवस्था देखकर खूब सराहा और कहा कि ये चिकित्सालय दूर दराज से आने वाले नेत्र रोगियों के लिए एक वरदान है, इसके होने से यहां के लोगो को बहुत आराम और सुविधा है। साथ ही उन्होंने कहा कि बाहर ईलाज के दौरान लोगो को बहुत सारी आने वाली परेशानियों से इस नेत्र चिकित्सालय के होने से बचत भी है। इस ट्रस्टी डॉ इलेश जैन, राजेंद्र मिश्रा, सुबीस, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र शुक्ला सहित सदगुरू परिवार के तमाम अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### दर्दनाक हादसा- अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंदा, मौत



**बाज़ार से घर लौटते समय हुआ हादसा**

**खेतासराय(जौनपुर)** – स्थानीय थाना क्षेत्र के शाहापुर में गुरुवार की रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया। आननफानन में ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने अस्साल पहुँचाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। युवक अपने ननिहाल में परिवार समेत रहता था। वह स्थानीय क़स्बा खेतासराय से घर लौट रहा था। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। विवरण के मुताबिक अनिल यादव (36) मूलरूप से आजमगढ़ जिले के पवई थाना क्षेत्र के अवराडार का निवासी है। वह अपने ननिहाल जमदहा(दुलीपुर) में परिवार के साथ रहता है। करीब 8-30 बजे शाहापुर भट्ठा के समीप बाज़ार से लौट समय दीदारगंज मार्ग की तरफ़ तेज़ रफ़्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने नगर के एक निजीय अस्पताल पहुँचाया। अनिल की मौत से अस्साल से लेकर घर तक परिजनों के करुण क्रंदन से गांव में मातम का माहौल है। अचानक सड़क हादसे में युवक की मौत से हर कोई स्तब्ध दिखा। पुलिस मामले की तफ़्तीश कर रही है। थानाध्यक्ष रामाश्रय रॉय ने बताया कि अज्ञात वाहन से हुई हादसे में युवक के शव को पीएम के लिए भेजा गया है। सीसी टीवी फुटेज के माध्यम से आरोपी वाहन चालक की छानबीन की जा रही है।

### एक मोबाइल कम, पर बच्चों की पढ़ाई जरूरी ओमप्रकाश राजभर



**गौराबादशाहपुर (जौनपुर)।** तियरी गांव में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जनसंपर्क कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि "घर में एक मोबाइल कम रिचार्ज कराएं लेकिन बच्चों की पढ़ाई जरूर कराएं, क्योंकि शिक्षा ही सवाल पूछने की ताकत देती है।" इस दौरान पूर्व विधायक अरविंद राजभर ने जनसमस्याओं के निराकरण के लिए कार्यालय को सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया। इसके पहले राजभर ने कार्यकर्ता मनीष मौर्य के पिता के निधन पर उनके घर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### खंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक सम्पन्न



**अम्बेडकरनगर**-विकास खंड भीटी और कटहरी में सितंबर त्रैमास 2025-26 की खंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अग्रणी जिला प्रबंधक कमलेश भास्कर ने की। इसमें खंड विकास अधिकारी, एडीओ, सीएम युवा फेलो, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक व ब्लॉक कर्मचारी मौजूद रहे।बैठक में वार्षिक ऋण योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, एनपीए की समीक्षा, सीसीएल पेंडिंग फाइलों व पीएमएफएमई के लंबित आवेदनों को जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।सभी सरकारी योजनाओं का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने, ऋण आवेदन अस्वीकृति के वैध कारण दर्ज करने व उपभोक्ताओं से सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने को कहा गया। ग्राम पंचायतों में कैम्प लगाकर जनधन, जीवन ज्योति बीमा व सुरक्षा बीमा योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।

# पत्रकार पर दर्ज मुकदमे की जाँच के लिए सीबीसीआईडी जाँच की मांग उठाई

### ●डीएम से मिलकर मुख्यमंत्री को संबोधित जिलाधिकारी को चार सूत्री ज्ञापन सौंपा



**स्वतंत्र प्रभात**

**जौनपुर**- राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के बैनर तले पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को जिलाधिकारी से मिला। उन्हें संगठन के जिलाध्यक्ष तामीर हसन शीबू पर दर्ज फर्जी मुकदमे की जाँच के लिए सीबीसीआईडी मांग उठाई। मुख्यमंत्री को संबोधित चार सूत्री ज्ञापन सौंपा। डीएम ने गम्भीरता से लेते हुए न्याय का आश्वशन दिया। मुख्यमंत्री, गृहसचिव, डीजीपी, सीबीसीआईडी को संबोधित ज्ञापन में पत्रकार परिषद ने कहा कि मीडियाकर्मी तामीर हसन शीबू ने होप फैमिली हॉस्पिटल की अनुचित व्याप्त अनियमित ताओ का समाचार संकलन करने पर प्रभावशाली के इशारे पर उनपर फ़र्जी मुकदमा लाद दिया गया। पत्रकारों की आवाज़ को दबाने के लिए यह लोकतंत्र की हत्या है। सीबीसीआईडी से निष्पक्ष जांच करके दोषियों पर सखूत कार्रवाई की मांग की है। परिषद ने पत्रकार सुरक्षा के लिए स्थायी और प्रभावी नीति बनाने की भी मांग की है। परिषद ने चेताया कि यदि इस प्रकरण पर कार्रवाई नही हुई तो पूरे प्रदेश में आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि प्रशासन पत्रकारों की सुरक्षा व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए गम्भीर है। हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश संगठन मंत्री सुरेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार गौतम, मंडल प्रभारी अमन विश्वकर्मा,जिला प्रभारी शशिकान्त मौर्य स्वतंत्र कुमार जिला उपाध्यक्ष डॉ इम्तियाज़ सिद्दीकी, संजय सिंह, इज़हार हुसैन, जिला महा सचिव मनीष श्रीवास्तव, रियाजुल हक़ राहुल गुप्ता, अनवर हुसैन, जिला सचिव रवि केसरी, सुजीत वर्मा, मोहम्मद आफताब, मोहम्मद हारून, अमित तिवारी, जितेंद्र बहादुर सिंह, मोहम्मद अल्ताफ, चंदन जायसवाल, विजय उपाध्याय, शैलेंद्र अग्रहरी, शशांक शेखर, मड़ियाहु तहसील अध्यक्ष रवि सिन्हा, गंगेश निगम कपिल देव सिंह, हिमांशु विश्वकर्मा अभिषेक सिकंदर भारती, शाहगंज तहसील अध्यक्ष प्रतिनिधि चन्दन जायसवाल, शशांक शेखर, विजय उपाध्याय शैलेन्द्र अग्रहरी, बदलापुर तहसील अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह संतोष कुमार, मछली शहर तहसील अध्यक्ष विशाल गौतम, दीप नारायण उपाध्याय, राकेश शर्मा, सेराज अहमद इत्यादि पत्रकार मौजूद रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी मोहम्मद अरशद ने दी।

### इलेक्ट्रिक नकली सामान का हुआ भंडाफोड़.....

**चंदवक जौनपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव के समीप नकली इलेक्ट्रिक सामान का असली हालर्माक लगाकर बेचा जा रहा था सामान का शीतल कुमार झा पुत्र सुधीर कुमार झा जो निवासी चंडीगढ़ के रहने वाला हैं जो कम्पनी उषा,ऐकंर, सिक्योरिटी नेटवर्क पद पर तैनात हैं जिसको नकली सामान का किसी तरह सुचना लगी हमारे सामान का नकली होलर्माग लगा बेचा रहा है तो उसको तत्पता दिखाते हुए मौके पर जा कर उसका भंडाफोड़ करते हुए चंदवक थाने में मुकदमा दर्ज कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंदवक बाजार की समीप अहिरौली गांव गोदाम में सामान बनाकर बेचा जा रहा था। की जब कंपनी के कर्मचारी को इस बात का पता चला तो कंपनी का होलोर्माग लगा बेचा जा रहा हैं तो शीतल कुमार झा द्वारा उपस्थित का नाम पूछा गया तो मालिक का नाम चंद्रिका दुबे पिता शंकर दुबे थाना चंदवक बताया जिसकी गोदाम में एंकर कंपनी का लोगों लगाकर कंपनी का नकली माल बेचा जा रहा था जिसमे लगभग उषा कंपनी के 3 दर्जन, स्लींग फैन टेस्टिंग कंपनी का आयरन लगभग66 पीस बरामद हुआ सभी नकली सामानो को कम्पनी के कर्मचारी द्वारा सील कर चंदवक थाना को सुपुर्द कर मुकदमा दर्ज कराया।

# पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार हुआ 25 हजार का इनामी पशु तस्कर

### ●खेतासराय के रानीमऊ गाँव निवासी है कुख्यात पशु तस्कर कलीम



**स्वतंत्र प्रभात**

**खेतासराय(जौनपुर)।** जिले में एक बड़ी सफलता के तहत खुटहन पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी पशु तस्कर कलीम को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। यह मुठभेड़ गुरुवार की देर रात मरहट नहर पुलिया के पास बड़नपुर गांव स्थित ईट भट्ठे के पास हुई। कलीम जौनपुर, आजमगढ़ व अंबेडकर नगर जिले के विभिन्न थानों में वांछित चल रहा था। खुटहन थानाध्यक्ष जय प्रकाश यादव ने बताया कि गुरुवार की रात सूचना मिली कि कलीम पुत्र अब्दुल सलाम निवासी रानीमऊ थाना खेतासराय जनपद जौनपुर उक्त ईट भट्ठे के पास बाइक लेकर खड़ा है और किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम ने खेतासराय मार्ग पर दोनों तरफ से घेराबंदी कर दी। खुद को पुलिस से घिरता देख कलीम ने पुलिस पर फायर कर दिया, लेकिन अंधेरा होने की वजह से गोली किसी को नहीं लगी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में कलीम के दाएं पैर में गोली लग गई।

घायल अवस्था में कलीम को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु भेज दिया गया। उसके पास से एक तमंचा, खोखा और कारतूस तथा चोरी की बाइक बरामद की गई। कलीम के खिलाफ जौनपुर, आजमगढ़ और अंबेडकर नगर जिले में पशुक्रूरता, आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न संगीन आपराधिक मामलों में 15 मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव के अलावा वरिष्ठ उप निरीक्षक तरुण श्रीवास्तव, कांस्टेबल अजय यादव, आकाश निषाद, मान सिंह और राजेश यादव शामिल रहे। कलीम को उपचार हेतु सीएससी लाया गया, जहां से बेहतर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

# सुरेन्द्र कुमार प्रजापति बने अधिवक्ताओं की जांच कमेटी के अध्यक्ष

**स्वतंत्र प्रभात**



**जौनपुर।** दीवानी न्यायालय मे फर्जी अधिवक्ताओ की जाच करने के लिए अनुशासन समिति के सचिव व पूर्व आडिटर सुरेन्द्र कुमार प्रजापति एडवोकेट को जांच कमेटी का अध्यक्ष बनाया है। बार ने सुरेन्द्र कुमार प्रजापति को अपनी जांच टीम बनाने के लिए अधिकृत करते हुए शीघ्र ही जांच प्रक्रिया शुरू करने के लिए निर्देशित किया है। संघ द्वारा जांच कमेटी की घोषणा होते ही फर्जी अधिवक्ताओं मे हडकंप मच गया है। नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा है कि जल्द ही टीम का कमेटी गठित कर सभी के सहयोग से जांच प्रक्रिया शुरू की जायेगी। अध्यक्ष ने कहा कि अब फर्जी अधिवक्ता दीवानी परिसर छोड दें अन्यथा जेल जाने के लिए तैयार रहें। उन्होंने न्यायालय परिसर में इधर-उधर घूम रहे आम जनता का शोषण तथा धन उगाही करने वाले फर्जी अधिवक्ताओं को सख्त चेतावनी देते हुए आगाह किया है। अब फर्जी अधिवक्ताओं की किसी भी प्रकार से खैर नहीं है, इसी में उनकी भलाई है कि कार्रवाई से पहले ही वह न्यायालय परिसर से दूर चले जाएं। उन्होंने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ अधिवक्ता साथियों के प्रति आभार जताया है। उन्होंने बताया कि जिस उद्देश्य और मंशा से उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी अधिवक्ताओं और आम जनता के हितों की रक्षा के लिए वह सदैव तत्पर रहेंगे इसके लिए जो भी आवश्यक कदम उठाना होगा अवश्य उठाएंगे। नई जिम्मेदारी मिलने पर तेजबहादुर सिंह पूर्व अध्यक्ष, ब्रजनाथ पाठक पूर्व अध्यक्ष, राधेश्याम विश्वकर्मा, गौरीशंकर मिश्र पूर्व मंत्री, विकलेश प्रजापति, शेषनाथ सिह, अजीत सिंह, मृदुल यादव, हिमांशु श्रीवास्तव, अवधेश सिंह पूर्व मंत्री, दिनेश कुमार, अजय निषाद, राजबहादुर प्रजापति, अरूण प्रजापति पूर्व उपाध्यक्ष, जितेन्द्र नाथ उपाध्याय पूर्व अध्यक्ष, कमलेश अग्रहरी, ओमप्रकाश पाल पूर्व संयुक्त मंत्री, उष्मान अली संयुक्त मंत्री आदि लोगों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### 45ए डिग्री पर लटका हाईटेंशन विद्युत पोल, गिरने की आशंका

**गोलाबाजार गोरखपुर** ।गोला क्षेत्र के तुर्कवालिया से शिवपुर मार्ग पर हाईटेंशन तार के लिए लगा विद्युत पोल एक तरफ झुक गया है। झुके पोल के कारण ग्रामीण दहशत में हैं और किसी भी खतरे की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। प्राप्त विवरण के अनुसार शिवपुर निवासी नरेंद्र कुमार, रामकिशन यादव, त्रिवेणी यादव, राम लाल, राम लखन, जितेंद्र कुमार, प्रतीक कुमार आदि ने बताया की शिवपुर की आधी आबादी की निकासी इस रास्ते से है। सुबह व शाम इस रास्ते से स्कूल की छोटी गाड़ियां का भी आना जाना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि एक तरफ झुके हुए इस विद्युत पोल के गिरने का आशंका हमेशा बनी रहती है। ऐसा होने पर बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों के द्वारा इस झुके पोल विद्युत विभाग से गुहार लगाई है कि इसका जल्द से जल्द समाधान किया जाय जेई ग्रामीण अन्नू आनंद ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं था। विद्युत पोल को जल्द से जल्द ठीक करा दिया जाएगा।

### भाजपा नेता स्व. कृष्णानंद पटेल को तेरहवीं पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि, सोनभद्र के कई गणमान्य नेता हुए शामिल

**स्वतंत्र प्रभात**



**सोनभद्र, उत्तर प्रदेश।** कोन में अपना दल (एस) के प्रदेश उपाध्यक्ष और राष्ट्रीय नव निर्माण ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद पटेल दयालु के पूज्य भ्राता, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय कृष्णानंद पटेल जी की तेरहवीं संस्कार सभा उनके पैतृक निवास पर भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सोनभद्र जनपद से कई गणमान्य नेता और आमजन उपस्थित हुए। श्राद्धांजलि सभा में सोनभद्र के लोकप्रिय भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधि और सैकड़ों की संख्या में आमजन मौजूद रहे। वक्ताओं ने स्वर्गीय कृष्णानंद पटेल जी के व्यक्तित्व और उनके कार्यों को याद करते हुए कहा कि वे एक समर्पित कार्यकर्ता, समाजसेवी और सच्चे राष्ट्रभक्त थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में हमेशा समाज के उत्थान और संगठन को मजबूत करने के लिए काम किया। उनके योगदान को याद करते हुए सभी उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दुख की घड़ी में परिवार ने सभी गणमान्य अतिथियों, शुभचिंतकों और क्षेत्रीय नागरिकों का हृदय की गहराइयों से धन्यवाद और आभार प्रकट किया। ईश्वर से प्रार्थना की गई कि वे स्वर्गीय कृष्णानंद पटेल जी की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें।

# पीयू परिसर में कड़ी निगरानी में हुई प्रवेश परीक्षाएं

### ●सुचिता और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई तीनों पाली की परीक्षा



**स्वतंत्र प्रभात**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए प्रथम चरण की प्रवेश परीक्षाएं उमानाथ इंजीनियरिंग संस्थान में सफलतापूर्वक शुक्रवार को सम्पन्न हुईं। परीक्षा तीन पालियों में आयोजित की गई, जिनमें पहली पाली सुबह 9:00 से 11:00 बजे तक डी. फार्मा और बी.कॉम ऑनर्स, दूसरी पाली दोपहर 12:00 से 2:00 बजे तक एलएलबी (पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड) और बी.टेक तथा तीसरी पाली अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे तक बीसीए पाठ्यक्रम की परीक्षा कराई गई। प्रवेश परीक्षा अत्यंत सुचिता, पारदर्शिता और कड़े सुरक्षा प्रबंधों के साथ सम्पन्न कराई गई। परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के साथ-साथ कक्ष निरीक्षक एवं परीक्षा समिति के सदस्य लगातार कमरों का भौतिक निरीक्षण भी कर रहे थे। परीक्षार्थियों की तलाशी के लिए प्रवेश द्वारों पर कड़ी जांच की गई, जिससे अनुचित साधनों के प्रयोग की कोई संभावना न रहे। परीक्षाओं की पारदर्शिता बनाए रखने हेतु विश्वविद्यालय और जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। 18 जुलाई को कुल 1296 विद्यार्थियों ने परीक्षाएं दी।

केंद्राध्यक्ष डॉ. संजीव गंगवार ने बताया कि 19 जुलाई को प्रथम पाली 9:00 बजे से 11:00 बजे बीएससी के सभी प्रोग्राम में, दूसरी पाली 12:00 से 2:00 के एमबीए, एमबीए के फाइनेंस एंड कंट्रोल, एचआरडी, ई-कॉमर्स, बिजनेस इकोनॉमिक्स तथा तीसरी पाली 3:00 से 5:00 के बीच बीबीए, एलएलएम, एमसीए, इंटीग्रेटेड एमसीए, एमएससी के बायोटेक्नोलॉजी, बायो केमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी परीक्षा होगी। परीक्षा संचालन समिति के सदस्य प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. राजकुमार, प्रो रजनीश भास्कर, प्रो. मिथिलेश सिंह, डॉ रसिकेश, अशोक कुमार यादव, सत्यम उपाध्याय,? ज्ञानेंद्र पाल, डॉ. सुजीत चौरसिया, रीतेश श्रीवास्तव, संतोष यादव समूचे समय सक्रिय रूप से परीक्षा प्रक्रिया को संचालित करने में लगे रहे।

# ओबरा में 28 जुलाई को भव्य रुद्राभिषेक और शिव बारात महाकाल सेवा समिति ने एसडीएम और थाना प्रभारी से मांगा सहयोग

**स्वतंत्र प्रभात**



**सोनभद्र**- उत्तर प्रदेश ओबरा के सेक्टर 8 में स्थित महाकाल सेवा समिति आगामी 28 जुलाई को अपने वार्षिक रुद्राभिषेक और शिव बारात कार्यक्रम की भव्य तैयारी में जुटी हुई है। यह आयोजन विधि-विधान से पूजा-पाठ के साथ संपन्न होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। इस महत्वपूर्ण धार्मिक कार्यक्रम की अनुमति और आवश्यक सहयोग के लिए, समिति के सदस्यों ने ओबरा तहसील के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) विवेक सिंह और ओबरा थाना प्रभारी राजेश सिंह को एक निमंत्रण पत्र और ज्ञापन सौंपा है। समिति ने अधिकारियों को बताया कि हर साल की तरह इस बार भी यह भव्य धार्मिक शोभायात्रा बिल्ली प्राइमरी स्कूल से शुरू होकर गीता मंदिर पर समाप्त होगी।महाकाल सेवा समिति की इस पहल के दौरान कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और कार्यक्रम को अपना पूरा समर्थन दिया। इनमें प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी ओबरा मंडल के उपाध्यक्ष विकास सिंह, भाजयुमो ओबरा के मंडल अध्यक्ष अरविंद सोनी, और अभिभावक स्वरूप भाजपा के वरिष्ठ नेता उमेश पटेल शामिल थे। साथ ही, महाकाल सेवा समिति के संरक्षक और भाजपा के धुरंधर शर्मा तथा विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश मंत्री सत्य प्रकाश पांडे ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। इस अवसर पर हिंदू युवा वाहिनी एवं अधिवक्ता उमेश शुक्ला, अधिवक्ता अनिल मिश्रा, समिति के समीक्षक रमेश वर्मा, अवधेश अग्रवाल, और महेंद्र चौधरी भी मौजूद रहे। महाकाल सेवा समिति के सदस्य बिमल और रंजन सिंह भी उपस्थित थे। स्थानीय पत्रकारों में रामप्यारे सिंह, संतोष साहनी, और अजीत सिंह भी कार्यक्रम को कवर करने के लिए मौजूद थे।महाकाल सेवा समिति के अध्यक्ष सर्वेश दुबे ने बताया कि इस दौरान विभिन्न सामाजिक और धार्मिक विषयों पर भी गंभीर चर्चा की गई। उन्होंने जोर दिया कि यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक सद्भाव और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। महाकाल सेवा समिति ने इस सफल आयोजन के लिए स्थानीय प्रशासन से पूर्ण सहयोग की अपील की है।

# बस्ती जनपद में जिलाधिकारी ने परासडीह के ग्राम पंचायत के प्रधान का खाता चीज

### ●जांच टीम ने शिकायत की जांच कर जिलाधिकारी को रिपोर्ट किया था प्रेषित ग्राम पंचायत परासडीह में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनिमियता की पुष्टि होने पर ग्राम प्रधान का वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार किया गया सीज - जिलाधिकारी



**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिले के विकासखंड गौर के अंतर्गत ग्राम पंचायत परासडीह के ग्राम प्रधान का जिलाधिकारी द्वारा वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिया है ग्राम पंचायत परासडीह में हुए विकास कार्यो में बड़े पैमाने पर अनिमियता की गई थी जिसको लेकर शिकायतकर्ता हृदय नारायण मिश्र क्षेत्र पंचायत सदस्य ने उच्च अधिकारियों से शिकायत किया था। शिकायतकर्ता द्वारा किए गए शिकायत की जांच ,जांच टीम द्वारा की गई थी जिसमें पुष्टि हुई थी कि बड़े पैमाने पर विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन का दुरूपयोग हुआ है। जांच टीम द्वारा प्रेषित रिपोर्ट में भ्रष्टाचार की पुष्टि होने पर जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने ग्राम प्रधान श्रीमती कुमारी का वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार दिनांक - 17-04-2025 को सीज कर दिया था। ग्राम प्रधान का वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार सीज होने के बाद ग्राम प्रधान ने माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद का दरवाजा खटखटाया था।

ग्राम प्रधान कुमारी का पक्ष सुनते हुए जिला अधिकारी द्वारा पारित आदेश को प्राकृतिक न्याय के विपरीत मानते हुए माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने पुनः ग्राम प्रधान का वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार को सीज करने वाले आदेश स्थगित कर दिया था। ग्राम प्रधान कुमारी स्थगन आदेश पाते ही ग्राम पंचायत परासडीह में भ्रष्टाचार की ओर पुनः तेजी से कदम बढ़ाई थी जिसमें रोजगार सेवक ,महिला मेट सचिव व तकनीकी सहायक ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सोशल मीडिया पर लगातार सम्मानित समाचार पत्रों में ग्राम पंचायत परासडीह की खबर प्रकाशित हो रही थी और लगातार क्षेत्र पंचायत सदस्य हृदय नारायण द्वारा शिकायत की जा रही थी। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश के अनुपालन में ग्राम प्रधान कुमारी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था। ग्राम प्रधान द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण का जबाव संतोष जनक ना होने के कारण जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने पुनः दिनांक - 16-07-2025 को ग्राम पंचायत परासडीह के ग्राम प्रधान का वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिया है। शिकायतकर्ता हृदय नारायण मिश्र में समस्त मीडिया बन्धुओं के प्रति आभार जताते हुए कहा है कि मीडिया के सहयोग से ग्राम पंचायत परासडीह के समस्त ग्रामवासियों को न्याय मिला है।

# नगरपालिका बोर्ड की बैठक में रौता चौराहे का नाम चित्रगुप्त चौक, रोडवेज तिराहा अमर शहीद भगत सिंह के नाम पर किये जाने का प्रस्ताव पारित

### ●नगरपालिका क्षेत्र का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता- नेहा वर्मासम्पत्तियों की सुरक्षा के लिये होगी राजस्व निरीक्षक की तैनाती- अंगद गुप्ता



**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिले के नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक अध्यक्ष नेहा वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कर निर्धारण सूची में संशोधन और परिवर्तन, शुल्क में एकरूपता, दर को तत्काल प्रभाव से लागू किये जाने, रौता चौराहे का नाम चित्रगुप्त चौक किये जाने, रोडवेज तिराहे का नाम अमर शहीद भगत सिंह के नाम पर किये जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा ने बैठक में सभासदों को आश्वस्त किया कि बोर्ड की बैठक में उनके द्वारा जो प्रस्ताव लाये गये हैं उनका चरणबद्ध ढंग से प्रभावी निराकरण कराया जायेगा। उन्होने बरसात के मौसम में जल भराव न होने पाये, संक्रामक रोगों से बचाव के लिये फागिग कराने, प्रकाश व्यवस्था दुरूस्त कराने का निर्देश दिया। कहा कि बस्ती नगर पालिका क्षेत्र को स्वच्छ, सुन्दर बनाने का संकल्प हम सबका होना चाहिये। अधिशासी अधिकारी अंगद गुप्ता ने बैठक में कहा कि नगर पालिका के सम्पत्तियों के रख रखाव, कागजों को दुरूस्त करने के लिये एक सेवा निवृत्त राजस्व निरीक्षक की नियुक्त किया जायेगा जिससे सम्पत्ति विवाद के मामलों का प्रभावी निराकरण हो सके। बताया कि अब भवन की खरीद करने वालों, नामांन्तरण का शुल्क अधिकतम 10 हजार रूपया कर दिया गया है। सरकार ने नागरिकों को काफी राहत दिया है।

बैठक में अधिशासी अधिकारी अंगद गुप्ता द्वारा स्वकर फार्म भरवाये जाने में बोर्ड के वरिठ सदस्य जगदीप श्रीवास्तव के सुझाव पर वार्ड वार कैम्प लगाकर फार्म भरवाने का कार्य किये जाने का आश्वासन दिया गया। पालिका सीमान्तर्गत विभिन्न चौराहों का नामकरण किये जाने हेतु श्रीमती बैजन्ती सिंह, रमेश कुमार गुप्ता, प्रफुल्ल कुमार श्रीवास्तव द्वारा रौता चौराहे का नाम चित्रगुप्त चौक किये जाने, श्रीमती रोली चौधरी सभासद ने रोडवेज तिराहे का नाम अमर शहीद भगत सिंह के नाम पर किये जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।बोर्ड की बैठक में सभासद श्रीमती मंजू श्रीवास्तव ने विवेकानन्द कालोनी रौतापार में सरकारी तालाब का सौन्दर्यीकरण कराने, बच्चों के खेलकूद के लिए पार्क बनाये जाने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। बोर्ड की बैठक में मुख्य मार्गों व सभी वार्डो के साथ वार्ड में नवनिर्मित सडकों पर लगे खम्भों पर पथ प्रकाश की व्यवस्था कराये जाने, नागरिक सुविधाओं के दृष्टिगत सफाई कर्मचारियों की संख्या बढाये जाने, खराब लाइट को ठीक कराये जाने, रोडवेज स्थित भगत सिह पार्क का सुन्दरीकरण कराये जाने, जन्म-मृत्यु पंजीकरण का सरलीकरण किये, निर्माण एवं विकास संबंधी अनेक कार्यो को सदन द्वारा ध्वनि मत से पारित किया गयाबैठक में सभासद अमरावती देवी, राजन ठाकुर, रोली, इन्द्रावती देवी, विद्यावती देवी, ममता, रवीन्द्र कुमार, मोहम्मद इदरीस, मुहम्मद अयूब, दिनेश गुप्ता, निर्मला देवी, मन्जू श्रीवास्तव, पंकज कुमार चौधरी, बैजन्ती सिंह, कृष्ण कुमार पाण्डेय, सर्वेश यादव, जगदीप श्रीवास्तव, रुकईया खातून, प्रफुल्ल, परमेश्वर शुक्ला, श्रीमती शाहजहाँ, रमेश कुमार के साथ ही कर निर्धारण अधिकारी उदयभान, प्रभारी लेखाकार गणेश कुमार सिह, श्रीमती अर्चना कुमारी जलकल अभियन्ता, अर्पित निगम जे0ई0, अमित शुक्ला प्रकाश निरीक्षक, सदन लिपिक राजीव शंकर श्रीवास्तव, अश्वनी कुमार श्रीवास्तव, शुभम यादव आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन का इंतजार कर रहा बिहार का तस्कर 3 किलो 900 ग्राम चरस के साथ कानपुर में गिरफ्तार



**कानपुर।** अपने घर जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रहे बिहार के रहने वाले शातिर तस्कर को लाखों रुपए कीमत की 3 किलो 900 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। जीआरपी और आर पी एफ को यह सफलता कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर मिली। मिली जानकारी के मुताबिक बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के गोविंदगंज थाना क्षेत्र के सरैया नवादा गांव के रहने तस्कर 22 साल के तूफान महतो के पास से 3 किलो 900 ग्राम चरस बरामद हुई है। इसकी कीमत करीब 5 लाख रुपए आंकी गई है। जीआरपी ने बताया कि उसे हैरिस गंज पुल के पास से उसे पकड़ा गया। उस समय वह पीपल के पेड़ के नीचे बिहार जाने वाली ट्रेन का इंतजार कर रहा था। तस्कर की गिरफ्तारी के विवरण में यह भी बताया गया कि यह कार्रवाई एडीजी रेलवे प्रकाश डी के मार्गदर्शन में एसपी रेलवे प्रयागराज प्रशांत वर्मा की निगरानी में टीम ने यह सफलता हासिल की। डीएसपी कानपुर दुष्यंत कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जीआरपी कानपुर सेंट्रल के प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह और आरपीएफ पोस्ट प्रभारी सिद्धनाथ पाटीदार भी शामिल थे।

### खरीफ किसान मेला गोष्ठी तथा कृषक वैज्ञानिक वार्ता कार्यक्रम का आयोजन 24 जुलाई को

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने बताया है कि कृषि की नवीनतम तकनीक से खरीफ 2025-26 में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के उद्देश्य से जनपद में कृषि निवेशों, खाद, बीज, सिंचाई, विद्युत इत्यादि की उपलब्धता एवं तकनीकी प्रचार प्रसार हेतु 24 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे से तुलसीसदन (हादीहाल) में जनपद स्तरीय खरीफ किसान मेला/गोष्ठी तथा कृषक वैज्ञानिक वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित क्रियाकलापों एवं शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाओं की जानकारी प्रदर्शनी/स्टाल के माध्यम से मेले में भाग लेने वाले कृषकों को दी जायेगी।

### वृक्ष हमारे जीवन के अनमोल रत्न- पवन

**देवरिया।** पथरदेवा विधानसभा के बरवा मान सिंह और बरवा मीर छापर के अमृत सरोवर पर एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत आम, आँवला, जामुन, अमरूद के फलदार पौधों को किसान मोर्चा कार्यकर्ताओ ने लगाया। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के अनमोल रत्न है, शुद्ध पर्यावरण के लिए हम सभी को पौधरोपण अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधों के बिना जीवन की कल्पना नही की जा सकती है, पृथ्वी पर पेड़ो की कमी होने से आक्सीजन की समस्या से प्रायः व्यक्ति को जूझना पड़ता है, इसका एक मात्र स्थाई उपाय पौधरोपण है। इस अवसर पर दिव्यांशु श्रीवास्तव, गोरख यादव, प्रभुनाथ पाण्डेय, विजेंद्र चौहान, विष्णु कुशवाहा, संजय कुशवाहा, विनोद दुबे, वसीम खान, अशोक यादव, जय प्रकाश यादव, बिलाल शाह उपस्थित रहे।

### शत-प्रतिशत टीडी टीकाकरण के लिए पुनः चलेगा अभियान

**चित्रकूट-** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रदेश में डिप्थीरिया रोग के बढ़ते मामलों के दृष्टिगत नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बीते विश्व टीकाकरण सप्ताह 24 अप्रैल से 10 मई 2025 के दौरान स्कूल आधारित टीडी टीकाकरण अभियान से छूटे हुए सभी बच्चों का टीकाकरण पुनः एक से 31 अगस्त के मध्य अभियान चलाकर किया जाएगा। सीएमओ ने बताया कि विश्व टीकाकरण सप्ताह के दौरान छूटे हुए स्कूलों, विद्यालयों, मदरसों तथा 75 प्रतिशत से कम टीकाकरण वाले शैक्षिक संस्थानों में पुनः शत-प्रतिशत टीडी टीकाकरण किया जाना है। इसके लिए उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को कहा है कि एक से 31 अगस्त तक संचालित होने वाले इस स्कूल आधारित टीडी टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विद्यालयों, मदरसों के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक एवं सीडीपीओ, खंड शिक्षा अधिकारी आदि को निर्देशित करें ताकि छूटे हुए बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण कर अभियान को संपन्न कराया जा सके।

# पत्नी से विवाद के चलते मायके जाने पर युवक गंगा बैराज से कूद

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** पत्नी के छोड़ कर जाने के बाद शुक्रवार सुबह उन्नाव के रहने वाले युवक ने गंगा बैराज से छलांग लगा दी। युवक का नाम ओम प्रकाश है। जानकारी पर परिजन मौके पर पहुंचे, बिजली कटौती के कारण पुलिस बैराज के गेट बंद नहीं करा सकी। बहाव तेज होने के कारण गंगा बैराज रोड जाम करते आक्रोशित परिजन करीब दो घंटे तक इंतजार के बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बैराज रोड जाम कर दी। हंगामे की सूचना पर एसीपी कर्नलगंज समेत 7 थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा। उन्नाव के पावा, परियर निवासी नन्हकू ने बताया कि उनके बेटे ओम प्रकाश उर्फ राबिंद (26) की शादी 4 साल पहले दाउदपुर, मोहान निवासी सीमा के साथ हुई थी। दोनों के एक 3 साल की बेटी वंशिका है। नन्हकू ने बताया कि परिवार में पत्नी



रामदुलारी, एक बड़ा बेटा गोविंद व तीन बेटियां संतोषा, शांति व सोनम हैं। साल भर पहले उन्होंने लालूपुर, सिकंदरपुर सरौसी में मकान बनवाया था, जहां परिवार के साथ रहते हैं। लोगों को जाम लगाने से रोकती पुलिस 8 दिन पहले पत्नी बच्ची को छोड़ मायके चली गई थी। भाई गोविंद ने बताया कि ओम प्रकाश पत्नी, बेटी के साथ अलग रहता था। बताया कि 8 दिन पहले भाई का पत्नी से विवाद हो गया था, जिसके बाद वह बेटी को छोड़ कर मायके चली गई थी। गोविंद ने बताया कि ओम प्रकाश ने पत्नी को फोन किया तो उसने बात करने से मना कर दिया। गोविंद का आरोप है ओम प्रकाश को ससुरालीजन प्रताड़ित कर रहे थे, जिसके बाद वह परेशान था। बताया कि आज सुबह 6:30 बजे ओमप्रकाश मां रामदुलारी से दही और बेटी के लिए दूध लाने की बात कह कर घर से निकला था। बिजली कटौती के कारण गंगा बैराज के गेट भी बंद नहीं हो सके। करीब दो घंटे तक गेट बंद न होने और गोताखोरों के न उतरने के कारण परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। दोपहर में बंद हुए गेट, गोताखोर नदी में उतरे परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर एसीपी कर्नलगंज अमित चौरसिया, ग्वालटोली, नवाबगंज, अनवरगंज, काकादेव, रायपुरवा समेत 7 थानों का फोर्स मौके पहुंचा। दोपहर करीब 12:30 बजे गेट बंद कर पुलिस ने गोताखोर उतारे। एसीपी कर्नलगंज अमित चौरसिया ने बताया कि जल पुलिस के साथ स्थानीय गोताखोरों को लगाया गया है।

## जनपद के पंचायत भवनों में डिजिटल पुस्तकालय होंगे स्थापित -डीपीआरओ




**प्रतापगढ़।** जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत दर्वे ने बताया कि जनपद में 17 ब्लाकों के अन्तर्गत 319 पंचायत भवनों में डिजिटल पुस्तकालय (बाल एवं किशोर पुस्तकालय) स्थापित किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इन पुस्तकालयों में स्मार्ट एलईडी, कैमरे के साथ टीवी ,डेस्कटॉप कंप्यूटर, स्कैनर के साथ प्रिंटर एवं यूपीएस की आपूर्ति की जाएगी। इसके अलावा लगभग 02 लाख रुपए धनराशि से पुस्तकों की खरीददारी की जाएगी।किताबों के रखरखाव के लिए रैक, रीडिंग टेबल, कंप्यूटर एवं अन्य फर्नीचर भी पंचायत भवनों में उपलब्ध कराये जाएंगे। ग्राम पंचायत के भवनों के इन सामग्रियों से सुसज्जित हो जाने से क्षेत्र के नवयुवकों, प्रतियोगी छात्रों एवं प्रबुद्ध जनों को समसामयिक जानकारी एवं ज्ञान प्राप्त करने में सहूलियत होगी।

# रिमझिम बारिश ने रुलाया, केस्को ने भी खूब छकाया

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** कानपुर में गुरुवार को दिनभर रिमझिम बारिश होती रही। बीच-बीच में तेज बारिश के साथ हवाएं भी चलीं। रिमझिम वारिश के कारण लोग गर में दुबकने को मजबूर हो गए, वही केस्को ने जनता को खूब छकाया। वहीं किदवई नगर क्षेत्र में एक पेड़ गिरने से दो लोग उसमें दब गए जिसमें एक की मृत्यु हो गई। बृहस्पतिवार को देर रात तक बारिश का सिलसिला जारी रहा। तेज हवा और बारिश के कारण शहर में कई जगह पेड़ गिरे। लाल बंगला, दवाई नगर, श्याम नगर, शास्त्री नगर और गांधी ग्राम इलाके में पेड़ गिरने की घटनाएं हुई। किदवई नगर क्षेत्र में एक पेड़ गिरने से दो लोग दब गए। इनमें सेन पश्चिम के रहने वाले साइकिल सवार सुभाष द्विवेदी (46) और एक अन्य व्यक्ति शामिल थे। आसपास मौजूद लोगों ने दोनों को पेड़ के नीचे से निकाला। घायलों को हाईलाइट अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान सुभाष द्विवेदी



की मौत हो गई। इसी तरह से गुरुवार देर शाम लाल बंगला इलाके में एक बड़ा पेड़ गिर गया। बीच चौराहे पर पेड़ गिरने से रास्ता जाम हो गया। मशक्कत के बाद पेड़ की गिरी दलों को हटाने का काम किया गया जिसके बाद रास्ता खोला जा सका। वारिश के साथ साथ केस्को ने भी लोगों का जीना हराम कर दिया। देहली सुजानपुर क्षेत्र के अंतर्गत सनिगवां रोड स्थित चन्द्र नगरी, स्वर्ण जयंती विहार, स्वर्ण जयंती विस्तार आदि क्षेत्रों में रात भर लाइट नहीं आई, लोग न तो सो सके और पानी के लिए बेहाल हो गये। लाइट सुबह 10:30 पर आई तब जाकर लोग पानी भर सके।

# चकेरी में छात्रा से छेड़खानी करने वाला मुठभेड़ में गिरफ्तार






स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** दिनांक 16-07-2025 को थाना चकेरी क्षेत्रांतर्गत एक छात्रा के साथ मोटरसाइकिल सवार द्वारा छेड़खानी की घटना कारित करने वाले अभियुक्त को चकेरी थाना पुलिस ने एक मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगी है। पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि 16 तारीख को चकेरी थाने में एक एफआईआर, दर्ज हुई थी जिसमें एक बाइक सवार द्वारा बारहवीं की एक छात्रा के साथ छेड़खानी की गई थी, उसकी आबरु पर हाथ डाला गया था और अश्लील फब्तियां कसी गई थीं। यह मुकदमा दर्ज होते ही पुलिस की चार टीमें इसकी लग गई थीं। जिसका पुलिस द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रारंभ की गई। उक्त प्रकरण में आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गठित की गई तथा ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत क्षेत्र में स्थापित सीसीटीवी कैमरों के विश्लेषण के माध्यम से दिनांक 17-07-2025 को आरोपी की पहचान सुनिश्चित की गई। पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए आरोपी की तलाश की गई, जिसके क्रम में पुलिस व आरोपी के मध्य हुई मुठभेड़ में आरोपी को आवश्यक बल प्रयोग कर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त का नाम आदित्य गुप्ता पुत्र स्व0 शिवकिशोर गुप्ता है जो वर्ल्ड बैंक बर्रा थाना बर्रा कानपुर नगर निवासी हैं उम्र करीब 24 वर्ष बताई गई है । बदमाश के पास से 1 तमंचा 2 कारतूस व घटना में प्रयुक्त बाइक P78E S8302 बरामद हुई है ।

## दिनेश मिश्रा का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत - अरविन्द



**सनबीम स्कूल के संस्थापक की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित**

**देवरिया।** सनबीम स्कूल के संस्थापक दिनेश मिश्रा की बारहवी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। विद्यालय परिवार के सदस्य, शिक्षक एवं छात्रों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को स्मरण किया। प्रधानाचार्य अरविंद शुक्ला ने कहा कि, जो व्यक्ति केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समाज के लिए जीता है, वह मरने के बाद भी सबकी स्मृतियों में जीवित रहता है। स्व. दिनेश मिश्रा जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। श्रद्धांजलि सभा के पश्चात विद्यालय के निदेशक अवनीश मिश्रा एवं उपनिदेशिका नीतू मिश्रा ने शिक्षकों और छात्रों के साथ ज़िला चिकित्सालय पहुंचकर भर्ती मरीजों को फल एवं मिष्ठान्न वितरित किए। यह सेवा कार्य स्व. मिश्रा जी की जनसेवा भावना का एक जीवंत उदाहरण था। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं प्रबंधन समिति के सदस्य मौजूद रहे। संपूर्ण वातावरण श्रद्धा और सेवा के भाव से अभिभूत रहा।

# गवर्नमेंट डिस्ट्रिक्ट लाइब्रेरी को सीएसआर फंड से मिलेगा नया स्वरूप

**●छात्रों की सुविधाओं का विस्तार, लाइब्रेरी बनेगी अध्ययन का आदर्श केंद्र**

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने आज लाल इमली चौराहा स्थित राजकीय जिला पुस्तकालय का निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेते हुए छात्रों से संवाद भी किया। डीएम ने कहा कि इस ऐतिहासिक पुस्तकालय को 20 लाख रुपये के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड के माध्यम से नया स्वरूप दिया जाएगा, जिससे यह पुस्तकालय आधुनिक तकनीकों एवं सुविधाओं से लैस हो सकेगा। वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 45 छात्र यहां अध्ययन कर रहे हैं। पुस्तकालय में साहित्य, विज्ञान, गणित, इतिहास, संस्कृति, बाल साहित्य, जीवनी, आध्यात्मिक विषयों सहित कुल 65,000 से अधिक पुस्तकें उपलब्ध हैं। सभी प्रमुख समाचार पत्रों की नियमित आपूर्ति होती है। पुस्तकालय में आरओ, वाई-फाई, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं और यह प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक खुला रहता है। तीन वर्ष की सदस्यता के लिए मात्र 500 रुपये शुल्क निर्धारित है, जो वापसी योग्य रिफंडेबल है।

लाइब्रेरी परिसर में करियर काउंसलिंग और मोटिवेशनल कक्षाएं समय-समय पर आयोजित की जाती हैं। निरीक्षण के दौरान कुछ छात्रों ने प्रतियोगी परीक्षाओं के समय लाइब्रेरी के संचालन समय में वृद्धि की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने एडीआईओएस को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। डीएम ने डीआईओएस कार्यालय के अधीन उपयोग में आ रहे पुस्तकालय परिसर के कक्षों को खाली कराने और वाचनालय में बैठने की क्षमता बढ़ाने के निर्देश भी दिए। पुस्तकालय को एसी, एग्जॉस्ट फैन, जनरेटर, नयी कुर्सियों और अध्ययन टेबल जैसी सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। डीएम ने कहा कि यह गवर्नमेंट लाइब्रेरी छात्रों को अध्ययन के लिए एक शांत और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान कर रही है, और सीएसआर फंड की सहायता से इसे और अधिक समृद्ध व उपयोगी बनाया जाएगा। इस दौरान एडीआईओएस प्रशांत कुमार द्विवेदी सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

# फर्जी सीबीआई इनकम टैक्स अधिकारी बनकर टप्पेबाजी के पांच आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात



**प्रतापगढ़।** कोतवाली नगर के महुआर निवासी वादी 14 जुलाई को परिचित राम विशाल तिवारी पुत्र गायत्री प्रसाद तिवारी निवासी चौक पट्टी बाजार वार्ड नंबर 8 थाना पट्टी के साथ कार से लेबर कार्य हेतु उड़ैयाडीह जा रहे थे,तभी एक पुलिया के पास तीन अज्ञात लोगों ने अपने को सीबीआई इनकम टैक्स अधिकारी बताकर कार की तलाशी ली और अगली सीट पर रखा बैग में रखे लगभग पांच लाख रुपए को झटक दिया। घटना के बाद साथी राम विशाल तिवारी के व्यवहार में असमानता और टालमटोल की प्रवृत्ति पर वादी को शंका हो गई कि साथी राम विशाल तिवारी की मिलीभगत से टप्पेबाजी का शिकार होना पड़ा है। वादी की तहरीर पर पट्टी थाना में एक नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने विशेष टीम गठित करते हुए कार्रवाई के लिए सख्त निर्देश दिए। विशेष टीम ने तकनीकी सहायता सुरागसी पतारसी मुखबिर खास आदि के जरिए महज चौबीस घंटों मे नकली सीबीआई इनकम टैक्स अधिकारी बनकर टप्पेबाजी करने वाले पांच आरोपियों को दबोच लिया।

एएसपी शैलेन्द्र लाल सीओ पट्टी मनोज सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक पंकज राय विशेष टीम प्रभारी अमित कुमार चौरसिया आदि ने बृजेश सिंह 50 पुत्र छोटकू सिंह निवासी बीबीपुर थाना पट्टी, रामविशाल तिवारी 51 पुत्र गायत्री प्रसाद तिवारी निवासी वार्ड 8 चौक बाजार नगर पंचायत पट्टी, रामसकल केवट 52 पुत्र रामकिशुन केवट निवासी ग्राम काजी नेवादा थाना बक्शा जौनपुर,लल्लू केवट 47 पुत्र चिल्लूर निवासी ग्राम नई बस्ती सैफाबाद थाना आसपुर देवसरा, रंजीत कुमार यादव 30 पुत्र छोटेलाल यादव निवासी परानू का पूरा थाना मऊ आइमा प्रयागराज को टप्पेबाजी के रुपयों के बंटवारे को लेकर बृजेश सिंह के घर पर इकट्ठा हुए और वहीं से विशेष टीम ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से टप्पेबाजी के 3 लाख 30 हजार,एक बाईक 6 फोन,पांच गड्डी नकली नोट 500 और 200 सौ के कुल 1294 नकली नोट 3 लाख 69 हजार 1 सौ,फर्जी सीबीआई इनकम टैक्स आईडी कार्ड,एक तमंचा दो जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बंध मे मुकदमा उपरोक्त में धारा 3(5), 338, 336(3),340(2),112, 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई और तमंचा कारतूस के सम्बंध मे बृजेश सिंह पर अलग से आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा बाईक को एमवी एक्ट मे सीज कर जिला कारागार भेज दिया गया है।

# शुक्लागंज से अटल घाट तक बनेगा गंगा पथ सड़क मार्ग और रिवर फ्रंट, तैयार होगी डी.पी.आर.

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** कानपुर के विकास को गति देने और वी.आई.पी. रोड पर बढ़ते यातायात दबाव को कम करने के उद्देश्य से एक महत्वाकांक्षी योजना तैयार की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत शुक्लागंज में प्रस्तावित नए सेतु को अटल घाट से जोड़ते हुए लगभग 9 किलोमीटर लंबा 4 लेन गंगा पथ सड़क मार्ग बनाया जाएगा। यह मार्ग पटना गंगा पथ की तर्ज पर रिवर फ्रंट से संयुक्त होगा। इस महत्त्वपूर्ण परियोजना की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डी.पी.आर.) तैयार करने के निर्देश सेतु निगम के अधिकारियों को मण्डलायुक्त के. विजयेंद्र पण्डियन द्वारा दिए गए हैं। आयुक्त ने बताया कि इस बहुउद्देशीय परियोजना के



अध्ययन हेतु समन्वयक नीरज श्रीवास्तव के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, सेतु निगम, के.डी.ए., तथा नगर निगम कानपुर के अधिकारियों की एक टीम ने हाल ही में पटना गंगा पथ रिवर फ्रंट परियोजना का भ्रमण किया। भ्रमण के उपरांत, समिति द्वारा कानपुर की परियोजना हेतु उपयुक्त संस्तुति तैयार कर एन.जी.टी. आदि के प्रविधानों के अनुसार एक प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

यह प्रस्ताव "विजन 2050" के अंतर्गत शासन को प्रेषित योजनाओं में सम्मिलित किया गया है। शासन द्वारा की जा रही समीक्षा के क्रम में अब इस परियोजना की डी.पी.आर. तैयार करने का दायित्व सेतु निगम को सौंपा गया है, जिसका समन्वय नीरज श्रीवास्तव करेंगे। डी.पी.आर. को जल्दी और सार्थक रूप में तैयार करने के लिए नीरज श्रीवास्तव, बिहार राज्य पथ विकास निगम और पटना गंगा पथ योजना के कंसल्टेंट्स से आवश्यक इनपुट प्राप्त करेंगे। यह परियोजना न केवल कानपुर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाएगी, बल्कि शहर के सौंदर्यीकरण एवं पर्यटन की दृष्टि से भी मील का पत्थर साबित होगी।

# डीएम ने राजकीय जिला पुस्तकालय का निरीक्षण कर पाठकों को प्रदत्त सुविधाओं की ली जानकारी

**●डीएम ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से वार्ता कर उनको सफलता के दिये मंत्र**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने राजकीय जिला पुस्तकालय प्रतापगढ़ का निरीक्षण कर पाठको को प्रदत्त सुविधाओं की जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने लगभग 30 मिनट प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से वार्ता कर उनको सफलता के मंत्र दिए। जिलाधिकारी ने



छात्र-छात्राओं को बताया कि एक समय में एक ही प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करें, अंग्रेजी के समाचार पत्रों में द हिन्दू और इंडियन एक्सप्रेस तथा हिंदी के समाचार पत्रों में अन्य समाचार पत्रों के साथ दैनिक भास्कर का भी अध्ययन करें। बेसिक तैयारी के लिए हाई स्कूल इंटरमीडिएट की एनसीईआरटी की किताबों का अध्ययन करें एवं एकाग्रता के साथ पढ़ना लिखना सुनना तथा ग्रुप डिस्कस करना शुरू करें, सिलेबस याद करें तथा विगत वर्षों के साल्व्ड पेपर हल करे, इससे सफलता अवश्य मिलेगी। जिलाधिकारी ने पुस्तकालय को और अधिक जनोपयोगी बनाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा एवं पुस्तकालयाध्यक्ष राजकीय जिला पुस्तकालय नसरत अली को भारतीय न्याय संहिता, दर्शनशात्र, प्रतियोगी परीक्षाओ (फ्रंटलाइन पत्रिका) की और अधिक पुस्तको को मंगाने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान पुस्तकालयाध्यक्ष राजकीय जिला नसरत अली, लाइब्रेरी को-आर्डीनेटर मो0 शोएब, कंप्यूटर ऑपरेटर राहुल पटेल, ऑफिस बॉय शैलेन्द्र कुमार सिंह, होम गार्ड मेवा लाल एवं राजकीय जिला पुस्तकालय में नियमित अध्यनरत सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सरकारी विभागों में समय से उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं अधिकारी

**●डीएम के निरीक्षण पर भी नहीं रह गया असर**

स्वतंत्र प्रभात



परियोजना निदेशक डीआरडीए की खाली कुर्सी



मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य नदारद



जिला कार्यक्रम अधिकारी की कुर्सी खाली



सहायक निबंधक सहकारिता की कुर्सी 10:40 बजे खाली

**प्रतापगढ़।** सरकार की नीति के क्रियान्वयन का सीधा दायित्व खास तौर पर विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत विशेषकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर निर्भर है। सरकार की छवि की तस्वीर खासतौर पर इन्हीं सरकारी अमलों के कंधों पर निर्भर है। विकास भवन प्रतापगढ़ में विकास विभाग, मत्स्य विभाग, आरईडी, आईसीडीएस, कृषि विभाग, पिछड़ा वर्ग, समाज कल्याण, एनआरएलएम, लघु सिंचाई जैसे कई विभागों के कार्यालय विभाग भवन में स्थित है। शुक्रवार को स्वतंत्र प्रभात संवाददाता द्वारा 10 बजे विकास भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों में विभागाध्यक्षों की उपस्थिति की बानगी लेने का प्रयास किया गया तो काफी विचित्र नज़ारा देखने को मिला। जानकारी करने पर पता लगा कि परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव को 10 बजे कार्यालय में देखने पर वह अपनी कुर्सी पर नहीं मिले। जबकि चर्चा है कि प्रायः वह कार्यालय समय से पहुंच जाते हैं। मत्स्य पालन विभाग में मुख्य कार्यकारी अधिकारी के कार्यालय का दरवाजा का ताला खुला था लेकिन दरवाजा बंद था यानि कि अधिकारी नहीं आ पाए थे और मत्स्य विकास अधिकारी भी गैर हाजिर मिली।कार्यालय के बगल दूसरे कमरे में केवल लिपिक मनीष मौजूद मिला। डीएम के निरीक्षण के दौरान भी ये दोनों अधिकारी गैर हाजिर थे।जिला विकास अधिकारी कार्यालय आ चुके थे। जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य कार्यालय नहीं आ पाई थी। जिला पंचायत राज अधिकारी श्री कांत दर्वे कार्यालय में उपस्थित व कार्य में व्यस्त दिखे।आशीष द्विवेदी जिला दिव्यांग जन शक्तिकरण अधिकारी के कार्यालय के बंद दरवाजे पर ताला लटकता मिला। ऐसे ही सहायक निबंधक सहकारिता देवेंद्र बर्मन 10.45 बजे अपनी कुर्सी पर विराजमान नहीं हो पाए थे।पता चला कि मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दिव्या मिश्रा अवकाश पर हैं। वैसे भी देखने में आता है कि सीडीओ के नहीं रहने पर प्रायः सभी कार्यालयों में रामराज्य चलता है।

बता दें कि जिला अधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने 04 अप्रैल को विकास भवन के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किए थे। तब कई विभागों के 14 कर्मचारी अनुपस्थित मिले थे।डीएम की चेतावनी व स्पष्टीकरण के बावजूद भी वहां ज्यादातर अधिकारियों की गतिविधियां अपने ढर्रे से चल रही हैं। सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की दशा अपनी गति से चल रही है।

# दो लाख की स्मैक के साथ तीन अंतर्जनपदीय गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** कोहंडौर थाना क्षेत्र टोल प्लाजा धरौली मधुपुर के पास से स्वाट टीम प्रभारी दिनेश सिंह मय हमराह ने मादक द्रव्य व्यसन तस्कर सरफराज अहमद पुत्र अली अहमद निवासी अजीज नगर नूरपुर बुतात थाना मुबारकपुर आजमगढ़,मो. तारिक पुत्र मो. आसिफ निवासी टिकरा थाना जैदपुर बाराबंकी, मो. इबरान पुत्र मो इश्तियाक निवासी बरौली मालिक थाना जैदपुर बाराबंकी के जामा तलाशी मे 167 ग्राम अवैध स्मैक और अर्टिगा कार के साथ गिरफ्तार किया गया।उक्त गिरफ्तारी बरामदगी के सम्बंध में थाना कोहड़ौर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

# संक्षिप्त खबरें

## पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने थाना संधारित विभिन्न रजिस्टर थाने पर रखे बलवा ड्रिल सामग्रियो का निरीक्षण किया



**शहडोल-** पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने थाना ब्यौहारी के हवालात, मालखाना, रिकॉर्ड रूम, सी.सी.टी.वी, संधारित विभिन्न रजिस्टर, थाने पर रखे बलवा ड्रिल सामग्रियो का निरीक्षण किया तथा उनके संबंध में जानकारी ली। उन्होंने पुलिस अधिकारियो को निर्देश दिए कि थाना में आने वाले लोगो को किसी भी प्रकार की समस्या न हो तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहे।

## दिव्यांगों का ई अनुदान का पुराना पोर्टल किया बंद

### भारत सरकार ने जारी किया नया पोर्टल

**मथुरा।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विशाल कुमार ने जनपद मथुरा में पंजीकृत स्वैच्छिक संस्थाओं को सूचित किया है कि निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ.प्र. लखनऊ द्वारा दीनदयाल दिव्यांगजन पुनर्वास योजना और जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केन्द्र योजना हेतु निर्मित ई अनुदान पोर्टल (जीआरएएनटीएस-एमएसजेई. जीओवी. इन) को बन्द कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने विशेष रूप से दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) की योजनाओं के लिए ई अनुदान पोर्टल का एक समर्पित और स्वतंत्र उदाहरण नवीन पोर्टल के अतिरिक्त पूर्व पोर्टल से संबंधित डाटा को नए पोर्टल पर स्थानांतरित कर दिया गया है। किसी भी कठिनाई या तकनीकी सहायता के लिए ई मेल एचईआईपी. जीआरएएनटीएस. डीईपीडब्ल्यूडी, जीओवी. इन तथा टेलीफोन नम्बर 011-24360310 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## कार सवारों ने मारी युवक में गोली, हालत गंभीर

**मथुरा।** थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत कार सवार लोगों ने युवक में गोली मार दी। गोली युवक के सीने से नीचे लगते हुए पार हो गई। गंभीर हालत में परिजन ने युवक को अस्पताल भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल युवक के भाई ने गांव निवासी तीन लोगों पर कहासुनी के बाद गोली मारने का आरोप लगाया है। थाना जैंत क्षेत्र के गांव चौमुहां निवासी नरेश सिसौदिया ने बताया कि उसका भाई विक्रम उर्फ विक्की शाम के समय हाईवे को तरफ पैदल घूमने गया था। दिन में ही गांव निवासी युवक से उसकी किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। रात्रि करीब 9 बजे कार सवार लोगों ने उसके ऊपर गोली चला दी। जो कि उसके सीने से नीचे लगकर पार हो गई। गोली की सूचना पर पहुंचे परिजन ने आनन फानन में उसे इलाज के लिए अस्पताल भर्ती कराया। घायल के बड़े भाई नरेश ने गांव निवासी तीन लोगों पर गोली मारने का आरोप लगाया है। सीओ सदर संदीप कुमार ने बताया युवक के गोली लगकर पार हो गई थी। जिसका इलाज चल रहा है। अन्य जानकारियां की जा रही हैं।

## नारी महिमा पर भागवत कथा 25 से

### श्रीजी बाबा सरस्वती शिशु मंदिर में कथा सुनाएंगे रमाकांत गोस्वामी

**मथुरा।** श्रीजी बाबा सरस्वत विद्या मंदिर बालिका विभाग गोवर्धन रोड पर श्रीमद्भागवत नारी महिमा गाथा कथा आयोजन 25 से 31 जुलाई तक सायं 3 से 6 बजे तक होगा। इसमें प्रसिद्ध भागवत वक्ता रमाकांत गोस्वामी द्वारा अपने सुमधुर वाणी से कथा वर्णन करके श्रोताओं को लाभांवित करेंगे। इसके मुख्य यजमान श्रीमती ऊषा ओमप्रकाश बंसल हैं। प्रथम दिवस श्रीमद्भागवत महात्म, भक्तिमति मीरा चरित्र, प्रथम स्कंध की कथा, द्वितीय दिवस द्वितीय एवं तृतीय स्कंध की कथा, भक्तमाल में नारी की महिमा, सनातन धर्म का परिवार वर्णन, गौरी शंकर कथा, तृतीय दिवस चतुर्थ स्कंध कथा, पुराणों में नारी महिमा, पष्टम स्कंध में प्रह्लाद चरित्र, श्री नृसिंह अवतार, चतुर्थ दिवस धर्म पंचाध्यायी, अष्टम स्कंध, रामायण में नारी की महिमा, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, पंचम दिवस श्रीकृष्ण की बाललीला, ब्रज की नारी की महिमा, गोवर्धन लीला, षष्टम दिवस महारास- गोपी प्रेम की ध्वजा, कंस वध, उद्धव गोपी संवाद, श्रीमद्भागवत में नारी की महिमा, रूकमणी विवाह और सप्तम दिवस द्वारिका प्रसंग, सुदामा चरित्र, इतिहास में नारी की महिमा, एकादश एवं द्वादश स्कंध की कथा का श्रवण का मौका मिलेगा। इस दौरान विशिष्ट नारियों का सम्मान मंच से किया जाएगा। उन्होंने भक्तों से कथा श्रवण का लाभ उठाने का अनुरोध किया है।

# तस्करीः नेपाल बॉर्डर से आई अफीम, चरस की भी खेप पकडी

- दो गिरफ्तार, हरियाणा के कुरुक्षेत्र पहुंचाने का था जिम्मा

### अफीम की अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रूपये है

स्वतंत्र प्रभात



मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार अभियुक्त पुलिस हिरासत में।

**मथुरा।** नेपाल बार्डर से तस्करी कर लाई गयी अफीम, चरस की भी खेप को मथुरा पुलिस ने पकड़ी है। पकड़ी गई अफीम की अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रूपये है। थाना जैंत पुलिस व एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स आगरा जोन की संयुक्त टीम ने नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले दो अभियुक्तों को तीन किलो अफीम, सौ ग्राम चरस व एक सियाज कार नंबर एचआर 07 वी 1801 सहित गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष उमेश चंद त्रिपाठी ने बताया कि थाना जैंत पुलिस एवं एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स आगरा जोन आगरा की संयुक्त कार्रवाई में सूचना पर चेकिंग के दौरान रात के समय नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले दो अभियुक्तों को दबोचा गया है। उनसे तीन किलो अफीम जिसकी कीमत करीब तीस लाख रुपये, सौ ग्राम चरस तथा एक कार बरामद हुई है। तस्करों ने पुलिस को पूछताछ के दौरान अपने नाम गुरुमैल सिंह निवासी ग्राम सोंटी थाना लाडवा जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा व सुल्तान सिंह निवासी जोगना खेड़ा थाना जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा बताया है।

पूछताछ में बताया कि उन्होंने 2015 में बरेली लखनऊ हाईवे पर फरीदपुर में गुरुनानक ढाबा नाम से एक होटल खोला था। जहां ट्रक ड्राइवर उनसे अफीम व डोडा की मांग करते थे। इसी दौरान एक ट्रक ड्राइवर के माध्यम से करन नामक व्यक्ति से मुलाकात हुई। वो इंफाल का रहने वाला था। जिसके माध्यम से अफीम के कारोबार मे जुड़ गए। उसके साथ कई और लोग भी जुड़ गए थे।

अफीम की तस्करी करते समय गुवाहाटी में पकड़े गए। फिर एक महिला साथी सलोनी के जरिए काम शुरू किया। अब 17 जुलाई को अपने साथी के साथ नेपाल बार्डर श्रावस्ती से अफीम लेकर कुरुक्षेत्र जा रहा थे। तभी पुलिस ने दबोच लिया। इन पर एनडीपीएस एक्ट में जीआरपी गुवाहाटी असम, लाडवा थाना कुरुक्षेत्र में पहले भी मुकदमे दर्ज हैं।

## धौली प्याऊ की सफाई व्यवस्था का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

- वार्ड 41 में 6 कर्मचारी मिले अनुपस्थित, उपस्थिति रजिस्टर पर मिली ओवरराइटिंग

### सफाई पर्यवेक्षक को जारी किया नोटिस, मांगा स्पष्टीकरण

स्वतंत्र प्रभात


नगर आयुक्त जग प्रवेश के आकस्मिक निरीक्षण करते हुए।

**मथुरा।** नगर आयुक्त जग प्रवेश के आकस्मिक निरीक्षण में सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति का फर्जीवाड़ा सामने आया है। वार्ड 41 में उपस्थिति पंजिका में अनियमितताएँ पाई गई जिसमें ओवरराइटिंग की गई थी। इस पर नोटिस जारी किया गया है। नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा महानगर में सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से नियमित निरीक्षण किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर आयुक्त ने वार्ड संख्या 41 धौली प्याऊ का औचक स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान वार्ड की सफाई व्यवस्था का गहन अवलोकन किया गया, साथ ही उपस्थित पंजिका की भी जांच की गई। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका में अनियमितताएँ पाई गई।

सफाई पर्यवेक्षक द्वारा उपस्थिति विवरण में गड़बड़ी एवं ओवरराइटिंग की गई थी, जिससे स्पष्ट हो रहा था कि कर्मचारियों की वास्तविक उपस्थिति के साथ छेड़छाड़ की गई है। इसको गंभीरता से लेते हुए नगर आयुक्त ने संबंधित सफाई पर्यवेक्षक को नोटिस जारी करने के निर्देश नगर स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। इसके अतिरिक्त छह कर्मचारी मौके पर अनुपस्थित पाए गए जिस पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी को विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश प्रदान किए गए। नगर आयुक्त ने यह भी निर्देशित किया कि नगर स्वास्थ्य अधिकारी व सफाई निरीक्षक प्रातःकाल क्षेत्र में नियमित रूप से उपस्थित रहें ताकि सफाई व्यवस्था की उचित निगरानी हो सके और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। निरीक्षण के दौरान डॉ गोपाल बाबू गर्ग नगर स्वास्थ्य अधिकारी, सफाई निरीक्षक विपिन कुमार, नेचर ग्रीन कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित रहे।

## स्ट्रीट स्कूल के बच्चों संग मनाया सेवा उत्सव

- लायंस क्लब ने बांटी खाद्य सामग्री एवं स्टेशनरी

स्वतंत्र प्रभात


स्ट्रीट स्कूल के बच्चों संग लायंस क्लब के पदाधिकारी।

**मथुरा।** एसएफ हेल्पिंग हैंड्स सोसाइटी के स्ट्रीट स्कूल में लायंस क्लब के सहयोग से एक प्रेरणास्पद सेवा उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों को खाद्य सामग्री, स्टेशनरी किट और जल की बोतलें वितरित की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत वृक्षारोपण से हुई। मुख्य अतिथि डॉ. रूपा ने बच्चों के साथ मिलकर पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि प्रकृति की रक्षा हमारी जिम्मेदारी है। बच्चों को बचपन से ही पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर दिशा इंस्टीट्यूट की डायरेक्टर और एसएफ एनजीओ की अध्यक्ष शिखा बंसल ने बताया इस आयोजन का उद्देश्य सिर्फ सामग्री वितरण नहीं, बल्कि बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाना और उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना जागृत करना है। लायंस क्लब की ओर से अंकिता अग्रवाल ने कहा कि हम भविष्य में भी एसएफ एनजीओ के साथ मिलकर ऐसे सामाजिक कार्यक्रम करते रहेंगे। इस आयोजन में अंकिता शर्मा, आंचल, राधिका, सविता, पियूष बंसल, तुषार बंसल, राजन गुप्ता, यश्मीत, कृतिका, गुनगुन, कृष्णा, उल्का सहित कई स्वयंसेवकों और समाजसेवियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री कल मथुरा में रहेंगे

- नगर विकास एवं विद्युत सुधार के करोड़ों के कार्यों का करेंगे लोकार्पण

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन मंत्री एके शर्मा 19 जुलाई को मथुरा आएंगे। इस दौरान वे जनपद वासियों को नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं नई योजनाओं का शिलान्यास करके तोहफा देंगे। उस दिन नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा यहां अपने कार्यक्रमों की शुरुआत पूर्वाह्न 11. 30 बजे श्री बांके बिहारी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना एवं बांके बिहारी जी के दर्शन करेंगे। वहां से 12. 15 बजे वृंदावन स्थित पागलबाबा विद्युत उप केन्द्र का लोकार्पण, एक बजे तुलसी तपोवन गौशाला मावली वृंदावन में विश्व जागरण मानव सेवा संघ द्वारा आयोजित गो महोत्सव कार्यक्रम में सहभागिता करेंगेञ जहां से 1.45 बजे रिफाइनरी गेस्ट हाउस के लिए प्रस्थान करेंगे।

अपराह्न 3 बजे पांचजन्य ऑडिटोरियम डेम्पियर नगर में नगर विकास एवं विद्युत विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नगर विकास एवं विद्युत विभाग की पूरी हो चुकी विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं नई योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। जहां से वे नंदगांव मंदिर के दर्शन करेंगे। वहां से वे नोएडा के लिए प्रस्थान करेंगे। भाजपा के मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी एवं श्याम शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा सभी मण्डल अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी मण्डल कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों एवं क्षेत्र के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम में सामूहिक रूप से भाग लेने का अनुरोध किया है। यह आयोजन मथुरा नगर के विकास कार्यों की उपलब्धियों को जनता के समक्ष प्रस्तुत करने तथा भावी योजनाओं की जानकारी साझा करने का अवसर होगा। भाजपा मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों व मीडियाकर्मियों की उपस्थिति अपेक्षित है।

## एआरपी एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** एकेडमिक रिसोर्स पर्सस उत्तर प्रदेश के जिला कार्यकारिणी का गठन सभी नवनियुक्त एआरपी की उपस्थिति में बृहस्पतिवार को डायट बांसी में हुई बैठक में किया गया। चुनाव अधिकारी के रूप में एआरपी एसोसिएशन के पूर्व जिलाध्यक्ष और वर्तमान में अखिल भारतीय राष्ट्रीय स्नातक संघ सिद्धार्थनगर के जिलाध्यक्ष हरिमोहन सिंह और पूर्व कोषाध्यक्ष मुस्तन शेरुल्लाह के देखरेख में सर्व सम्मति से सत्येंद्र बहादुर सिंह को जिला अध्यक्ष, अनंतदीप यादव को जिला महामंत्री और उत्कर्ष श्रीवास्तव को जिला कोषाध्यक्ष चुना गया। सभी का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। नव चयनित पदाधिकारियों को चुनाव अधिकारी द्वारा पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई और जिला कार्यकारिणी के शेष पदों के चुनाव के लिए इन्हें सर्वसम्मति से अधिकृत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए हरिमोहन सिंह ने कहा कि किसी संघ, संगठन का उद्देश्य उसके सदस्यों का हित में संघर्ष करना है। एआरपी एसोसिएशन सिद्धार्थनगर द्वारा पूर्व के सभी एआरपी साथियों का मान सम्मान की सुरक्षा की गई और हित के लिए संघर्ष किया गया। उम्मीद है कि एसोसिशन के नए पदाधिकारी भी अपने सदस्यों के साथ खड़े रहेंगे। मुस्तन शेरुल्लाह ने नई कार्यकारिणी को एआरपी, शिक्षक हित में कार्य करने का सुझाव दी।



एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि एआरपी समूह ने जिस विश्वास के साथ उनका चयन किया है वह उस पर खरा उतरेंगे। इस दौरान रूपेश सिंह, कृष्ण मिश्रा, शिवम पाठक, संजय कर पाठक, जेपी गुप्ता, संगीत शुक्ला, प्रशांत सिंह, रितेश सिंह, मारुति नन्दन, गिरीश राय, मृत्युंजय, अनिरुद्ध मौर्य, बालगोविंद, अरविंद आर्या, पीके श्रीवास्तव, इश्तियाक, गणेश पाठक, संदीप द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## मेरे द्वारा मंच पर बैठे बैठे ही महाविद्यालय के लिए मांग रखने पर त्वरित आश्वासन दिया



**बुढार शहडोल** सरल सहज व्यक्तित्व की धनी, समाज सेवा में अग्रणी रहने वाली, महिला नेत्री नगर परिषद बुढार की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी द्वारा उदारता दिखाते हुए छात्र-छात्राओं को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता हेतु एक वाटर कूलर प्रदान किया गया! महाविद्यालय परिवार द्वारा उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया गया! इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गंगा मिश्रा, जनभागीदारी अध्यक्ष नीलेश जैन, वरिष्ठ प्राध्यापक् डॉ एके उपाध्याय, डॉ राधेश्याम नापित, डॉ अनूप सेन, डॉ मनोज कुजूर, डॉ एन मानिकपुरी, आशु तिवारी, संजय नैनानी, काजल सरावगी उपस्थित रहे!

## कार से बरामद की तीन लाख की शराब

स्वतंत्र प्रभात


शराब की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार अभियुक्त पुलिस हिरासत में।

**मथुरा।** थाना कोसीकलां पुलिस ने दो अन्तर्राज्यीय शराब तस्करों को करीब तीन लाख रूपये कीमत की 14 पेटी अंग्रेजी शराब हरियाणा मार्का, दो एन्ड्रायड मोबाइल व तस्करी में प्रयुक्त अर्टिगा कार रजिस्ट्रेशन यूपी 32 एमजेड 2619 सहित गिरफ्तार किया है।

थाना कोसीकलां पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान शुक्रवार को चौकी कोटवन बैरियर के पास दिल्ली आगरा की तरफ एनएच 19 हाईवे थाना थाना कोसीकला से रवि पुत्र शोभरन लाल निवासी नई बस्ती मेगलगंज थाना मेगलगंज जनपद लखीमपुर खीरी व राहुल पुत्र छोटे लाल निवासी त्रिवेणी नगर तृतीय थाना अलीगंज जनपद लखनऊ को 5 पेटी रेड लेवल (60 बोतल), 4 पेटी आर एस (48 बोतल) जिसमें प्रत्येक बोतल पर रायल स्टेज फॉर सेल इन हरियाणा लिखा है, 3 पेटी बेलेन्टाइन (36 बोतल) जिसमें प्रत्येक बोतल पर बलैण्डेड स्कौच व्हिस्की, 2 पेटी एब्सोल्युट वोदका (24 बोतल) कुल 14 पेटी (168 बोतल) अबैध अंग्रेजी शराब हरियाणा मार्का, दो एण्ड्रायड फोन (वीवो रंग पीला व ओप्पो रंग नीला) व तस्करी में प्रयुक्त वाहन कार अर्टिगा सफेद रंग की सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण उपरोक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर अभियोंग पंजीकृत कर थाना कोसीकलां से विधिक कार्यवाही की गई।

## औपचारिक रूप से क्षेत्रीय पंचायत की अध्यक्ष रुपा हरिजन और उपाध्यक्ष सुप्ता दे के शपथ ग्रहण में भाजपा के अधिकारियों ने पटाखे फोड़कर खुशी का आनंद मनाया

- रूपा हरिजन द्वारा विधायक विजय मालाकार के प्रति धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

स्वतंत्र प्रभात





**श्रीभूमि-** श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा विकास खंड के कुल 11 निर्वाचित क्षेत्रीय पंचायत सदस्यों के साथ बैठक कर अंतिम निर्णय लेने के बाद आज 18 जुलाई (शुक्रवार) को औपचारिक रूप से दुल्लभछड़ा विकास खंड कार्यालय के प्रांगण में एक औपचारिक बैठक में श्रीभूमि जिले के असिस्टेंट कमिश्नर प्रियंका यणम और दूल्लभछड़ा बीडीओ अधिकारी दीप्त कांत चामुआ के सामने शपथ पाठ पढ़कर अपनी जिम्मेदारी ग्रहण की रुपा हरिजन और सुप्ता दे। दुल्लभछड़ा विकास खंड की क्षेत्रीय पंचायत की अध्यक्ष रुपा हरिजन और उपाध्यक्ष सुप्ता दे ने जिम्मेदारी के साथ काम करने का आश्वासन दिया। इस पर भाजपा पार्टी के कर्मकर्ता खुशी से झूम उठे और पटाखे फोड़कर खुशी का आनंद मनाया। टीम के वरिष्ठ कार्यकर्ता उमा शंकर बानिया, दुल्लभछड़ा मंडल अध्यक्ष चंदन भर, दुल्लभछड़ा जिला परिषद के सदस्य प्रणब मूर्खजी, लालछड़ा जीपी के अध्यक्ष संजय गोस्वामी, सभा के संचालन में हेमचंद्र चाट्टाजी, श्यामकुमार सिन्हा और बीजेपी पार्टी के सभी नव-निर्वाचित आंचलिक पंचायत सदस्य (रंगपुर) जीपी के स्नेहमय रियांग, (चेरागी) पूर्णिमा दास, (पाठाखाउरी) अबिदा सुल्ताना, (लालछड़ा) मतिलाल राय, (सिंगलाछड़ा) अजय कानू, (भेटारबंद) सुप्ता दे, (दुल्लभछड़ा) रूपा हरिजन, (दरगारबंद) जीपी के सुरेंद्र सिन्हा, (विद्यानगर) जीपी की गीता राय, (पातियाला) शहनारा बेगम (राताबाड़ी) जमिला नासरिन चौधरी समेत कई प्रमुख व्यक्ति मौजूद थे। रूपा हरिजन ने दुल्लभछड़ा आंचलिक पंचायत के दो बार अध्यक्ष पद पर चयनित होकर कहा कि दुल्लभछड़ा विकास खंड के क्षेत्र में विकास और विकासात्मक कार्य करवाने की दिशा में ध्यान रखते हुए विकासात्मक कार्य करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी ने जो विश्वास और आस्था हमें दी है, उस विश्वास को बनाए रखने का प्रयास करूंगी। और हमारे रामकृष्णनगर के लोकप्रिय विधायक विजय मालाकार, सहित शासक दल के कार्यकर्ताओं और विकास खंड के अधिकारियों के प्रति धन्यवाद और आभार प्रकट किया। उस दिन की शपथ ग्रहण समारोह में झुमुर नृत्य, विष्णुप्रिय मणिपुरी समुदाय का मृदंग नृत्य और देशभक्ति संगीत का आयोजन किया गया।

## भाजपा ईडी, इनकम टैक्स और सीबीआई का दिखाती है डरः आराधना मिश्रा

- कांग्रेस सीएलपी लीडर आराधना मिश्रा ने शुक्रवार को बांकेबिहारी मंदिर के किये दर्शन

स्वतंत्र प्रभात




कांग्रेस सीएलपी लीडर आराधना मिश्रा के साथ पूर्व विधायक प्रदीप माथुर।

**मथुरा।** कांग्रेस सीएलपी लीडर आराधना मिश्रा ने शुक्रवार को बांके बिहारी मंदिर दर्शन करने सपरिवार वृंदावन पहुंची। यहां उन्हें मंदिर सेवायत गोस्वामी के द्वारा पटका व प्रसादी भेंट की गई। आराधना मिश्रा के साथ पूर्व सीएलपी लीडर प्रदीप माथुर भी मौजूद थे। कॉरिडोर मुद्दे को लेकर लगातार आंदोलित गोस्वामी समाज की महिलाओं से भी उन्होंने वार्ता की। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कॉरिडोर के मुद्दे पर कहा कि विकास होना चाहिए लेकिन बीजेपी दर्शनार्थियों के नाम पर शोषण कर रही है वो गलत है। अयोध्या में कॉरिडोर के नाम पर व्यवसाईयों के साथ अन्याय हुआ है। जिन लोगों के मकान दुकान उजडे उन्हें बाहर आवास और दुकान दिये गये हैं। उनके साथ अन्याय हुआ।

वृंदावन की जनता के साथ यह अन्याय नहीं होगा कांग्रेस का कॉरिडोर को लेकर रूख तटस्थ है। आगे उन्होंने कहा कि गांधी परिवार को बार बार ईडी के दफ्तर बुलाया जाता है। अगर उनके खिलाफ कोई साक्ष्य होते तो अब तक भाजपा उन्हें जेल भेज देती क्योंकि बीजेपी गांधी परिवार की छवि को खराब करना चाहती है। क्योंकि भाजपा की बी टीम में सीबीआई ईडी और इनकम टैक्स शामिल है जो जनता जानती है।

## गंगा-जमुनी तहजीब को नफरत की राजनीति से मिटाना चाहती है मौजूदा सरकार- कुशल तिवारी

- बिना नोटिस के मज़ार ढहाया जंगल राज का जीता जागता उदाहरण

### डुमरियागंज में फागू शाह मजार को ढहाने सपा करेगी जनआंदोलन

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र के चौखड़ा स्थित बदलिया में सैकड़ों वर्ष पुराने फागू शाह मजार को प्रशासन द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के ध्वस्त किए जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। समाजवादी पार्टी ने इस घटना को जंगल राज का जीता जागता उदाहरण बताते हुए मौजूदा सरकार पर गंगा जमुना तहजीब को नफरत की राजनीति से मिटाने का आरोप लगाया है। सपा ने इस कार्रवाई के खिलाफ सड़क पर उतरकर जनआंदोलन करने की चेतावनी दी है। पूर्व सांसद कुशल तिवारी ने नगर पंचायत डुमरियागंज के बैदौला चौराहे स्थित समाजवादी नेता डॉ. मोहम्मद वासिफ के कार्यालय पर आयोजित एक प्रेस वार्ता में प्रशासन की इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि फागू शाह मजार सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक था, जहां हिंदू और मुस्लिम दोनों धर्मों के लोग मन्नतें मांगने आते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने बिना किसी शिकायत या उचित प्रक्रिया का पालन किए, रातों-रात पूरे जिले की फोर्स लगाकर मजार को ध्वस्त कर दिया।




तिवारी ने बताया कि ढहाए गए मजार के बगल में विधायक निधि से अधिकारियों ने रैन बसेरा बनवाया था, जिसे प्रशासन ने पशुचर कहकर गिरा दिया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब यह स्थल स्वतंत्रता पूर्व से मजार के रूप में निर्मित था, तो उसे पशुचर कैसे बताया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्रवाई से गुरुवार को लगने वाले मेले में दर्जनों दुकानदारों की रोजी-रोटी छिन गई है।कुशल तिवारी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार विकास की जगह केवल धर्म विशेष के धार्मिक स्थलों को निशाना बनाकर प्रदेश को विकास की मुख्य धारा से दूर कर रही है। उन्होंने प्रशासन से यह स्पष्ट करने की मांग की कि आखिर किस परिस्थिति में लोगों की भावनाओं के साथ यह खिलवाड़ किया गया।

सपा नेता ने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ने इस मामले पर स्पष्टीकरण नहीं दिया और प्रभावित लोगों के लिए उचित कदम नहीं उठाए, तो सपा इसे कत्तई सहन नहीं करेगी और सड़क पर उतरकर जोरदार विरोध प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, यह लड़ाई जुल्म के खिलाफ होगी और हम भाजपा सरकार के नापाक मंसूबों को कामयाब नहीं होने देंगे। इस दौरान घिसियावन यादव, विजय अग्रहरि, अफजाल, अमरजीत, प्रवेश, दानिश सहित कई अन्य समाजवादी नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।